CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 3 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 322 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 10°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हेराल्ड मामले में साजिश के तहत नई प्राथमिकी दायर : खड़गे पेज 2



आईपीएल 2026 की नीलामी में शामिल नहीं होंगे मैक्सवेल और मोइन अली खेल टाइम्स



अब गेहूं खुद अपना उर्वरक बना सकेगा! सम्पादकीय




पाक के लिए भारत ने इंसानियत के नाते एयरस्पेस खोला पेज 12

## योगी कैबिनेट की बैठक में 20 प्रस्तावों को हरी झंडी

# उप्र में विकास के एजेंडे को मिलेगी रफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो



- पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नई नियमावली मंजूर, अयोध्या में मंदिर संग्रहालय को भी स्वीकृति
- प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर डीडीआरसी की स्थापना के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास से जुड़े 20 प्रस्तावों को हरी झंडी मिल गई। इस बैठक में जहां पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नई नियमावली को मंजूरी दी गई, वहीं अयोध्या में मंदिर संग्रहालय को हरी झंडी मिल गई है।

उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने लोकभवन में पत्रकारों को बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ पर्यटन सेवा नियमावली, 2025 को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। श्री खन्ना ने बताया कि इस निर्णय से पर्यटन विभाग की प्रशासनिक संरचना मजबूत होगी और राज्य में पर्यटन गतिविधियों को तेजी से बढ़ावा मिलेगा। प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर 'जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र' (डीडीआरसी) की स्थापना के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। श्री खन्ना ने बताया कि कैबिनेट में 20 प्रस्ताव लाए गए थे। इनमें से स्वास्थ्य विभाग से जुड़े एक प्रस्ताव को छोड़कर सभी पास हो गए। एक प्रस्ताव अलग से बैठक में शामिल किया गया था। उन्होंने बताया कि अयोध्या में एक अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहालय का निर्माण होगा। उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली-2022 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। इसके तहत, सरकारी नौकरी कर रहे खिलाड़ियों के राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण शिविरों में -शेष पृष्ठ दो पर




नई दिल्ली: एसआईआर के विरोध में संसद भवन में प्रदर्शन करते सोनिया गांधी, राहुल, प्रियंका गांधी व अन्य।

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी की 900 करोड़ के हवाला नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार सुबह एक चार्टर्ड अकाउंटेंट और कथित हवाला ऑपरेटर, उसके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों से जुड़े कई ठिकानों पर रांची, मुंबई और सूरत में एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन से संबंधित 900 करोड़ से अधिक के संदिग्ध हवाला नेटवर्क से जुड़ा एक मामले का हिस्सा है। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फेमा की धारा 37 के तहत अधिकृत यह तलाशी अभियान रांची स्थित सीए और इस नेटवर्क का कथित सरगना नरेश कुमार केजरीवाल के यहां और उसके रिश्तेदारों और सहयोगियों के ठिकानों पर चलाया जा रहा है। ईडी का यह मामला आयकर विभाग की जांच पर आधारित है। अधिकारी ने कहा कि जांच तब शुरू हुई जब आयकर विभाग के जानकारी मिली कि केजरीवाल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नाइजीरिया और अमेरिका में अघोषित विदेशी शेल संस्थाओं को नियंत्रित करता है।

### प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम अब सेवा तीर्थ

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का नाम बदलकर सेवा तीर्थ कर दिया है। देश भर के राज्य भवन का नाम अब लोक भवन होगा। इसके अलावा केंद्रीय सचिवालय को कर्तव्य भवन के नाम से जाना जाएगा। पीएमओ के अफसरों ने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों में बड़ा बदलाव हो रहा है। सत्ता से सेवा की ओर बढ़ रहे हैं। ये बदलाव प्रशासनिक नहीं, सांस्कृतिक है। इससे पहले केंद्र सरकार ने राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ किया था। पीएम का आधिकारिक निवास भी रेस कोर्स रोड कहलाता था, जिसे 2016 में बदलकर लोक कल्याण मार्ग किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल राज्यपालों के सम्मेलन में हुई एक चर्चा का हवाला देते हुए कहा कि राज भवन नाम औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। इसलिए राज्यपालों और उप-राज्यपालों के कार्यालयों को अब लोक भवन और लोक निवास के नाम से जाना जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दफ्तर (पीएमओ) अब 78 साल पुराने साउथ ब्लाक से निकलकर सेवा तीर्थ नाम वाले नए एडवांस कैंपस में शिफ्ट होने जा रहा है।

# क्या रोहिंग्या शरणार्थी घोषित हुए हैं उनके लिए रेड कार्पेट लगाई जाए

## सुप्रीम कोर्ट ने किया तीखा सवाल: अगर कोई घुसपैठी है, तो क्या हमें उसे यहां रखने का दायित्व है

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहा: हमारे देश में भी गरीब लोग हैं, नागरिक हैं क्या वे सुविधाओं और लाभों के हकदार नहीं

**नई दिल्ली।** रोहिंग्या मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट तीखे सवाल किए हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने पूछा कि क्या भारत सरकार ने कोई ऐसा आदेश जारी किया है, जिसमें रोहिंग्याओं को 'शरणार्थी' घोषित किया गया हो? अगर कोई घुसपैठी है तो क्या हमें उसे यहां रखने का दायित्व है? अगर कोई घुसपैठिया आता है तो क्या हम उनके लिए लाल कॉर्पेट बिछाकर स्वागत करें? हमारे देश में भी गरीब लोग हैं, नागरिक हैं। क्या वे सुविधाओं और लाभों के हकदार नहीं? याची का कहना था कि रोहिंग्या को हिरासत से गायब किया गया है, जबकि उनका डिपोर्टेशन तय प्रक्रिया के अनुसार होना चाहिए।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जायमाल्या बागची की बेंच के सामने एक हैबियस कॉर्पस यानी बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट दाखिल की गई थी। इस रिट में रोहिंग्या लोगों की कथित हिरासत से गायब होने की बात कही गई है और अदालत से गुहार लगाई गई है कि किसी भी डिपोर्टेशन की कार्रवाई कानून द्वारा तय प्रक्रिया के मुताबिक होना चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि मई में दिल्ली पुलिस ने कुछ रोहिंग्याओं को उठा लिया था और उनके ठिकाने के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने सवाल किया कि भारत सरकार का वह आदेश कहां है जिसमें उन्हें (रोहिंग्याओं को) शरणार्थी घोषित किया गया है? 'शरणार्थी' एक कानूनी रूप से परिभाषित शब्द है और सरकार द्वारा अधिकृत अथॉरिटी ही इसे घोषित कर सकता है। यदि किसी व्यक्ति की शरणार्थी के रूप में कोई कानूनी स्थिति नहीं है और वह घुसपैठिया है तथा अवैध रूप से प्रवेश करता है, तो क्या हमें उसे यहां रखने का दायित्व है? इस दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता रोहिंग्याओं के लिए किसी शरणार्थी दर्जे की मांग नहीं कर रहा है और न ही वह उनके डिपोर्टेशन -शेष पृष्ठ दो पर

### केरल में SIR की डेडलाइन बढ़ाने पर सोचे ईसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केरल में एसआईआर की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया की याचिका पर सुनवाई की। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने कहा कि राज्य में चल रहे एसआईआर के तहत एन्यूमरेशन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 11 दिसम्बर है। चुनाव आयोग इसे एक हफ्ता बढ़ाने पर विचार करे। क्योंकि राज्य में 9 और 11 दिसम्बर को स्थानीय निकाय चुनाव हैं, वोटों की गिनती 13 दिसम्बर को होगी। 1.76 लाख सरकारी कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में लगे हैं, जिनके लिए 11 दिसम्बर तक फार्म जमा करना मुश्किल हो सकता है। कोर्ट ने केरल सरकार और याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे 3 दिसम्बर की शाम 5 बजे तक चुनाव आयोग से औपचारिक अनुरोध करें। कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा है कि वह इन अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक और व्यक्तिगत तरीके से विचार करे और दो दिनों में निर्णय ले।

# एसआईआर पर लोकसभा में नौ दिसम्बर को होगी चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सरकार ने फौरन बहस के लिए अड़े विपक्ष को मनाया
- आठ दिसम्बर को वंदे मातरम् पर चर्चा

**नई दिल्ली।** चुनाव सुधार यानी एसआईआर पर लोकसभा में 9 दिसम्बर को चर्चा होगी। संसद में दो दिन से फौरन चर्चा पर अड़ा विपक्ष बहस के लिए मान गया है। मंगलवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता के. सुरेश ने बताया, 9 दिसम्बर को इलेक्टोरल रिफार्म्स यानी चुनावी सुधारों पर 10 घंटे बहस होगी।

साथ ही उन्होंने कहा- एक दिन पहले 8 दिसम्बर को वंदे मातरम् पर चर्चा होगी। इसके लिए भी 10 घंटे का समय तय किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहस की शुरुआत करेंगे। वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर सरकार सदन में इस पर चर्चा करा रही है। शीतकालीन सत्र के पहले दो दिन हंगामे की वजह से सदन का कामकाज प्रभावित हुआ। विपक्ष एसआईआर और वोट चोरी के आरोप पर फौरन चर्चा की मांग पर अड़ा था।

### विपक्षी दलों ने किया संसद भवन में जोरदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले यहां भवन परिसर के मकर द्वार के बाहर जबरदस्त प्रदर्शन किया, जिसमें कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, द्रमुक के टीआर बालू सहित संसद के दोनों सदनों के कई सांसदों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन में श्रीमती गांधी व राहुल गांधी, गौरव गोगोई, केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी, टीआर बालू सहित कई अन्य नेताओं ने हिस्सा लिया।

# ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी : नौसेना प्रमुख

- अरब सागर में लगातार ऑपरेशन चल रहे, पाकिस्तान को आर्थिक नुकसान हुआ: दिनेश के. त्रिपाठी

**नई दिल्ली।** नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। मई 2025 में शुरू हुए इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय नौसेना ने पाकिस्तानी नेवी के खिलाफ मजबूत तैनाती की।

इसके कारण पाकिस्तान नौसेना अपने जहाज बंदरगाहों से बाहर नहीं निकाल सकी और अरब सागर के पास मकरान तट तक ही सीमित होकर रह गई। नेवी चीफ ने कहा कि बीते 7-8 महीने से पश्चिमी अरब सागर में हमारे ऑपरेशन लगातार जारी हैं। इसके चलते पाकिस्तान की ओर जाने वाले व्यापारी जहाजों के रूट कम हुए हैं। उनकी बीमा राशि महंगी हुई है।

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ सहयोग करेगा रूस: पेस्कोव

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को कहा कि रूस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की मदद करेगा। श्री पुतिन की चार दिसम्बर से शुरू होने वाली दो दिवसीय भारत यात्रा से पूर्व श्री पेस्कोव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये एक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि हमारा मानना है कि आतंकवाद का मुकाबला करने का एक मात्र तरीका अंतर्राष्ट्रीय सहयोग है।

# संचार साथी सरकार का जासूसी एप: प्रियंका

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने संचार साथी एप को मोबाइल पर डाउनलोड करने को हास्यास्पद बताते हुए आरोप लगाया कि यह जासूसी एप है, जिसके जरिये सरकार हर मोबाइल पर नजर रखना चाहती है।

श्रीमती वाड्रा ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों के मोबाइल हैंडसेट पर संचार साथी एप प्री-इंस्टॉल करने संबंधी सवाल पर कहा कि संचार साथी एक जासूसी एप है और यह हास्यास्पद है। नागरिकों को निजता का अधिकार है और सभी को निजता का अधिकार होना चाहिए, ताकि वे अपने परिवार और दोस्तों को निजी संदेश भेज सकें, लेकिन सरकार इस निजता को छीनने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ़ टेलीफ़ोन पर जासूसी नहीं है। वे इस देश को हर तरह से तानाशाही में बदल रहे हैं और संसद इसलिए नहीं चल रही है। सरकार किसी भी विषय पर चर्चा करने से इन्कार कर रही है और किसी भी विषय पर चर्चा नहीं होने दे रही है। यह लोकतंत्र की परंपरा नहीं है। एक स्वस्थ लोकतंत्र में चर्चा होती है और हर किसी के अलग-अलग विचार होते हैं और आप उनकी बात सुनते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा ष्मोबाइल पर तरह-तरह की धोखाधड़ी हो रही है और इस धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने के लिए एक प्रभावी प्रणाली होनी चाहिए।


### कुवैत-हैदराबाद इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** कुवैत से हैदराबाद आ रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई-1234 को मंगलवार सुबह बम की धमकी के बाद मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। हैदराबाद एयरपोर्ट को एक ईमेल मिला था, जिसमें विमान में बम होने की बात लिखी थी। इसके बाद तुरंत सभी एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया। एयरबस ए321-251 एनएक्स विमान रात 1:56 बजे कुवैत से उड़ा था और सुबह 8:10 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया।

# सरकारी पैसों से बाबरी मस्जिद बनवाना चाहते थे नेहरू: राजनाथ

अहमदाबाद, वार्ता

- रक्षा मंत्री ने बड़ा राजनीतिक दावा किया
- बोले: सरदार वल्लभभाई पटेल ने तत्कालीन प्रधानमंत्री को रोका



**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने मंगलवार को एक बड़ा राजनीतिक दावा किया है। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से यानी सरकारी पैसों से अयोध्या में बाबरी मस्जिद का निर्माण कराना चाहते थे, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ने दिया।

गुजरात के सडली गांव में आयोजित 'यूनिटी मार्च' कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने पटेल की भूमिका और उनके विचारों को विस्तार से बताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि नेहरू ने सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन पटेल ने साफ मना कर दिया। उन्होंने आगे दावा किया कि नेहरू ने पटेल के निधन के बाद उनके स्मारक के लिए जनता द्वारा जुटाए गए धन को कुएं और सड़कों के निर्माण में खर्च करने का सुझाव दिया था, जो उनकी विरासत को दबाने की कोशिश थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि पटेल सच्चे अर्थों में उदार और निष्पक्ष नेता थे, जिन्होंने कभी भी तुष्टिकरण की राजनीति नहीं की। कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि सोमनाथ मंदिर को पुनर्निर्माण के लिए सरकार से एक भी पैसा नहीं लिया गया था, क्योंकि पूरा धन जनता से आया था। उन्होंने कहा कि इसी तरह अयोध्या में राम मंदिर भी पूरी तरह जनता के सहयोग से बना है और यह वास्तविक धर्मनिरपेक्षता का उदाहरण है। सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस के 1946 के अध्यक्ष चुनाव में अधिकतर प्रस्ताव पटेल के पक्ष में थे, लेकिन महात्मा गांधी के अनुरोध पर पटेल ने अपना नाम वापस ले लिया और नेहरू अध्यक्ष बने, जिसके बाद वह प्रधानमंत्री बने। रक्षा मंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक ताकतों ने वर्षों तक पटेल की विरासत को दबाने की कोशिश की।

# एयर इंडिया ने एक्सपायर फिटनेस सर्टिफिकेट वाला प्लेन उड़ाया

- विमान ने आठ रूट्स पर उड़ान भरी, मामले से जुड़े लोगों को ड्यूटी से हटाया

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने अपने ए-320 नियो प्लेन को फिटनेस सर्टिफिकेट एक्सपायर होने के बाद भी 8 रूट्स पर उड़ाया। 26 नवम्बर को एयरलाइन ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को इसकी जानकारी दी।

मामला सामने आने के बाद डीजीसीए ने प्लेन के उड़ान पर रोक लगा दी है। वहीं एक्सपायर सर्टिफिकेट के साथ प्लेन को उड़ने की परमिशन देने वाले एयरलाइन के स्टाफ को ड्यूटी से हटा दिया है। फिलहाल कौन-कौन लोग इसमें शामिल थे, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। ए-320 नियो विमान पहले विस्तारा एयरलाइन के बेड़े में था। नवम्बर 2024 में विस्तारा का एयर इंडिया के साथ मर्जर हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे कर्मचारी के आश्रितों को एक करोड़ का बीमा राशि

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के रेलवे सेलरी पैकेज (आरएसपी) स्कीम के अंतर्गत दिवंगत कर्मचारी अनवर अली के आश्रितों को एक करोड़ की बीमा राशि प्रदान की गई। यह राशि स्व- अनवर अली की माता एवं आश्रित कमरून निशा को दी गई। अनवर अली ट्रैक मेंटेनर के पद पर वाराणसी इंजीनियरिग विभाग में कार्यरत थे। उनकी बीते 25 मार्च को ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में मौत हो गई थी। मंडल प्रशासन ने बताया कि आरएसपी योजना के अंतर्गत देय राशि के त्वरित भुगतान के लिए मंडल कार्मिक विभाग एवं बैंक अधिकारियों ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं समयबद्ध तरीके से पूरी कीं। कार्यक्रम के दौरान उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल ने दिवंगत कर्मचारी अनवर अली को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

### प्रयागराज में सम्मानित किए गए 19 बीएलओ

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज में एसआईआर कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 19 बूथ लेवल अधिसकारियों को जिला. धिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आज सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने सभी चयनित बीएलओ को प्रशस्ति पत्र और दीवार घड़ी भेंट कर उनके कार्य की सराहना की। निर्वाचन कार्य बेहद जिम्मेदारी वाला होता है और इसे निष्ठा और तत्परता के साथ निभाने वाले बीएलओ लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणा है। उन्होंने आग्रह किया कि वे अपने साथ काम कर रहे अन्य बीएलओ को भी आयोग के निर्देशानुसार 2003 की मतदाता सूची से मैपिग का कार्य शत-प्रतिशत एवं शीघ्र पूरा करने के लिए प्रेरित करें।

# गुजरात के नौजवानों को नशे और अपराध की दुनिया में धकेल रही सरकार: राहुल गांधी

नई दिल्ली, वार्ता

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुजरात सरकार पर प्रदेश में नशीले पदार्थों को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह भाजपा के कौन से नेता है, जिसके संरक्षण में यह सब चल रहा है?

गांधी ने मंगलवार को गुजरात सरकार पर हमला बोलते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि गुजरात में चल रही कांग्रेस की जन आक्रोश यात्राओं के दौरान लोगों ने, खासकर महिलाओं ने बार-बार कहा है कि राज्य में बढ़ते नशे, अवैध शराब और अपराध ने उनके जीवन में असुरक्षा को गहरा दिया है। उन्होंने कहा कि गुजरात महात्मा गांधी और सरदार पटेल



**भाजपा नेता के संरक्षण में चल रहा धंधा**

की वह धरती है, जहां सत्य, नैतिकता और न्याय की परंपरा रही है, मगर पिछले कुछ सालों से प्रदेश के युवाओं का भविष्य ड्रग्स और अपराध की अंधेरी दुनिया की ओर धकेला जा रहा है। गांधी ने गुजरात सरकार से सवाल पूछा- गुजरात पूछ रहा है, भाजपा सरकार चुप क्यों है? प्रदेश सरकार में वह कौन मंत्री है, जिसके संरक्षण में यह सब चल रहा है?

### हेराल्ड मामले में साजिश के तहत नई प्राथमिकी दायर: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि नेशनल हेराल्ड मामले में उनकी पार्टी को निशाना बनाने के लिए जब भारतीय जनता पार्टी सरकार को कुछ नही मिला, तो कांग्रेस नेताओं के खिलाफ साजिश के तहत पुराने मामले में नई प्राथमिकी दायर की गई है। खड़गे ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 12 साल बाद अचानक गांधी परिवार पर कांग्रेस पार्टी को निशाना बनाने वाले पुराने मामले में एक नई प्राथमिकी दर्ज की गई।

# राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को राहत

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को बड़ी राहत देते हुए स्पष्ट कर दिया है कि अब वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं, ट्रेनिंग कैंपों और संबंधित गतिविधियों में शामिल होने की पूरी अवधि, आवागमन के समय सहित 'ड्यूटी' मानी जाएगी।

मंत्रिमंडल के इस फैसले से खिलाड़ियों को अनुमति लेने में होने वाली मुश्किलें खत्म होंगी। कैबिनेट की बैठक के बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अब तक 'अंतर्राष्ट्रीय पदक विज.ेता सीधी भर्ती नियमावली-2022' में ऐसी कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं थी। सेवा नियमावली में अवकाश संबंधी प्रावधान न होने के कारण खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं



**सरकार ने साफ किया 'ड्यूटी' मानने का नियम**

और प्रशिक्षण शिविरों में भाग लेने के लिए अनुमति प्रक्रिया में दिक्कतें आती थीं।

उन्होंने कहा कि अब सरकार नई प्रणाली लागू कर रही है, जिसमें साफ व्यवस्था होगी कि नियुक्त खिलाड़ी जब भी किसी राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता, कैंप या प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लें, वह अवधि सेवा अवधि (ड्यूटी) मानी जाएगी। इसमें आने-जाने का पूरा समय भी शामिल होगा। इससे न केवल खिलाड़ियों को अपने खेल करियर में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा, बल्कि राज्य का प्रतिनिधित्व भी और मजबूत होगा, क्योंकि अब उन्हें अनुमति लेने में कोई बाधा नहीं आएगी। मंत्रिमंडल ने वाराणसी में निर्माणाधीन डा. सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा के संच.ालन, प्रबंधन और रखरखाव तथा राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के साथ हुए एमओयू को मंजूरी दे दी है। यह वही स्टेडियम है, जहां 'खेलो इंडिया' योजना के तहत आधुनिक स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया गया है। एमओयू के तहत स्टेडियम परिसर में मौजूद खेल सुविधाओं जैसे, भवन, ढांचे, मैदान और अन्य अवसंरचनाओं को साई को सौंपा जाएगा।

### योगी और धर्मेंद्र प्रधान ने किया 'काशी तमिल संगमम् 4-0' का शुभारंभ

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में 2 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले 'काशी तमिल संगमम् 4-0' का शुभारंभ सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नमो घाट पर किया। इस अवसर पर तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा कल्याण एवं खेल राज्य मंत्री डा. एल. मुरुगन, पुडुचेरी की उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सहित कई केंद्रीय मंत्री, सांसद और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## योगी मंत्रीमंडल में हुए फैसलों की जानकारी देते हुए बोले वित्तमंत्री

# यूपी के हर मंडल में बनेगा दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दिव्यांगजनों के लिए एक अहम निर्णय लिया गया।

सरकार ने राज्य के सभी 18 मंडलों में नए जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) खोलने को मंजूरी दे दी है। वर्तमान में प्रदेश के 38 जिलों में ऐसे केंद्र चल रहे हैं, लेकिन कतिपय समस्याओं के कारण कई जगह संचालन प्रभावित हो रहा था। अब सरकार पूरे ढांचे को नए सिरे से संसाधनों से लैस करते हुए संचा.लित करने जा रही है, ताकि दिव्यांगजनों को मिलने वाली सेवाओं में कोई बाधा न आए। कैबिनेट के फैसले के बारे में जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि नए डीडीआरसी खुलने से प्रदेश में



**अयोध्या में विश्व स्तरीय संग्रहालय बनेगा, जिसके लिए टाटा को जिम्मेदारी सौंपी गई है**

दिव्यांगजनों को एक ही जगह पर सर्वे, पहचान, शिविर, सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग फिटमेंट और प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी जैसी नैदानिक सेवाएं भी इन केंद्रों पर दी जाएंगी।

यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांग प्रमाणपत्र जैसे जरूरी दस्तावेज बनवाने में भी अब लोगों को ज्यादा चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सरकार का मानना है कि इस फैसले से दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ समय पर और सुगमता से मिल सकेगा तथा उनके पुनर्वास की पूरी प्रक्रिया मजबूत होगी। सरकार ने अयोध्या को विश्व स्तर पर एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मंत्रिमंडल ने टाटा सन्स के सहयोग से अयोध्या में प्रस्तावित विश्व स्तरीय 'मंदिर संग्रहालय' का दायरा और बघ कर दिया है। खन्ना ने बताया कि टाटा सन्स ने अपने सीएसआर फंड से एक अत्याधुनिक मंदिर संग्रहालय विकसित करने और उसका संचालन करने की इच्छा व्यक्त की है। इसके लिए कम्पनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत एक गैर-लाभकारी एसपीवी बनाया जाएगा, जिसमें भारत सरकार और राज्य सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। परियोजना हेतु भूमि आवंटन के लिए भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और टाटा सन्स के बीच त्रिपक्षीय एम्ओयू बीते 3 सितम्बर 2024 को हस्ताक्षरित हो चुका है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि पूर्व में प्रदेश सरकार ने अयोध्या के मांझा जमथरा गांव में 25 एकड़ नजूल भूमि टाटा सन्स को 90 वर्षों के लिए उपलब्ध कराने की अनुमति दी थी, लेकिन टाटा संस ने संग्रहालय की भव्यता के दृष्टिगत अधिक भूमि की अपेक्षा की थी।

### बरेली और कानपुर में दो बड़ी पेयजल परियोजनाओं को मंजूरी

**लखनऊ।** योगी मंत्रिमंडल ने शहरी पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अटल नवीकरण एवं शहरी रूपांतरण मिशन-अमृत 2-0 के तहत बरेली और कानपुर नगर निगम क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुधारने और नेटवर्क विस्तार के लिए कुल 582.74 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। दोनों योजनाएं शहरों की बड़ी आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होंगी। बरेली नगर निगम में पेयजल प्रणाली को नए सिरे से विक.सित करने के लिए फेज-1 पुनर्गठन परियोजना को व्यय वित्त समिति से 26,595.46 लाख रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। इसमें केंद्र सरकार का हिस्सा 8,530.96 लाख, राज्य सरकार का 14,504.95 लाख और नगर निगम का अंश 2,559.55 लाख रुपये शामिल है।

# बीजेपी जाए, तो निजता बच पाए: अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सांसद अखिलेश यादव ने संचार साथी ऐप को पर जारी किए गए केंद्र सरकार के निर्देशों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। सपा मुखिया ने भारतीय जनता पार्टी पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश यादव ने लिखा कि बीजेपी जाए , तो निजता बच पाए। कन्नौज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से सांसद अखिलेश ने लिखा कि जिनका इतिहास ही मुखबिरी का रहा हो, वो जासूसी करना कैसे छोड़ सकते हैं। भाजपा सरकार में अभिव्यक्ति की आजादी तो पहले ही छीनी जा रही थी, अब घर-परिवार, नाते-रिश्तेदार, मित्रता-कारोबार की आपसी बात.चीत पर भी भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों की गिद्ध निगाह लग जाएगी। अब जनता ने फैसला कर लिया है भाजपा सरकार नहीं चाहिए, तो नहीं चाहिए. भाजपा जाए तो निजता बच पाए!



### घोसी उपचुनाव में सुजीत सिंह होंगे सपा प्रत्याशी

**मऊ।** समाजवादी पार्टी के नेता और उत्तर प्रदेश स्थित जसवंतनगर से विधायक शिवपाल सिंह यादव ने मऊ स्थित घोसी विधानसभा सीट पर प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। मंगलवार को सुधाकर सिंह के कर्म में मऊ पहुंचे शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि स्व. सुधाकर सिंह के बेटे सुजीत सिंह ही उम्मीदवार होंगे। शिवपाल ने कहा कि हम लोगों को पूरा सहयोग और आशीर्वाद सुजीत को है। हम लोग यहां आकर इनकी मदद करेंगे।



सेंसेक्स 85138.27
निफ्टी 26032.20



सोना रु. 126720
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 173340
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट, सेंसेक्स लुढ़का



मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 503.63 अंक (0.59 प्रतिशत) लुढ़ककर 85,138.27 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 143.55 अंक यानी 0.55 प्रतिशत टूटकर 26,032.20 अंक पर बंद हुआ। औद्योगिक उत्पादन के अक्टूबर के आंकड़े कमजोर रहने के बाद मंगलवार को बाजार में शुरू से ही बिकवाली हावी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में भी गिरावट रही। एनएसई के सूचकांकों में फार्मा को छोड़कर सभी में गिरावट रही। निजी बैंकों, वित्तीय सेवाओं, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस और धातु समूहों में ज्यादा गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और बीईएल के शेयर एक प्रतिशत से अधिक टूटे। एशियन पेंट्स में तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, हिदुस्तान यूनीलि.वर और बजाज फाइनेंस के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए।

### लक्जरी हॉस्पिटैलिटी और ग्रीन प्रोजेक्ट्स में रूचि दिखा रहे हैं सिंगापुर के निवेशक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विदेशी निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से चल रही अंतर्राष्ट्रीय पहल के अंतर्गत, इन्वेस्ट यूपी के सिंगापुर डेस्क ने सोमवार को पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी और संबद्ध क्षेत्रों में निवेश संभावनाओं को लेकर निवेशकों के साथ कई महत्वपूर्ण उच्च-स्तरीय बैठकें कीं। आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि इस रणनीति के अनुरूप, इन्वेस्ट यूपी के सिंगापुर डेस्क का नेतृत्त्व करते हुए इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी ने सिंगापुर में ग्रीनफील्ड वेंचर्स के मुख्य संच.ालन अधिकारी अमृतांशु रॉय के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक की। बैठक के दौरान, इन्वेस्ट यूपी टीम ने अयोध्या, वाराणसी, मथुरा सहित उत्तर प्रदेश के अन्य उच्च-संभावना वाले पर्यटन क्षेत्रों में स्थित पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया।

# सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** मंगलवार की सुबह ट्रेडर्स ने पिछले सेशन की तेज रैली के बाद मुनाफा वसूली की। यही वजह रही कि एमसीएक्स पर दोनों धातुएं नीचे खुलीं। दोपहर 3.40 बजे तक सोना 0.47 प्रतिशत गिरकर 1,26,720 प्रति 10 ग्राम पर था। वहीं चांदी 2.73 प्रतिशत फिसलकर 1,73,340 प्रति किलो पर आ गई।

इससे ठीक पहले सोमवार को सोना छह हफ्तों के ऊपरी स्तर पर पहुंच गया था, क्योंकि बाजार को फेड की संभावित दर कटौती की उम्मीदें सपोर्ट दे रही थीं। कमजोर रुपया ने भी घरेलू कीमतों को ऊपर धकेला है, जो हाल ही में डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड लो पर गया। चांदी की कीमतों में मुनाफावसूली से पहले की हालिया उछाल की सबसे बड़ी वजह 'सिल्वर स्क्वीज' है। चीन के अक्टूबर में चांदी के निर्यात 660 टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। वहीं इन्वेंट्री दस साल के निचले स्तर पर चली गई। यह सप्लाई टाइटनेस लंदन तक ऐली दिख रही है। 2025 चांदी बाजार के लिए लगातार पांचवां डेफिसिट वाला साल होगा। इस कमी के चलते लिक्विडिटी पर दबाव पड़ा, लीज़ रेट्स बढ़े और अमेरिकी सीएमई वॉल्ट्स में डिलिवरी भी बढ़ी। इतना ही नहीं अमेरिका ने चांदी को 2025 की 'क्रिटिकल मिनरल' लिस्ट में शामिल किया है। इससे इसकी रणनीतिक अहमियत और बढ़ गई है। च्वाइस ब्रोकिंग के अमीर मकड़ा ने कहा कि चांदी मजबूत अपट्रेंड में है और इसका मोमेंटम अभी भी कायम है। उनके मुताबिक चांदी के लिए अहम सपोर्ट 1,42,285 और 1,21,437 पर है।

# सतत विकास की आधारशिला है पारदर्शिता: सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता.रमण ने मंगलवार को पारदर्शिता को सतत विकास की आधारशिला बताते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देकर लोगों का सहयोग हासिल किया है और अर्थव्यवस्था को गति दी है।

श्रीमती सीतारमण ने यहां ग्लोबल फोरम की 18वीं आम बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के लिए कर मामलों में पारदर्शिता सदैव प्रशासनिक सुधारों से कहीं अधिक रही है। यह उस गहरे सिद्धांत से जुड़ा है कि आर्थिक शासन की नींव निष्पक्षता और उत्तरदायित्व पर आधारित होनी चाहिए। जब आम लोग और कंपनियां अपना उचित कर अदा करती हैं और कर चोरी को प्रभावी रूप से रोका जाता है, तब समाज अधिक सशक्त और समानतापूर्ण बनता है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता को केवल अनुपालन के उपकरण के रूप में नहीं, बल्कि सतत विकास और राजकोषीय सुदृढ़ता की आधारशिला के रूप में देखना आवश्यक है। भारत का अनुभव इस समझ को और मजबूत करता है। मौजूदा सरकार के अनुभवों को साझा करते हुए



वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले दशक में सरकार ने स्वैच्छिक अनुपालन में स्पष्ट वृद्धि देखी है। नागरिक तब अधिक सहयोग देते हैं जब उन्हें विश्वास होता है कि प्रणाली ईमानदारी को प्रोत्साहित करती है और कर चोरी के खिलाफ दृढ़तापूर्वक कार्रवाई करती है। यह केवल प्रवर्तन से नहीं बल्कि स्पष्टता, सरलीकरण और करदाताओं के साथ विश्वास निर्माण के निरंतर प्रयासों से भी संभव हुआ है।

उन्होंने कहा कि पारदर्शिता करदाताओं की नैतिकता को बढ़ाती है। जब लोगों को भरोसा होता है कि प्रणाली निष्पक्ष है और नियम निरंतर रूप से लागू होते हैं, तो स्वैच्छिक अनुपालन मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि जो दुनिया कभी गोपनीयता और सीमित जानकारी तक सिमटी थी, वह अब बदलकर ऐसी हो गई है, जहां पारदर्शिता को निष्पक्षता, अनुपालन और उत्तरदाई शासन के लिए अत्यंत आवश्यक माना जाने लगा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उप्र में विकास...** बिताए गए समय को 'ड्यूटी' (कर्तव्यार्थ व्यतीत अवधि) माना जाएगा। कैबिनेट की बैठक में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के चैनेज सं0 45 980 किमी पर स्थित घाघरा पुल के क्षतिग्रस्त भाग के स्थायी सुरक्षात्मक कार्य कराए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया। इसके अलावा अटल नवीकरण और शहरी रूपान्तरण मिशन-2.0 (अमृत-2.0) योजनान्तर्गत कानपुर नगर में पेयजल पाइप लाइन विस्तार से संबंधित प्रायोजना के लिए 316.78 करोड़ की अनुमोदित लागत के व्यय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट की बैठक में अमृत-2.0 योजनान्तर्गत बरेली में पेयजल पुनर्गठन योजना फेज-1 से संबंधित प्रायोजना के लिए 265.95 करोड़ रुपये की अनुमोदित लागत के व्यय के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया। इसके अलावा अवस्थापना एवं औद्योगिक निवेश नीति-2012 और औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के अन्तर्गत गठित इम्पावर्ड कमेटी की 15 मई, 2025 को हुई बैठकों में की गई संस्तुतियों पर अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में डा. सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा वाराणसी के संचालन और राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा उपलब्ध कराए गए एमओयू के संबंध में फैसला लिया गया है।

**क्या रोहिंग्या...** का विरोध कर रहा है, लेकिन डिपोर्टेशन कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां मामला हिरासत से गायब होने का है। सरकार ने स्वयं डिपोर्टेशन की प्रक्रिया तय की है, जिसका पालन होना चाहिए। उन्हें चुपचाप कहीं भेज देना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी हानिकारक है और ऐसा नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रोहिंग्या मामला पहले से सुप्रीम कोर्ट में है और उन्हीं याचिकाओं के साथ इस अर्जी को सुना जाएगा। सीजेआई ने इस दौरान टिप्पणी में कहा कि अगर उन्हें भारत में रहने का कानूनी अधिकार नहीं है और वे घुसपैठिए हैं, उत्तर भारत की सीमा बहुत संवेदनशील है और ऐसे में अगर कोई घुसपैठिया आता है, तो क्या हम उसे रेड कॉर्पेट (लाल कालीन) बिछाकर स्वागत करें और सारी सुविधाएं दें? सीजेआई ने पूछा कि उन्हें वापस भेजने में समस्या क्या है? वकील ने कहा कि उन्हें वापस भेजा जाना चाहिए, परंतु कानून के अनुसार। इसके बाद चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि पहले आप (रोहिंग्या) अवैध रूप से सीमा पार करते हैं। सुरंग खोदकर या बाड़ लांघकर भारत में घुसते हैं। फिर कहते हैं कि अब चूंकि आ गए हैं इसलिए देश की सारी कानून-व्यवस्था उन पर लागू हो और वो भोजन, आश्रय, बच्चों की शिक्षा सबका हकदार हों। क्या हम कानून को इतना खींचना चाहते हैं? याचिकाकर्ता की वकील ने कहा कि वह कानून को खींचने की मांग नहीं कर रही हैं, बल्कि सिर्फ इतना चाहती हैं कि निर्वासन की वर्तमान विधिक प्रक्रिया लागू की जाए। उन्होंने 2020 के सलीमुल्लाह मामले का उल्लेख किया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि रोहिंग्याओं का निर्वासन केवल प्रक्रिया के अनुसार ही किया जा सकता है। सीजेआई ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां बहुत से गरीब लोग हैं, और हमें उन पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में भी गरीब लोग हैं, नागरिक हैं। क्या वे सुविधाओं और लाभों के हकदार नहीं? क्यों न उन पर ध्यान दें? वकील ने स्पष्ट किया कि वह किसी पुनर्वापसी की मांग नहीं कर रही हैं। याचिकाकर्ता पक्ष ने कहा कि उसकी सीमित प्रार्थना यह है कि डिपोर्टेशन का आदेश सरकार के नियम के अनुसार किया जाए। भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह याचिका एक पीआईएल याचिकाकर्ता द्वारा दायर की गई है, किसी प्रभावित व्यक्ति द्वारा नहीं।

# यूपी में बदलेगी डीएल अप्रूवल की प्रक्रिया

## तेजी से बनेंगे लाइसेंस, नई एजेंसियों ने संभाला कामकाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रोसेस में बदलाव दिख सकता है। हाल ही में डीएल से जुड़े सारे कामकाज नई एजेंसी को सौंपा गए हैं। कंपनी ने हार्डवेयर इंस्टालेशन का काम भी पूरा कर लिया है। अब डीएल बनाने का काम नई कंपनी के कर्मचारी करेंगे। बता दें कि नई कंपनी को काम स्थानांतरण के चलते 25 से 29 नवंबर तक नए ड्राइविंग लाइसेंस बनाने संबंधी कामों पर रोक लगी थी।

प्रदेश में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की जिम्मेदारी 3 एजेंसियों को दी गई है। लखनऊ में सिल्वर टच को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। फोकाम नेट व रोजमार्टा के पास अन्य जिलों का काम है। अब तक स्मार्ट चिप नाम की कंपनी के पास डीएल संबंधित कामकाज



की जिम्मेदारी थी, यहां तकरीबन 300 कर्मचारी इस काम में लगे थे। डीएल संबंधी हार्डवेयर इंस्टालेशन के चलते कुछ दिनों तक ड्राइविंग लाइसेंस अप्रूवल का काम बंद था। इस दौरान आवेदकों को काफी असुविधा भी हुई, लेकिन अब नई कंपनियों के काम संभालने के बाद यह काम फिर से शुरू हो गया है। एजेंसी के अंतर्गत काम करने वाले कर्मचारियों को ट्रांसफर नई कंपनियों में ट्रांसफर कर दिया गया है। स्मार्ट चिप कंपनी के पास जब डीएल अप्रूवल का काम था, तो कभी चिप की कमी और कभी तकनीक में गड़बड़ी से हजारों डीएल महीनों बाद तक नहीं पहुंचाए जा सके थे। 2023 में एक समय तीन लाख ड्राइविंग लाइसेंस लंबित हो गए थे। ऐसे में सरकार ने दूसरी कंपनियों को इसका काम सौंपने का निर्णय लिया। पिछले हफ्ते नए सिस्टम इंस्टालेशन के कारण 3-4 दिनों तक डीएल अप्रूवल बंद रहा, जिससे हजारों आवेदन अटक गए थे। नई व्यवस्था से ये दिक्कतें दूर होंगी, प्रोसेसिंग में तेजी आएगी। इसके अलावा पहले आधार कार्ड में पिता के नाम की अनिवार्यता से डीएल प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी। इससे तकनीकी दिक्कतें भी आ रही थीं। उम्मीद जताई जा रही है डीएल संबंधित ये सभी परेशानियां अब दूर हो जाएंगी। इसके अलावा अब ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग सेंटर (एडीटीसी) पर ड्राइविंग टेस्ट की शुरुआत भी हो रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंडसअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ढ़ाबे की आड़ में बने अवैध कमरों से निकले प्रेमी जोड़े

## बाल श्रमिकों की जांच करने पहुंची टीम को मिला 'रंगरलिया मनाने का अड्डा'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर शिवा टूरिस्ट ढ़ाबे पर बने अवैध कमरों में चल रहे कारनामों का मंगलवार को खुलासा हुआ। बाल श्रम उन्मूलन अभियान के तहत टीम बाल मजदूरों की तलाश में ढ़ाबे के किचन में पहुंची तो वहां गोपनीय ढंग से बने अवैध कमरों में प्रेमी जोड़े मिले। टीम ने पुलिस को सूचना देकर एक छात्रा सहित पांच प्रेमी जोड़े पुलिस के सुपुर्द किए। बाद में पुलिस ने ढ़ाबे के मैनेजर व मालिक सहित सात लोगों को हिरासत में लिया है।

बाल श्रम उन्मूलन अभियान के तहत मानव तस्कर विरोधी टीम के प्रभारी जय सिंह भाटी, श्रम विभाग के निरीक्षक बालेश्वर सिंह व शालू राणा सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से गौरव मलिक ने मंगलवार को संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया।




इस दौरान टीम नेशनल हाइवे स्थित नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के शिवा टूरिस्ट ढ़ाबे पर पहुंच गई।

वहां डाइनिंग हाल में उन्हें कोई बच्चा कार्य करता नहीं मिली। इसी दौरान टीम ढ़ाबे के किचन में पहुंची। वहां उन्हें बच्चा तो काम करता नहीं दिखा, लेकिन वहां गोपनीय दरवाजा मिला। छानबीन करने पर टीम को पांच से छह कमरे अवैध रूप से बने मिले, जिसमें प्रेमी जोड़े पकड़े गए। इस दौरान नई मंडी क्षेत्र के एक स्कूल की एक छात्रा भी वहां मिली, जिसके बाद बाल कल्याण समिति टीम को भी बुलाना पड़ा। सूचना पर नई मंडी पुलिस पहुंची। पुलिस वहां से पकड़े गए सभी पुरूषों को थाने ले गई। हालांकि वहां से कोई आपत्तिजनक वस्तु पुलिस को नही मिली।

नई मंडी कोतवाली प्रभारी ब्रिजेश शर्मा ने बताया कि शिवा टूरिस्ट ढ़ाबे पर प्रेमी जोड़े पकड़े जाने की सूचना मिली थी। वहां कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली है। अवैध रूप से कमरे बनाकर कार्य करने के आरोप में ढ़ाबे के मालिक सचिन शर्मा, मैनेजर सतीश सहित आलम निवासी सहारनपुर, विकास निवासी नई मंडी, पवित निवासी अलमासपुर, रामकरण निवासी शेरनगर व हरेंद्र निवासी नई मंडी को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# यातायात और अन्य सभी नियमों का पालन करें: प्रजापत

## यातायात माह समापन पर एसपी सिटी का संबोधन: दिलेरी पुलिस के खून में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित यातायात माह समापन कार्यक्रम में उन्होंने बड़ी स्क्रीन पर 'डाइट तेरी क्या जो मारे खून उबला रे, पानीपत में फायर करें, गूंजे पूरा अंबाला रे... गीत चलवाकर फिल्मों और हकीकत के अंतर को समझाने का प्रयास किया।

उन्होंने लोगों को पुलिस का काम करने तरीका और परिभाषा समझाई। कानून तोडने वालों को उन्होने सख्त लहजे में कहा- पुलिस आपको रोकेगी भी और आपका इलाज भी करेगी। कोई गलतफहमी न पालें। सिस्टम सदियों से चला आ रहा है और इससे बड़ा कोई नहीं। बदमाश आएगा, भाग कर थोड़ी दूर ही जाएगा। पुलिस की 10 गोलियां चलती हैं तो उनमें से 9 गोली मुजरिम के पैर में लग जाती हैं। यह पुलिस का रिकॉर्ड है। एसपी सिटी ने हाल ही में एक राज्य के डीजीपी के



बयान का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने एक खास कार ब्रांड का नाम लेकर कहा था कि उसमें बैठते ही लड़कों के अंदर 'दिलेरी' आ जाती है। उन्होंने कहा-दिलेरी खून में होती है, वह किसी बाजार से नहीं मिलती। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा- कुछ दिन पहले कुछ लड़के वही कार में गोली चलाकर भागे थे। पुलिस ने 40-50 किलोमीटर तक पीछा किया और गाड़ी के टायर फटने के बाद ही वे रुके। यह नशा होता है कि इस गाड़ी में बैठे हैं तो पुलिस रोक नहीं पाएगी। यह गलतफहमी निकालनी ही पड़ेगी। एसपी सिटी ने कहा कि कोई भी पुलिस को हल्के में न ले। यदि आपको लगता है कि आप पुलिस को ओव. रपावर कर लेंगे, तो यह गलतफहमी निकाल दें। पुलिस एक इंस्टीट्यूशन है, जो वर्षों से व्यवस्था बनाए हुए है। आप एक चौराहे पर तेज़ गाड़ी भगाकर बच सकते हैं, लेकिन अगले चौराहे पर नहीं बच पाएंगे। एसपी सिटी ने उदाहरण देते हुए कहा कि अच्छा आदमी जब अकेला होता है तो कानून का पालन करता है, लेकिन समूह में आते ही 'फन मूड' में आकर गलत फैसले ले लेता है। 'चिल करने के चक्कर में जिंदगी चली जाती है। कोई भी व्यवस्था हमारी सुरक्षा के लिए बनी है। जितना पालन करेंगे, उतना फायदा होगा। अगर नहीं करेंगे तो फिल्मों की तरह कुछ नहीं होता, हकीकत बहुत दूर होती है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने फिल्मों और गानों में दिखाए जाने वाले पुलिस और अपराधियों के चित्रण पर तंज कसते हुए कहा- सिनेमा और म्यूजिक इंडस्ट्री हकीकत को 360 डिग्री से 180 डिग्री तक बदल देती है। फिल्मों में दिखाया जाता है कि बदमाश एक गोली चलाता है और पुलिस की गाड़ी उड़ जाती है... जबकि वास्तविकता में ऐसा नहीं होता। उन्होंने कहा कि पुलिस यदि चार गोलियां चलाती है तो दो तो लग ही जाती हैं, लेकिन फिल्मों में पुलिस को नालायक दिखाया जाता है। उन्होंने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे नियम हमारी ही सुरक्षा के लिए हैं। अखबारों में रोज रिपोर्ट आती है- अगर हेलमेट लगा लेते तो इतनी मौतें रुक जातीं। लेकिन जब तक हादसा खुद पर न हो, समझ नहीं आता। अंत में उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि यातायात और अन्य सभी नियमों का पालन करें।



मुजफ्फरनगर: ढ़ाबे पर जांच करती पुलिस और श्रम विभाग की टीम।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बायोपिक अजय मूवी

**प्रवासी भारतीय ने अपने खर्च पर सैकड़ों लोगों को दिखाई मूवी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन चरित्र पर बनी हिंदी फिल्म अजय की आज ग्रांड प्लाजा मॉल में स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। मंत्री विधायक कपिलदेव अग्रवाल पहुंचे भारी भरकम भीड़ के साथ फिल्म देखने भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक, समाजसेवी अशोक बालियान, पूर्व नगरपालिका चेयरमैन सुभाष शर्मा, समाजसेवी सुभाष चौधरी ,पूर्व विधायक अशोक कंसल, सहित सैकड़ों की संख्या में समाजसेवी बीजेपी नेता अन्य समाजसेवी संगठन के लोग फिल्म थियेटर में मौजूद अजय फिल्म के आज के आयोजक अजय स्वरूप अग्रवाल ने मंत्री कपिलदेव अग्रवाल सहित अन्य सम्मानित लोगों का फूलों का बुके देकर स्वागत किया। फिल्म देखने के बाद बाहर आए सैकडों लोगों ने कहा कि फिल्म में योगी आदित्यनाथ के जीवन से वह बहुत प्रभावित हुए।




अजय फिल्म देखने आए कपिल देव का स्वागत करते प्रवासी भारतीय अजय अग्रवाल।

# राजकीय इन्टर कॉलेज भी आधुनिक केमरों से लेस

## चेयरमैन जहीर फारूकी ने नगर पंचायत की ओर से लगवाए सीसीटीवी कैमरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** मंगलवार को नगर चेयरमैन जहीर फारूकी द्वारा पुरक. ाजी देहात (बिजली घर) के पास राजकीय इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया नगर पंचायत पुरकाजी की तरफ से राजकीय इंटर कॉलेज में करीब 50 आधुनिक कैमरे लगाए गए हैं।

मंगलवार को नगर चेयरमैन जहीर फारूकी द्वारा प्रधानाध्यापक प्रीति चौधरी के कार्यालय में पहुंचकर सभी कैमरों का लाइव देखा और कैमरा लगाने वाले को मैन गेट और साइकिल स्टेंड पर भी कैमरे लगाने के दिशा निर्देश दिए है नगर पंचायत पुरकाजी की तरफ से कालेज में सभी कक्षाओं के कक्ष में दो-दो कैमरे लगाए गए हैं पूरे को.



लिज में लाइब्रेरी गैलरी हॉल आदि सब जगह कैमरे लगाए गए हैं सभी कैमरों का कंट्रोल रूम प्रिंसपल प्रीति चौधरी के ऑफिस में बनाया गया है सभी कक्षाओं में आगे पीछे कैमरे लगने से स्कूल में अनुशासन है चेयरमैन जहीर फारुकी ने बताया कि अभी तक राजकीय इंटर कॉलेज में बोर्ड एक्जाम का सेंटर नहीं लग पाता था सेंटर लगने की पात्रता सूची में लाने के लिए और अनुशासन स्थापित करने के लिए ये केमरे लगाने अत्यन्त जरूरी थे ये राजकीय इंटर कॉलेज पुरकाजी नगर पंचायत की सीमा क्षेत्र से बाहर है लेकिन छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए चेयरमैन पुरकाजी ने नगर पंचायत पुरकाजी से ये कार्य कराया है जनहित और शिक्षाहित में बेहतरीन कार्य किया गया है बहुत जल्दी ही बोर्ड परीक्षा का सेंटर राजकीय इंटर कॉलेज में लगेगा। इस निरीक्षण के दौरान नगर चैयरमैन के साथ निखिल गोयल, वंश अग्रवाल, सभासद आलम भी मौजूद रहे।

# गजवा-ए-हिंद का सपना न देखें मदनी

**साध्वी प्राची ने कहा-महमूद मदनी का कराया जाए नॉर्कोटेस्ट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** गीता जयंती कार्यक्रम में हिंदूवादी नेत्री साध्वी प्राची ने एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि महमूद मदनी जैसे लोगों का नार्को टेस्ट कराया जाए। उन्होने मदनी के हालिया बयान पर आपत्ति जताते हुए उसे देश को तोडने वाला करार दिया। और कहा कि ऐसे बयानों से देश की राष्ट्रवादी जनता दबने वाली नहीं है।

साध्वी प्राची ने आरोप लगाया कि महमूद मदनी हिंदुस्तान का खा रहे हैं। बंटवारे के समय उनकी आबादी मात्र 6 प्रतिशत थी, जो आज 30 प्रतिशत हो गई है। फिर भी यह कह रहे हैं कि हमारा शोषण हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि 'महमूद मदनी देवबंद में आतंकवाद का अड्डा बहुत समय से चला रहे हैं। सरकार को जांच कराके इस पर तुरंत ताला लगा देना चाहिए। मदनी युवाओं को भड़काकर 'गजवा ए हिंद' का सपना देख रहा है और देश को बांटने की साजिश रच रहा है। सरकार को चाहिए कि ऐसे लोगों पर तुरंत 'नो जेल, नो बेल' की कार्रवाई करे।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, आज गीता जयंती है। कुरुक्षेत्र वाले महाराज दयानंद जी पूरे देश में गीता का संदेश दे रहे हैं। मेरा सरकारों से निवेदन है कि स्कूलों और कॉलेजों में छोटी बच्चियों और बेटियों को गीता का पाठ अवश्य कराया जाए। इससे बच्चों में साहस बढ़ेगा और वे धार्मिक मूल्यों से जुड़ेंगी। उन्होंने आगे कहा - भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र में गीता के 18 अध्याय सुनाए थे। उस समय भी राक्षस थे और आज भी आसुरी शक्तियां मौजूद हैं। आतंकवादी भी उसी राक्षसी प्रवृत्ति के हैं। हिंदुस्तान का खाएंगे, पर दिल पाकिस्तान में रहेगा-यह राक्षसी प्रवृत्ति है। ऐसे

लोगों का नार्को टेस्ट कराया जाना चाहिए। एजेंसियां भले न करें, पर नार्को टेस्ट से सब सामने आ जाएगा। इसके बाद सरकार श्नो जेल, नो बेलश के तहत ऐसी ताकतों पर कड़ी कार्रवाई करे। साध्वी ने दोहराया कि महमूद मदनी देवबंद में लंबे समय से आतंक का अड्डा चला रहा है।

वह युवाओं को भड़काकर गजवा-ए-हिंद बनाने का सपना देख रहा है, देश को बांटने की बड़ी साजिश रच रहा है। सरकार को चाहिए कि जल्द से जल्द इस पर कार्रवाई करते हुए इसे 'नो जेल, नो बेल' के तहत कठोर दंड दिया जाए।

### डंपर की चपेट में आकर गोवंश की मौत

**मीरापुर।** दिल्ली पौड़ी राजमार्ग पर मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक घटना में मिट्टी से भरे तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आकर एक आवारा गोवंश की मौके पर ही मृत्यु हो गई। ग्राम देवल के पास हाईवे पर गोवंश घूम रहा था, तभी डंपर चालक ने ओवरटेक करने के प्रयास में वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और गोवंश को कुचल दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बैराज चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृत गोवंश को गड्डा खुदवाकर दफन कराया और डंपर चालक को हिरासत में ले लिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में कई गौशालाएं होने के बावजूद आवारा गोवंश सड़कों पर भटकते रहते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना लगातार बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इन गोवंशों को गौशालाओं में शिफ्ट किया जाए घटना के बाद हाईवे पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया।

# समाज हित में रक्तदान करने आगे आए 35 युवा

## समर्पित युवा ने कहा: रक्तदान-जीवनदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर के गाँधी कॉलोनी स्थित देवोपम किड्स गार्डन स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और समाजहित में रक्तदान किया।

रक्तदान के क्षेत्र में जनपद की अग्रणी संस्था समर्पित युवा समिति एवं समर्पित महिला शक्ति ने एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वाधान में लिंक रोड स्थित देवोपम किड्स गार्डन स्कूल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर में 35 रक्तवीरों एवं वीरांगनाओं ने रक्तदान कर मानवता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर में प्रथम बार रक्तदान करने वाले महिला पुरुषों की संख्या उल्लेखनीय रही, समर्पित युवा समिति के संस्थापक सदस्य संजीव अरोड़ा ने बताया कि देशभर में जाना माना बैंक एचडीएफसी इस समय रक्तदान को लेकर एक अभियान चलाए हुए हैं मुजफ्फरनगर में इस अभियान के लिए बैंक अधिकारियों ने समर्पित युवा समिति से संपर्क किया और हमारे साथ मिलकर इस शिविर को आयोजित किया।

सभासद अमित पटपतिया ने बताया कि समर्पित युवा समिति नए रक्तदाताओं को समाज से जोड़ने का अभियान चलाए हुए हैं जिस अभियान में हम शत प्रतिशत सफल हो रहे हैं।

देवापम किड्स गार्डन की प्रधानाचार्य नेहा अरोड़ा एवं प्रबंधक राजीव मुंजाल ने आए हुए सभी लोगों का अभिनंदन किया और




सभी को धन्यवाद देते हुए इसी प्रकार से जन सेवा के कार्यों में अग्रसर रहने का आवाहन किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समर्पित युवा समिति एवं समर्पित महिला शक्ति के सभी सदस्यों का पूर्ण योगदान रहा।



मुजफ्फरनगर: सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा की समीक्षा करते अधिकारी।

# पीड़ितों ने लगाई इंसाफ की गुहार

**एसएसपी कार्यालय पर पीड़ितों ने खोली मण्डी पुलिस की पोल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के पटेल नगर में रहने वाली बरखा शर्मा ने एसएसपी कार्यालय पर पहुंचकर इंसाफ की गुहार लगाई है। बरखा शर्मा का आरोप है कि 30 नवंबर 2025 को उनके पति धर्मेंद्र मोहन और पुत्र दीपांशु शर्मा को जान से मारने की नियत से हमला किया गया था।

बरखा शर्मा का कहना है कि उनके मकान की ऊपरी मंजिल पर चारदीवारी का कार्य चल रहा था, जिससे पानी सड़क पर बहकर आ गया था। इसी बात को लेकर विपक्षी अमित की चप्पल की दुकान के पास विवाद हुआ था। विपक्षी बिजेंद्र, सुधीर,



दीपक, सुकमपाल और बबलू ने उनके पति और पुत्र को जान से मारने की नियत से हमला किया, जिससे उनके पति के सिर में चोटें आई और पुत्र की हाथ की कोहनी टूट गई।

बरखा शर्मा ने थाना नई मंडी पर एफआईआर दर्ज कराई है, लेकिन आरोप है कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज नहीं ले रही है और न ही आरोपियों को गिरफ्तार कर रही है। मुख्य आरोपी बिजेंद्र और सुकरमपाल अभी भी फरार हैं और पीड़ित परिवार को धमकियां दे रहे हैं। बरखा शर्मा ने एसएसपी से मांग की है कि आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए और उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए।

# पांच परीक्षा केंद्रों के कक्ष निरीक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**पन्द्रह परीक्षा केन्द्रों पर छह दिसम्बर को होगी परीक्षा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा जो कि जनपद में दिनांक 6 दिसंबर 2025 को प्रस्तावित परीक्षा के संबंध में अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में 15 परीक्षा केंद्रों के कक्ष निरीक्षकों को जिला पंचायत सभागार में दिया गया प्रशिक्षण।

प्रशिक्षण में आयोग के निर्देशानुसार सभी कक्ष निरीक्षकों को उनके दायित्व के विषय में अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया, कि किस प्रकार से उन्हें अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड पर होलोग्राम देखकर ही बैठाना है और उसके पश्चात क्रम वाइज प्रश्नपत्रिका और ओएमआर उपलब्ध कराना है।

उस पर यह भी देखना है कि दोनों का सीरियल क्रमांक एक ही होना चाहिए और परीक्षा संपन्न होने के पश्चात अभ्यर्थियों से ओ एम आर के तीन प्रति में से दो प्रति लेनी है और नीले रंग की प्रति अभ्यर्थी को वापस देनी है प्रशिक्षण तीन बैच पर रहा प्रत्येक बैच पर पांच-पांच विद्यालयों के कक्ष निरीक्षकों ने प्रतिभाग किया।

जिला विद्यालय निरीक्षक निरीक्षक ने सभी कक्ष निरीक्षकों को सुचिता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।

# डीजे बजाने को लेकर बाराती व ग्रामीणों में हुआ पथराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** डीजे पर सपना चौधरी और अताउल्ला खान के गाने बजाने को लेकर ग्रामीणों और बारातियों में जोरदार संघर्ष हुआ। जिसमें दोनों और से जमकर पथराव हुआ। पत्थरबाजी से बचने के लिए जिसको भी जहां जगह मिली वहीं पर उसने ओट ले ली। इस मामले में दोनों पक्षों के कई लोग घायल बताये गये हैं जबकि कई लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी में ईदगाह के समीप रहने वाले शाहिद अहमद के यहां पर बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के गांव जोगिया खेड़ा से मंगलवार के दिन बारात आई हुई थी। तब बारात में शामिल डीजे पर कोई सपना चौधरी के गाने तो कोई अताउल्ला खान के गाने बजाने को कहा रहा था कि इसी दौरान नाचने के दौरान गांव का ही एक छोटा बच्चा डीजे की बुग्गी की चपेट में आ गया और मामूली रुप से घायल हो गया। तब इसी बात से क्षुब्ध होते ही बच्चे के परिजनों ने बारातियों को भला बुरा कहा तो बाराती भी अपने आपको कम नहीं माने और वे भी ग्रामीणों से मुंह भाषा करने लगे। तब ग्रामीणों और बारातियों में मारपीट शुरु हो गयी।

यह मारपीट पथराव में बदल गयी। जिसको सड़क पर जहां पर ईंट रोड़ा पत्थर मिला वो ही उसने उठाकर एक दूसरे की तरफ फैंकना शुरु कर दिया। दोनों और से जमकर गाली गलौज हुई और एक दूसरे को जान से मारने की धमकी देकर अफरा तफरी पैदा कर दी। दोनों और से जमकर पथराव हुआ तो दोनों और से कई लोग चोटिल हो गये। घटना की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को खदेड़ते हुए दोनों और से कई लोगों को हिरासत में लिया और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में पहुंचाकर पूरे मामले की जांच शुरु कर दी। चर्चा है कि पथराव का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया है। अगर पुलिस समय पर ना पहुंचती तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था ऐसा ग्रामीणों का कहना था।

# श्री शुकदेव आश्रम में संगोष्ठी के समापन पर लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** चातुर्वेद संस्कृत प्रचार संस्थानम् काशी, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ तथा भागवत पीठ शुकतीर्थ के संयुक्त तत्त्वाधान में श्रीमद् भागवत के विविध आयाम भारतीय ज्ञान परंपरा के परिप्रेक्ष्य में विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन पर वेदों, पुराणों उपनिषदों और महाभारत ग्रंथों पर राष्ट्रीय मंथन गोष्ठियां करने का संकल्प लिया गया। ट्रस्टी ओमदत्त देव के अभिवादन भाषण के साथ शांतिपाठ हुआ। दूसरे दिन सम्पूर्ति सत्र में मुख्य वक्ता पद्मश्री प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र ने कहा कि चातुर्वेद संस्कृत प्रचार संस्थान ने प्रतिवर्ष अलग-अलग तीर्थों में जाकर विविध शास्त्रीय विषयों पर संगोष्ठी करने का जो संकल्प लिया है, वह न केवल संस्कृत शास्त्रों के संरक्षण में महत्वपूर्ण होगा, अपितु इससे भारतीय संस्कृति से समाज को जोड़ने का भी कार्य होगा। विशिष्ट वक्ता बिहार के छपरा से आए प्रो. वैद्यनाथ मिश्र ने कहा कि शुकतीर्थ संस्कृत व संस्कृति का केन्द्र है। यहां संस्कृत के शोधार्थियों को संगोष्ठी से नई प्रेरणा मिलेगी।

केंद्रीय तिब्बती विश्व विद्यालय, सारनाथ संस्कृत शब्द विद्या संकाय प्रमुख प्रो. धर्मदत्त



चतुर्वेदी ने कहा कि संस्थान विगत 26 वर्षो से लगातार संस्कृत संवर्धन पर प्रयासरत है। चातुर्वेद संस्कृत प्रचार संस्थान, काशी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी ने कहा कि भागवत का राष्ट्र उत्थान और सही समाज के निर्वाण में महत्वपूर्ण योगदान है। भागवत अनुष्ठान एक साधना यज्ञ है। भागवत पीठ के ट्रस्टी ओमदत्त देव ने कहा कि पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज के प्रेरक मार्गदर्शन में हुई संगोष्ठी संस्कृत विद्यार्थियों को साधना का मार्ग दिखाएगी। भागवत पीठ में जो शांति और ज्ञान ऊर्जा का अनुभव होता है। यह ब्रह्मलीन स्वामी कल्याणदेव जी महाराज जैसे दिव्यात्मा संतों के तप, त्याग और सदाचरण का फल है। सम्पूर्ति सत्र पर तकनीकी सत्रों का आयोजन हुआ, जिसमें कुल 40 से अधिक शोधपत्रों का वाचन तथा विशिष्ट वक्ताओं का व्याख्यान हुआ। नामित शोधपत्रों को उत्कृष्ट शोधपत्र पुरुस्कार मंचासीन अतिथियों ने प्रदान किये। महामुनि श्री शुकदेव का चित्र, प्रशस्ति पत्र, शॉल भेंट किया गया। श्री शुकदेव संस्कृत विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र उप्रेती ने आभार जताया। संचालन संस्था के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. चन्द्रकान्त दत्त शुक्ल ने किया। संगोष्ठी में प्रो. रीता तिवारी, प्रो. मंजुलता शर्मा, डॉ राजेन्द्र त्रिपाठी , डॉ धनन्जय मणि त्रिपाठी, डॉ. इन्द्रेश पाण्डेय, डा. तपस्वी पाराशर, डॉ योगेन्द्र कुमार, डॉ मूलचन्द्र शुक्ल, डॉ प्रमोद कुमार मिश्र, डॉ खगेन्द्र मिश्र, डॉ अम्बरीश मिश्र, डॉ तेजप्रकाश, डॉ राजीव मिश्र, डॉ आशीष मणि त्रिपाठी, डॉ रविकान्त भारद्वाज, कथाव्यास अचल कृष्ण शास्त्री, सुमन कृष्ण शास्त्री, आचार्य अतुल अवस्थी, डा. अंकुश आदि उपस्थित रहे।आयोजन में ठाकुर प्रसाद, युवराज, दीपक मिश्रा का सहयोग रहा।

**संत विभूति कल्याणदेव का भावपूर्ण स्मरण:** राष्ट्रीय संगोष्ठी में पधारे सैंकड़ों संस्कृत विद्वानों, आचार्यो ने सिद्ध अक्षय वटवृक्ष की परिक्रमा कर एक स्वर में भागवत मंगलाचरण एवं चतुरूश्लोकी भागवत का सामूहिक पाठ किया। सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्व विद्यालय वाराणसी के पूर्व कुलपति पद्मश्री अभिराज राजेंद्र मिश्रा एवं प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी के साथ विद्वानों ने स्वामी कल्याणदेव के समाधि मंदिर में महान संत विभूति को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सपा की एसआईआर हेल्प डेस्कों से घबराई भाजपा : सत्येंद्र पाल

**बीएलओ पर लगाया मतदाताओं का सहयोग न करने का आरोप**

**बुढाना।** समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल ने कहा कि बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर एसआईआर के संबंध में जो हेल्प डेस्क लगाई गयी हैं उसमें मतदाताओं और उनके कार्यकर्ताओं की एक्टिविटिज देखकर भाजपा बौखलाई हुई है। वरिष्ठ सपा नेता सत्येंद्र पाल आज मंगलवार की देर रात बुढ़ाना कस्बे के वार्ड नंबर नौ में समाजसेवी शाहिद सिद्दीकी के आवास पर लगी हेल्प डेस्क पर मौजूद सैंकड़ों मुस्लिम लोगों से उनके एसआईआर फार्म चेक करने के उपरांत वहीं पर स्थित इरशाद रंगरेज के आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी मुस्लिम एसआईआर प्रक्रिया को लेकर काफी एक्टिव दिखाई पड़ रहे हैं लेकिन कुछ जगहों पर शिकायत मिली है कि बीएलओ मतदाताओं का सहयोग नहीं कर रहे हैं। बीएलओ पर सरकार और प्रशासन ने इतना लोड डाल दिया है कि वे बच्चों को स्कूल और में शिक्षा देने में असमर्थ से दिखाई पड़ रहे हैं और चिड़चिड़े से भी हो गये हैं। उन पर एसआईआर फार्मो को भरने की जिम्मेदारी के अलावा बच्चों को पढ़ाने और जो सरकार ने उनके मोबाइलों में तरह तरह के ऐप डाउनलोड करा रखे हैं उनको भी देखने का काम दिया हुआ है। ऐसे में बीएलओ अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। अब तक पूरे प्रदेश में नौ बीएलओ इसी टेंशन में मर चुके हैं। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में अखिलेश यादव ने जगह जगह पर एसआईआर अभियान के चलते हजारों हेल्प डेस्क लगाई थी हैं। जिसमें सपा कार्यकर्ता बीएलओ का सहयोग कर रहे हैं। बुढ़ाना विधानसभा में भी उनके द्वारा दर्जनों हेल्प डेस्क लगाकर मतदाताओं और बीएलओ का सहयोग किया जा रहा है। बुधवार 3 दिसम्बर को बुढ़ाना कस्बे की वाल्मिकी बस्ती में हेल्प डेस्क लगाई जाएगी। वार्ता में पूर्व जिला पंचायत सदस्य अकरम खान पलड़ी, इरशाद रंगरेज, मोबीन सैफी, इकबाल उस्मानी, जाकिर रंगरेज, बीएलओ सियाराम सैनी, आफताब सिद्दीकी, शाहनवाज सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# कल्कि पीठाधीश्वर सनातन धर्म संसद का प्रस्ताव प्रधानमंत्री को देंगे

**मुजफ्फरनगर।** कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने हिंदू संघर्ष समिति के सनातन धर्म संसद को अपना समर्थन व आशीर्वाद दिया। जो 7 दिसंबर 2025 को हनुमत धाम शुकतीर्थ में होगा। हिन्दू संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधि मंडल कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम से सत्यप्रकाश रेशू अग्रवाल के नेतृत्व में मिला। जिसने 7 दिसंबर को होने वाली सनातन धर्म संसद के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कल्कि पीठाधीश्वर को दी।

कल्कि पीठाधीश्वर ने कल्कि धाम से आवाहन किया कि मुजफरनगर का हिंदू संगठन सशक्त है। जिसके कारण 2013 के कवाल दंगों पर मजबूताई से पकड़ कर ली गई।

परिणाम स्वरूप केंद्र में भाजपा की सरकार बन गई। जिसमें मुज़फ्फरनगर का विशेष योगदान रहा। आचार्य ने हिंदू संघर्ष समिति के हर मुद्दे को बारीकी से समझा व भारत सरकार के राज पुरोहित डॉ0




सीता रमन राम शास्त्री के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को व्यापन देने के लिए चलने को तैयार हो गए।

प्रतिनिधि मंडल के नरेंद्र पवार, अरूण प्रताप सिंह से पुरी जानकारी लेकर कार्यक्रम की प्रशंसा की। आचार्य ने कल्कि धाम में विश्व की पहली कल्कि कथा 7 दिसंबर तक होने के कारण व्यक्तिगत रूप से ना आने के लिए क्षमा मांगी परंतु समर्थन का बैनर आगे लगाकर आशीर्वाद दिया। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने तन, मन व संसाधन से सनातन धर्म संसद के आयोजन में लगे सभी 38 संगठनों को भी याद किया व इस अवसर पर कल्कि पीठाधीश्वर को मुज़फ्फरनगर का गुड़ - शक्कर भी भेंट किया गया। प्रति. निधि मंडल में नाकुर के विधायक मुकेश चौधरी, सत्यप्रकाश रेशू अग्रवाल, नरेंद्र पवार, अरूण प्रताप सिंह, जोगिंदर हुडडा, नवनीत मिश्रा, गौरव शर्मा आदि शामिल रहे।

# ईंट निर्माता समिति ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर दिया ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर।** खनन विभाग में खनन लिपिक कुलदीप पिछले कई वर्षो से कार्यरत है एवं भटटा व्यापारियो का लगातार शोषण कर रहा है पिछले वर्षो के अवैध खनन नोटिस भेजकर एक-एक लाख व दो-दो लाख रूपयो की मांग करता है नही तो कहता है कि अवैध खनन में तुमहारा माईनिंग परमिट निरस्त करा दूंगा और अवैध खनन का जुर्माना 8-10 लाख रूपये लगा दूंगा, और जो भटटे वाले अपना भटटा बन्द करते है तो उनकी सूचना की रिसिविंग के नाम पर मोटी उगाई करता है नही तो कहता है कि मैं तुम्हारी रायल्टी की रिकवरी तहसील में भेज दूंगा।

हमे काफी समय से उक्त खनन लिपिक की शिकायते भटटे मालिको द्वारा प्राप्त हो रही है तथा हमने कई बार उसको समझाया परन्तु वह भटटे वालो के शोषण से बाज नही आ रहा है। तत्काल प्रभाव से उक्त खनन लिपिक को उसके पद से बर्खास्त करके उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए, साफ छवि वाले बाबू को खनन लिपिक के पद पर नियुक्त करने की क्रपा करे। सभी भटटे व्यापारी आपके आभारी रहेगें।

## बेलड़ा मे ड्रग्स विभाग की छापामारी से हड़कंप

**मोरना।** ड्रग्स विभाग की टीम ने क्षेत्र के गांव बेलड़ा मे छापामारी की। जिससे मेडिकल स्टोर संचाल. को मे हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलडा में

विभागीय टीम ने मेडिकल स्टोर से कई दवाइयों के सैंपल लिए, जिन्हें परीक्षण के लिए भेजा गया है। ड्रग्स विभाग के अधिकारी पवन शाक्य ने बताया कि विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है।जहां अनियमितताएँ सामने आई हैं, जिनके आधार विभाग द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# बारात में शामिल बच्चे को लगी बाइक की टक्कर

**बुढाना।** एक बारात में उस समय जबरदस्त तरीके से अफरा तफरी का माहौल बन गया जब एक मोटर साइकिल की टक्कर बारात में शामिल एक बच्चे को लग गयी तो इससे पहले बारात में शामिल अन्य लोग मोटर साइकिल सवार को क्या कुछ भला बुरा कहते तब मौका पाकर मोटर साइकिल पर सवार ग्रामीण ने कुछ बारातियों पर अपनी पुत्री को छेड़ने का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया क्योंकि मोटर साइकिल पर आरोपी चालक की पुत्री भी सवार थी। तब इस मामले को तूल देते हुए सैंकड़ों ग्रामीण कोतवाली जा पहुंचे और बारात में शामिल लोगों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए हंगामा खड़ा कर किया। बुढाना पुलिस ने इस मामले में दबाव पड़ने पर एक युवक को हिरासत में ले लिया है। मामला दो सांप्रदाय के लोगों से जुड़ा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार मोटर साइकिल सवार ग्रामीण पक्ष के लोगों के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना में आज मंगलवार के दिन अपने पिता के साथ बाइक पर अपने गांव लौट रही युवती के साथ गांव अलीपुर अटेरना से जा रही सलमानी समाज के लोगों की बारात में शामिल किसी बाराती ने पहले तो युवती के साथ छेड़छाड़ की और जब पिता और पुत्री ने इसका विरोध किया तो आरोप के मुताबिक कुछ बारातियों द्वारा पिता और पुत्री के साथ मारपीट की गई। सारा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। उधर सुचना पर बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंची और एक कथित आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरु कर दी। दूसरी और दूसरे सांप्रदाय के लोगों के अनुसार गांव में एक बारात में शामिल कुछ लोग सड़क के किनारे पर रुककर शादी की किसी रस्म को अंजाम दे रहे थे कि एक मोटर साइकिल पर सवार एक ग्रामीण जो अपनी पुत्री के साथ था उसकी मोटर साइकिल की टक्कर बारात में शामिल किसी बच्चे को लग गयी तो कुछ बारातियों ने मोटर साइकिल सवार ग्रामीण को टोका तो उसने अपनी पुत्री के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाकर मामला पूरी तरह पलट दिया और शोर मचा दिया। शोर शराबा सुनकर मौके पर आए लोगों ने ग्रामीण का ही साथ देते हुए हंगामा किया तो पुलिस ने वक्त पर पहुंच गयी। पुलिस ने ग्रामीण की शिकायत पर एक युवक को हिरासत में लेते हुए मामले की जांच शुरु कर दी है।

## गाली गलौज कर फ़सल पर चला दिया ट्रेक्टर

**मोरना।** ढांसरी गांव मे किसान के खेत में खड़ी फसल को पड़ोसियों ने ट्रेक्टर चलाकर खुर्द बुर्द कर दिया। यही नहीं आरोपियों ने उसके घर आकर गाली-गलौज करते हुए देख लेने की धमकी भी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# एसआईआर को राज्यमंत्री ने छात्राओं से मांगा सहयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नई मंडी मुजफ्फरनगर के प्रार्थना सभा प्रांगण में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने छात्राओं को एसआईआर फार्म से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर उन्हें जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन के साथ हुई।

विद्यालय के प्रबंधक शोभित जी तथा कोषाध्यक्ष राज सिंह ने पारंपरिक पगड़ी पहनाकरमंत्री का हार्दिक स्वागत किया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विद्यालय की प्रार्थना, वंदना, अनुशासन तथा विद्यालय द्वारा दिए जा रहे संस्कारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे विद्यालय समाज में सशक्त और संस्कारी नागरिकों के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने छात्राओं का एसआईआर फार्म की प्रक्रिया, उपयोगिता तथा उससे होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें सजग और भविष्य के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन सीमा सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक शोभित सिंह ने मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन सदैव विद्यालय और छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणादायक रहेगा।



# राजकीय हाईस्कूल हुसैनपुर में दिया साइबर क्राइम 1930 का जागरूकता संदेश



**मीरापुर।** राजकीय हाईस्कूल हुसैनपुर में उपनिरीक्षक हर्षित शर्मा ने छात्रों और महिलाओं को साइबर क्राइम से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 1930 की महत्ता बताते हुए कहा कि ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, बैंक धोखाधड़ी या किसी भी प्रकार की साइबर आपराधिक गतिविधि होने पर तुरंत इस नंबर पर संपर्क करें, जिससे पीड़ित की आर्थिक हानि को समय पर रोका जा सके। उन्होंने बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है और जागरूक रहकर ही ऐसे अपराधों पर रोक लगाई जा सकती है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला शिक्षिकाओं और छात्राओं ने भाग लिया। उपनिरीक्षक हर्षित शर्मा ने महिलाओं को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग करने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने, सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा करने से बचने और मजबूत पासवर्ड बनाने जैसी सावधानियों के बारे में बताया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति ऑनलाइन परेशान करता है या सोशल मीडिया पर अभद्र संदेश भेजता है, तो तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दें। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ ने पुलिस टीम का स्वागत फूल मालाओं के साथ किया। उन्होंने पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होते रहना आवश्यक हैं, जिससे छात्रों और महिलाओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े।

# खाटू श्याम संकीर्तन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** आश्विन मास की मोक्षदा एकादशी के पावन पर्व पर नवनिर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर परिसर, श्री झारखंड महादेव देवालय शिवपुरी खतौली में भव्य खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। बाबा श्याम के दरबार में दिनभर भजनख्रकीर्तन की गूंज रही और श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

कार्यक्रम में मुख्य यजमान संदीप अग्रवाल व प्राची अग्रवाल (पीली कोठी वाले, खतौली) रहे, जिन्होंने परिवार सहित बाबा श्याम की ज्योत प्रज्वलित कर संकीर्तन की शुरुआत कराई। पूरे परिवार ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में प्रमुख भजन गायिकाओं भावना रानी (अलीपुर अटेरना) और खुशबू राधा (सकौती) ने मनमोहक भजन प्रस्तुत किए। इनके अलावा शशि भारद्वाज, ज्योति अरोरा, सुबोध कुमार नगली, राहुल सागर, दीपक योगी, दीपक अरा. ेरा, अंकुर कुमार, भूमि, अंकिता व प्रीती ने भी भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। मोर छड़ी सेवा सुनील कुमार (अलीपुर अटेरना), लाइट एवं डेकोरेशन, संजय गोस्वामी परिवार जनरेटर व्यवस्था, राजेंद्र जनरेटर परिवार फूल व्यवस्था, गुलशन फूल भण्डार परिवार ,मंच संच. ालन संजीव कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजिव



अग्रवाल जैन मंडी, संदीप अग्रवाल पीली कोठी वाले, संजीव कुमार शर्मा प्रधानाचार्य, अनुराग शास्त्री, मदन छाबड़ा (वरिष्ठ भाजपा नेता), तरुण सूरी, संजय गोस्वामी, विपिन अरोरा, सुनील कुमार, सीताराम, मनोज उपाध्याय, अशोक कुमार शर्मा, संजय भार्गव, मास्टर आदिश जैन, सुनील बजाज, महावीर सिंह दयालपुरा, शंकर लाल, सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे। महिला श्रद्धालुओं में ज्योति अरोरा, कमलेश मिश्रा, अमित शिवाच, शशि भारद्वाज, सरिता योगी, उपासना अग्रवाल, प्राची अग्रवाल, शशि उपाध्याय, मिथिलेश महेश्वरी, आरती देवी, मुनेश देवी, ऐश्वती गोस्वामी आदि का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम में संगीत नटराज ग्रुप खतौली ने सुर और संगीत से माहौल को भक्तिमय बना दिया, जिसकी भक्तों ने खूब सराहना की। बाबा का भव्य दरबार सीताराम सकौती द्वारा सजाया गया।

## झंडा लगी गाड़ियों का आतंक जारी

मुजफ्फरनगर। शहर कोतवाली क्षेत्र के अस्पताल चौक स्थित एक कार ने एक बाइक सवार को मारी टक्कर। युवक गंभीर रूप से घायल टक्कर मारने के बाद गाड़ी सवार भागने लगे जब वह आनंदपुरी पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे तो गाड़ी नाले में जा गिरी, जिसके बाद कार सवार कार छोड़कर हुए फरार। स्थानीय लोगों का कहना है कि कार सवारों ने कई लोगों को मारी टक्कर मारी है। बताया जा रहा है कि कार सवार नशे में धुत्त थे।

**सार्वजनिक सूचना**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा संपत्ति से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैनामा (रजिस्ट्री दस्तावेज़) रास्ते में गुम हो गया है। दस्तावेज़ का नाम- बैनामा आईएन नंबर IN-UP15991692220650X, संपत्ति का विवरण- मकान संख्या 394/A, मोहल्ला बकरा मार्केट, चुंगी नंबर 2, जिला मुज़फ्फरनगर, रजिस्ट्री विवरण- बही संख्या 3/14AD, पृष्ठ 73/170/173, क्रमांक 1188, दिनांक 26-04-1989, कार्यालय केन्द्रीय अभिलेखागार (निबंधन), ज़िला मुज़फ्फरनगर, यह दस्तावेज़ मेरठ से मुज़फ्फरनगर आते समय रास्ते में कहीं खो गया। काफी खोजबीन के बाद भी दस्तावेज़ बरामद नहीं हुआ है। इस खोए हुए दस्तावेज़ का कोई भी व्यक्ति गलत उपयोग या लेन-देन न करे। ऐसा पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी को यह दस्तावेज़ मिलता है, तो कृपया तुरंत संपर्क करें।

**शपथकर्ता/आवेदक**

नाम: अनिल कुमार पुत्र जुगिन्दर

पता: ग्राम महलका, जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश, मो. 9259051751.

**खोया-पाया सूचना**

मेरी संपत्ति की रजिस्ट्री सं. 1 जिल्द 6098 के पृष्ठ 77 से 106 तक क्रमांक 11569 दिनांक 09/12/2019 व बही सं0.1 जिल्द 2935 के पृष्ठ सं0.163 से 171 तक क्रमांक 6737 दिनांक 23/06/2012 कहीं खो गई है। जिस किसी को प्राप्त हो वह एडवोकेट अमित मित्तल चेम्बर न. 37 सिविल कोर्ट मो0/9557573007 पर सम्पर्क करें

**अमरीश पत्नी मुस्तफा**
**ग्राम-चौसाना थाना झिंझाना**
**जिला शामली**

# यूथ फेस्ट में तीसरे दिन हुई रंगारंग प्रस्तुतियां

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज में आयोजित यूथ फेस्ट-2025 एक बहुप्रतीक्षित समारोह साबित हुआ, जिसमें आने वाली पीढ़ी की रचनात्मकता, प्रतिभा और गतिविधियों की रंगारंग प्रस्तुतियाँ हुई।

इस वर्ष के महोत्सव में यू.पी. तथा सीबीएसई बोर्ड के 43 स्कूलों के कुल 933 छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री राम कॉलेज के चेयरमैन डॉ. एस. सी. कुलश्रेष्ठ, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। युवा महोत्सव 2025 के तीसरे और अंतिम दिन तीसरी श्रेणी रचनात्मक गतिविधियों की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं ने छात्रों की कल्पनाशीलता, कौशल और कलात्मक दृष्टि को एक मंच प्रदान किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को कंसोलेशन प्राइज देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों के लिए निम्नलिखित परिणाम रहें। जिनमें




विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने अद्भुत प्रतिभा और कल्पनाशीलता का प्रदर्शन किया।

फेस पेंटिंग कंपटीशन में प्रथम स्थान-अलीया रानी, नवाब अजमत मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज ,द्वितीय स्थान-ज़रीन राना डी एस पब्लिक स्कूल , तृतीय स्थान ख्र मरियम, नवाब अजमत मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज, ज्वेलरी मेकिंग कंपटीशन में प्रथम स्थान अस्मा

एस एस के इंटर कॉलेज, द्वितीय स्थान अहाना, नवाब अजमत मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज, तृतीय स्थान ज़ीनत नवाब अजमत मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज। बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट कंपटीशन में प्रथम स्थान विशाल, एस जी आर आर पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान हुमैरा खान, नवाब अजमत मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज, तृतीय स्थान नशरा, नवाब अजमत मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज कोलाज मेकिंग कंपटीशन प्रथम स्थान अंजलि, डी एस पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान समद, एस जी आर आर पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान लायबा, नवाब अजमत मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज बार्बी डॉल मेकिंग कंपटीशन में प्रथम स्थान अरशी, नवाब अजमत मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज द्वितीय स्थान महिरम्शा, नवाब अजमत मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज, मेंहदी आर्ट कंपीटिशन में प्रथम स्थान जोया अंसार, शिक्षा श्रम, द्वितीय स्थान अक्षरा एस डी गर्ल्स गांधी कॉलोनी, तृतीय स्थान ख्रसुमैया, नवाब अजमत अली खान गर्ल्स स्कूल मुजफ्फरनगर। साथ ही इसमें विभिन्न विद्यालयों की अलग अलग छात्राओं को 10 सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

नेल आर्ट कंपीटिशन प्रथम स्थान अलीना, नवाब अजमत अली खान गर्ल्स स्कूल मुजफ्फरनगर। द्वितीय स्थान अनम एस डी गर्ल्स गांधी कॉलोनी तृतीय स्थान श्रुति एसडी गर्ल्स गांधी कॉलोनी फूड विदाउट फ्लेम में प्रथम स्थान ज़ैनब, नवाब अजमत अली खान गर्ल्स स्कूल मुजफ्फरनगर।

द्वितीय स्थान मिद्धत नूर नवाब अजमत अली खान गर्ल्स स्कूल मुजफ्फरनगर। तृतीय स्थान गुंजन, एस डी गर्ल्स गांधी कॉलोनी रही संचालन डॉ कपिल धीमान एवं छात्रा हुरैन खान द्वारा अत्यंत संयोजित एवं प्रभावी रूप से किया गया। इवेंट के सफल संच. ालन में अजय चौहान तथा कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रीतु पुंडीर साइंस विभाग) का विशेष योगदान रहा।

# कांग्रेसी रघुनंदन त्यागी का हुआ भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी विचार विभाग के राष्ट्रीय महासचिव रघुनंदन त्यागी ने कहा कि कांग्रेस के शासन में जो भी विकास कार्य हुए हैं भाजपा उन्ही कार्यो का उद्घाटन करने मे लगी है इस बात को देश की जनता भली भांति जानती हैं। श्री त्यागी बीते दिन जनपद बागपत के कस्बा रटौल में एक स्थान पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमैटी विचार विभाग के बागपत जिले के नये जिला अध्यक्ष और नगर पंचायत रटौल के सभासद महबूब अहमद के सम्मान में आयोजित किए गये सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सैंकड़ों लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभासद महबूब अहमद को कांग्रेस पार्टी में बागपत जिले में जो बडी जिम्मेदारी मिली है वे उसका अच्छी तरह से निर्वहन करें और पार्टी संगठन को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि सभी मुस्लिम अगर विभिन्न दलों का त्याग करके कांग्रेस में आ जाएं तो भाजपा का सूपड़ा पूरे देश से साफ हो जाएगा और देश में फिर से कांग्रेस की ही सरकार बनेगी। उन्होंने मुस्लिमों से आग्रह किया कि वे एसआईआर के फार्मो को सही तरीके से भरें। इसमें बिल्कुल भी ढिलाई ना करें नहीं तो नुकसान होगा।

इस दौरान कांग्रेस नेता रघुनंदन त्यागी का ढोल नगाड़ों की थाप पर फूल मालाओं से सैंकड़ों नगरवा. सियों द्वारा भव्य स्वागत हुआ। यहां सलीम सलमानी, राशिद मलिक, फैजुद्दीन, संजय, आसिफ, रवि, दिनेश, अल्ताफ व सचिन सहित सैंकड़ों नगरवासियों की उपस्थिति देखने को मिली।

**बेदखली/सूचना**

हमारा पुत्र मौ0 अदनान उम्र 33 वर्ष हमारे कहने-सुनने में नहीं है, गलत संगत में रहता है, इसलिए हम अपने पुत्र मौ0 अदनान को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए उससे समस्त संबंध विच्छेद कर रहे हैं। भविष्य में उसका हमारे व हमारे परिवार से कोई संबंध नहीं है। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**अतहर अहमद पुत्र श्री बसीर अहमद व श्रीमती नसीम अंजुम पत्नी श्री अतहर अहमद**

निवासीगण- 827/57, योगेंद्रपुरी, मुजफ्फरनगर, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

हम अपने पुत्र अतुल शर्मा व पुत्रवधू क्षमा शर्मा निवासीगण दयालपुरम कस्बा व थाना खतौली, जिला मुजफ्फरनगर को हमारे साथ अभद्र व्यवहार करने व हमारे कहने सुनने से बाहर होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दोनों से अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। भविष्य में दोनों के द्वारा किए गए किसी भी कृत्य अथवा लेन-देन की जिम्मेदारी उक्त दोनों की स्वयं की होगी। हमारी व हमारे परिवार के अन्य सदस्यो की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**मूलचन्द शर्मा पुत्र श्री प्रेमचन्द शर्मा**
**श्रीमति शशिकांता शर्मा पत्नी मूलचन्द शर्मा**
**निवासीगण- म .न.224, दयालपुरम,क़स्बा व थाना खतौली, जिला मुजफ्फरनगर**

# पटाका साइलेंसर पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## दो दिनों में 66,707 रुपये के काटे चालान, कई बुलेट सीज

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे में तेज धमाका करने वाले पटाका साइलेंसर से उत्पन्न शोर और परेशानियों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद खतौली पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल के निर्देशन में सोमवार और मंगलवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें नियम विरुद्ध साइलेंसर लगाने वाले बुलेट चालकों पर कड़ी कार्रवाई की गई।

पुलिस ने जीटी रोड से लेकर कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में गहन चेकिंग की। अभियान के दौरान कई बुलेट सवार पकड़े गए, जिनके वाहनों में तेज धमाका करने वाले प्रतिबंधित साइलेंसर लगे मिले। दो दिनों में कुल 66,707 रुपये के चालान काटे गए और सभी वाहनों को सीज किया गया।विगत सोमवार को अंतवाड़ा निवासी दीपांशु पुत्र मनवीर अपनी बुलेट (नंबर DL7 SC E 1261) में पटाखा जैसी आवाज करने वाला साइलेंसर लगाकर घूम रहा था। बाइक से तेज धमाका सुनकर पुलिस ने उसे रोका। जांच में उल्लंघन पाए जाने पर बाइक को मौके पर सीज करते हुए 20,707 रुपये का चालान किया गया। मंगलवार को जानसठ तिराहे पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने बुलेट UP15 CV 9717 को पकड़ा। बाइक सवार आशुतोष पुत्र जितेंद्र निवासी बुआड़ा पटाखा छोड़ने वाला साइलेंसर लगाकर बाइक चला रहा था। जांच के बाद वाहन को सीज करते हुए 16,000 रुपये का चालान किया गया। कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल ने बताया कि कस्बे में तेज आवाज वाली बुलेटों की शिकायतें लगातार बढ़ रही थीं। यह शोर न सिर्फ लोगों को परेशान कर रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं की वजह भी बन रहा है। उन्होंने कहा कि अनाधिकृत साइलेंसर लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। भविष्य में दोबारा पकड़े जाने पर वाहन का रजिस्ट्रेशन निलंबित किया जाएगा। नियम विरुद्ध वाहन संचालन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद कस्बे में चर्चा है कि अब पटाका साइलेंसर लगाने वालों के खिलाफ सख्ती बढ़ने वाली है। लोग इसे शांति और सुरक्षा के लिए एक सकारात्मक कदम बता रहे हैं।



# जेई ने गांव मिंडकाली में किया बिजली बिल राहत योजना का प्रचार

**बुढ़ाना।** ब्लॉक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव मिंडकाली में स्थित बिजली घर के अवर अभियंता पंकज गौतम ने अपनी टीम के साथ बिजली बिल राहत योजना का प्रचार किया। यह योजना बीती एक दिसंबर से शुरू हुई थी। जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में छूट प्रदान करना है। इस योजना के तहत बिजली चोरी के मामलों में शामिल उपभोक्ताओं को उनके बिलों पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। यह कदम ऐसे उपभोक्ताओं को राहत देने और उन्हें मुख्य धारा में लाने के लिए उठाया गया है। घरेलू बिजली कनेक्शन दो किलोवाट या एक किलोवाट वाले उपभोक्ताओं के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। उन्हें बिलों पर लगने वाले ब्याज में पूर्ण माफी और मूलधन में 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। जेई पंकज गौतम और उनकी टीम जिसमें लाइनमैन बबलू और कमल भी शामिल थे ने गांव में घूमकर योजना की जानकारी दी। उन्होंने मौके पर ही छूट के साथ संशोधित बिल बनाकर उपभोक्ताओं को वितरित किए। इस पहल से लोगों को काफी राहत मिली और वे संतुष्ट दिखाई दिए। कुछ उपभोक्ताओं ने इसे पहली बार मिली इतनी बड़ी छूट बताया। पंकज गौतम ने सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाते हुए अपने बकाया बिल जमा करें। उन्होंने कहा कि यह छूट एक बड़ा अवसर है और विभाग का सहयोग करें। सरकार ने बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं को भी राहत की सांस लेने का मौका दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### चाइल्ड हेल्प लाइन टीम ने बाल विवाह रुकवाया

**छपार।** एक नाबालिग जोड़े की शादी होने की सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन वालों ने पुलिस के साथ पहुंचकर रुकवा दिया ओर जोड़े को थाने ने लाया गया। पुलिस किशोरी को वनस्टोप भेजने की तैयारी कर रही है। गांव दतियाना में एक फार्म हाउस है उसमें जनपद एटा के कुछ लोग मजदूरी करते हैं ओर वहीं पर रहते हैं। मंगलवार को एक किशोर व किशोरी की शादी हो रही थी दोनों परिवार एटा निवासी हैं। किसी व्यक्ति ने 1098 को सूचना दी जिस पर मुजफ्फरनगर से चाइल्ड हेल्पलाइन सुप. रवाइजर भूवनेश्वर व केनवर्क मोहन थाने पहुंचे ओर पुलिस को साथ लेकर दतियाना फार्म हाउस पहुंचे वहां हो रही किशोर किशोरी की शादी को रुकवा दिया। पुलिस दोनों को थाने ले आई। चाइल्ड हेल्पलाइन लाइन के सुपरवाइजर का कहना है कि किशोरी को वनस्टाप भेजा जायेगा अगर उसके माता-पिता उसको ले जाना चाहते हैं लिखकर देना होगा कि बालिग होने पर ही शादी करेगें।

### पूरी ईमानदारी से काम कर रहे हैं सब बीएलओ

**बुढ़ाना।** सरकारी शिक्षक अमीर अहमद ने आज मंगलवार के दिन एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बतलाया कि ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र की खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव की अध्यक्षता में और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार के आदेश के अनुसार समूचे जनपद मुजफ्फरनगर के प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षा मित्र और अनुदेशक यानि कि सभी मिलकर एसआईआर का सर्वे करके फॉर्म फीड करने मे सहयोग कर रहे हैं। दिन और रात अध्यापक, अध्यापिकाएं तथा बीएलओ फॉर्म को भर रहे हैं तथा घर घर जाकर लोगों को जागरुक कर उनसे बचे हुए फॉर्म ले रहे हैं। सभी बीएलओ अपनी डडूटी पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से लगातार कर रहे हैं और जो उनके सहयोग में लगाए गए हैं वह भी उनके साथ सहयोग कर रहे हैं।

### आसपा नेता भी बीएलओ की कर रहे मदद

**बुढ़ाना।** आज मंगलवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत डूंगर में बीएलओ के साथ मिलकर विकास अंबेडकर ने एसआईआर फॉर्म भरने का कैंप लगाया। कैंप के माध्यम से जिन लोगों का अभी तक एसआईआर फॉर्म नहीं भरा गया था उन सभी लोगों के फॉर्म भरे गए और सभी को एसआईआर के प्रति जागरूक किया गया और अंतिम तिथि 04 दिसंबर की जानकारी देते हुए बताया गया कि अब अंतिम तिथि बढ़कर 11 दिसम्बर हो गई है। इसलिए जिन लोगों का अभी तक फॉर्म नहीं भरा है उन सभी लोगों को जानकारी दो और उन सभी के फॉर्म भरवाओ। सभी लोग जागरुक होकर के अपना एसआईआर फॉर्म जरूर भरें आपका वोट ही आपका अधिकार है अन्य किसी भी मदद के लिए आप हमारी मदद ले सकते हैं। एसआईआर फॉर्म भरने के दौरान विकास अंबेडकर पूर्व जिला प्रभारी आजाद समाज पार्टी कांशीराम, राष्ट्रीय महासचिव गुरु रविदास विकास मंच व बीएलओ रश्मि, कांता, आंगनवाड़ी सहायिका बॉबी, सुरेश पाल, बिहारी लाल, सेवाराम, लाजवंती सुरेशो, उषा, सुशीला और विवेक इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# कादिर एआईएमआईएम मीडिया प्रभारी बने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आज मंगलवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव जोला में कादिर राणा के आवास पर आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी को मजबूत करने पर बातचीत की गयी और कहा गया कि सांसद असदुद. ीन ओवैसी के हाथों को मजबूत करना ही हम सभी का एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए। यहां पर कादिर राणा को आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी का मीडिया प्रभारी मीटिंग में मौजूद सभी लोगों की सहमति से बनाया गया।



इस दौरान यहां पर उनको हाथों हाथ आल इंडिया मजलिस ए इत्ते. हादुल मुस्लिमीन पार्टी मुजफ्फरनगर के जिला मुख्य महासचिव आज़म फारूकी और बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष अब्दुल रहीम के कर कमलों के द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**भोपा।** न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल जट मुझेडा में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ धूमधाम से सांस्क्रतिक कार्यक्रम के बीच हुआ। स्कूल के भाभा, लक्ष्मी, पटेल व टैगोर समूह के छात्र-छात्राओं ने उत्साह से मार्च पास्ट किया तथा सीनियर खिलाडी मशाल लेकर मैदान में दौड़े।

शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, विशिष्ठ अतिथि विराज तोमर, नीरज बालियान, अनगं सिंघल व संदीप मलिक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया तत्श्वचात भाभा, लक्ष्मी, पटेल, टैगोर ने उत्साह से मार्च फास्ट किया। जिसके बाद सीनियर खिलाडी हरनीत कौर, देव चौधरी, पवित्र राठी, सृष्टि, आर्य चौधरी, नमन अंशिका मशाल लेकर दौड़े। छात्रा आकांक्षा ,सांची, जानवी ,वंशिका, मानवी, हरकीरत, तृषा, किंजल, अक्षा, अवनी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। छात्रा आन्या, नित्य, रिया, मोहिनी, रिया धीमान, अनया, अनन्या ने राजस्थानी लो. कगीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। छात्र अनमोल, अभिराज, कृष्ण, विराट, आयुष, यश,अर्पित ,प्रांजल, अभिमन्यु ,विश्वास, आहिल ,शौर्य, अरमन कौर, करमन कौर, अक्षिता, मानवी त्यागी, अक्षा ने पंजाबी डांस भंगडा प्रस्तुत किया। पहले दिन के खेल में अंब्रेला रेस में आश्वी, पारस, पूरव, बटरफ्लाई रेस में अक्षत राठी, हिबा, आदित्य, वॉटर बॉटल रेस में साद, सान, आयुष रहे, शूज एंड सॉक्स रेस में बालक वर्ग में यूवी, हार्दिक क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि खेल प्रतियोगिता केवल मनोरंजन नहीं बल्कि शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है प्यह बच्चों को अनुशासन, एकाग्रता, टीमवर्क और स्वस्थ जीवन शैली की सीख देते हैं। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान श्री विजय कुमार, वीरपाल सिंह, ब्रजपाल सिंह, नवाब सिंह, विद्यालय के अध्यक्ष विनय कुमार, उपाध्यक्ष केके आनंद, प्रबंधक दुष्यंत त्यागी, प्रधानाचार्य मनीष कुमार मौजूद रहे।



# पशुओं में रोग आया तो गौशाला में किया चूने का छिड़काव

बुढ़ाना। माधव गौशाला परासौली की आधा दर्जन गायों में खुर-मुंह का रोग आने से गौशाला संचालक ने घरेलू उपाय करते हुए आज मंगलवार के दिन गायों के बैठने के स्थान पर कली चूने का छिड़काव करवाया। इस गौशाला में चार गायों के मुंह आ रहे हैं जो कुछ भी खा पी नहीं रही हैं जबकि दो गायों के खुरों में कीडा लगने से गायें बैठ गयी हैं। इस बीमारी से गांव परासौली के अंकुर वाल्मिकी की गाय दो दिन पूर्व मर गयी थी। जिसको लेकर पशु पालकों में भी हड़कंप मच गया है। इस संबंध में गौ रक्षक छोटा सैनी ने बताया कि प्रशासन तो कोई सुध नही ले रहा है। बस अब वे ही अपने स्तर से बड़ों की राय लेते हुए गायों के बैठने के स्थान पर कली चूने का छिड़काव करवा रहे हैं। इससे गायों के खुरों में कीड़ा नहीं लगता। कीड़े खुद ब खुद मर जाते हैं। छोटा सैनी के अनुसार लावारिस पशु खुर-मुंह के रोग से ग्रस्त हैं। माधव गौशाला में भी पशुओं में यह रोग पाया गया है। खुर-मुंह रोग अत्यंत संक्रामक विषाणु जनित रोग है। यह छूत की बीमारी है। इस रोग से पशु की मौत तो नहीं होती लेकिन दूध देने वाले पशु दूध देना कम कर देते हैं या बंद कर देते हैं। यह रोग गाय, भैंस, भेड़, बकरी व सूअर आदि पशुओं को होता है। पशु चिकित्सा विभाग ने इसकी रोकथाम के लिए कोई भी कदम अभी तक भी नहीं उठाया है। पशुओं के खुरों में कीड़े पाए गए हैं। यह रोग पशुओं को आंख से नही दिख पाने वाले छोटे कीड़े से होता है। इसे विषाणु कहते हैं। इसके लिए कोई भी मौसम निश्चित नहीं है। यह रोग कभी भी फैल सकता है। इस रोग में पशु को तेज बुखार होता है। बीमार पशु के मुंह, मसूड़े, जीभ के ऊपर नीचे व खुरों के बीच की जगह पर छोटे-छोटे दाने से उभर आते हैं। धीरे-धीरे ये दाने आपस में मिलकर बड़ा छाला बनाते हैं। ये छाले फट जाते हैं और उनमें जख्म हो जाता है। ऐसी स्थिति में पशु जुगाली करना बंद कर देता है। मुंह से लार गिरती है। पशु सुस्त पड़ जाते हैं और कुछ भी नहीं खाते हैं। खुर में जख्म होने से पशु लंगड़ाकर चलता है। जख्मों में जब कीचड़ मिटी आदि लगती है तो उनमें कीड़े पड़ जाते हैं। दुधारू पशुओं में दूध का उत्पादन एकदम गिर जाता है। गौ रक्षक छोटा सैनी ने पशु विभाग से इस और ध्यान दिए जाने की मांग की है।



**क्या है उपचार....**

बुढाना। उक्त रोगों से ग्रस्त पशुओं के खुर को नीम व पीपल की छाल का काढ़ा बनाकर दिन में 2 से 3 बार धोना चाहिए। खुरों को फिनाइल युक्त पानी से दिन में दो-तीन बार धोकर मक्खी को दूर रखने वाली मरहम का प्रयोग करना चाहिए। मुंह के छाले को एक ग्राम फिटकरी 100 मिलीलीटर पानी में घोलकर दिन में तीन बार धोना चाहिए। पशुओं को मुलायम चारा दें।

# सपा नेता असद पाशा के बेटे जैद असद का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ़्फ़रनगर।** समाजवादी पार्टी नेता असद पाशा के बेटे जैद असद (20) का आज दुखद निधन हो गया। उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद परिजनों ने उपचार कराया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके।

जैद असद के निधन की सूचना से पूरे क्षेत्र में गहरा शोक फैल गया है। परिवार, रिश्तेदारों और परिचितों में मातम का माहौल है। सोशल मीडिया पर भी लोग उनके निधन पर दुख व्यक्त कर रहे हैं और परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट कर रहे हैं। सपाईयों ने दिवंगत जैद असद के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। ईश्वर परिवार को इस कठिन समय में शक्ति दे और दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे।



# पूर्व विधायक ने एसआईआर के चलते समीक्षा बैठक की

**बुढ़ाना।** विधानसभा क्षेत्र के कस्बा बुढाना में एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण वार रूम पर वोट अभियान को लेकर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। इस दौरान उनके द्वारा मतदाता सत्यापन, नए मतदाताओं के पंजीकरण, छूटे हुए मतदाताओं को जोड़ने की प्रक्रिया, बूथ स्तर पर कार्य की प्रगति तथा आने वाली चुनौतियों पर गहन चर्चा की गई। एसआईआर वोट अभियान को समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी रूप से पूर्ण कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए ताकि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर यहां मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक, व्यापारी नेता राज. ेश संगल, अंकुश राठी, कुलदीप बागड़ी, मुकेश शर्मा उकावली, सुधीर सैनी, भारतीय जनता पार्टी बुढ़ाना मंडल के अध्यक्ष मोनू ठाकुर कुरथल, पुनीत पंवार, बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व सभासद मुकेश शर्मा और पवन वर्मा आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों की मौजूदगी देखने को मिली।

# अनुभव मेमोरियल एकेडमी के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

**मीरापुर।** अनुभव मेमोरियल एकेडमी के विद्यार्थियों के लिए हस्तिनापुर और गांधीबाग, मेरठ का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण में छात्रों ने ऐतिहासिक स्थलों, प्राक्रतिक सौंदर्य और वन्य जीवन संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। विद्यार्थियों के साथ इस ट्रिप पर विद्यालय के मनोज शुक्ला, प्रिंस कुमार, अक्शा मुस्कान, राइम, मीनाक्षी चौधरी और नेहा कोनेका शामिल रहे, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ बच्चों का मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन किया। विद्यालय की प्रबंध निदेशक शिखा शर्मा और डायरेक्टर राजेश शर्मा ने इस शैक्षणिक भ्रमण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गति. विधियाँ विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया को और अधिक रोचक एवं ज्ञानवर्धक बनाती हैं। यह ट्रिप विद्यार्थियों के लिए मनोरंजक तथा ज्ञानवर्धक अनुभव साबित हुई।



# खिलाड़ियों के अभाव में नहीं हुई वॉलीवॉल व जूडो प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** बरला इंटर कॉलेज में प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत दो दिवसीय प्रतियोगिता में दूसरे दिन के वालीवाल व जूड़ो खेल के लिए खिलाड़ी न मिलने पर खेल नहीं हो सके। पहले दिन प्रथम स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अंकुर कुमार ने सम्मानित किया। सोमवार को बरला इंटर कालेज में ग्रामीण युवाओं में प्रतिभा निखारने के लिए दो दिवसीय खेल लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कबड्डी, वाल. ीवाल, दौड़,कूद आदि खेलों का आयोजन किया गया जिसमें 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर रही वैष्णवी व दूसरे स्थान पर सीफा परवीन व बालक सीनियर कबढी में प्रथम रही गांव खिंदडिया व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम के खिलाड़ियों को क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी पुरकाजी ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर देकर सम्मानित किया जिससे आने वाले समय में युवा खेल के प्रति जागरूक हो। दूसरे दिन वालीवाल व जूडो खेल होने थे उसके लिए खिलाड़ी नहीं मिले इसलिए दूसरे दिन के खेल नहीं हो सके।

# भूड़ रजवाहा की पटरी चौथे दिन भी नहीं हुई दुरुस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** भूड़ रजवाहा की टूटी पटरी को टूटे चार दिन गुजर जाने के बाद भी सिंचाई विभाग द्वारा मरम्मत न किए जाने से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। हालात यह हैं कि पिछले 14 दिनों में रजवाहा चार बार टूट चुका है, लेकिन विभाग अभी भी सक्रिय नहीं दिख रहा। शुक्रवार देर रात हुए ताज़ा टूटने के बाद पानी कॉलोनी में घुस गया था, जिससे दर्जनों घरों के अंदर तक जलभराव हो गया और लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

ग्रामीणों ने विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि रजवाहा सफाई के दौरान जेसीबी का इस्तेमाल बिना सावधानी किया जाता है, जिससे सीमेंटेड पटरी कई जगहों से टूट जाती है। ऐसी टूटी जगहों से लगातार मिटी रिसती रहती है और कुछ ही दिनों में पटरी धंसकर टूट जाती है। इसके चलते बस्ती में बार-बार पानी घुस रहा है, जिससे कई घरों की नींव कमजोर हो गई है और दीवारों में दरारें पड़ गई हैं। ग्रामीणों को आशंका है कि हालात ऐसे ही रहे तो मकान गिरने का खतरा बढ़ सकता है। घटना की रात बस्ती में पानी भरने से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई घरों के आंगन, कमरे और दुकानों में पानी घुस गया। महिलाओं को दिक्कतें झेलनी पड़ीं और छोटे बच्चों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग को कई बार सूचना दी गई, लेकिन कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। नतीजा यह हुआ कि जलभराव से घरों का सामान खराब हो गया और कई परिवारों को आर्थिक नुकसान हुआ। जलभराव से नाराज ग्रामीणों के बीच उस रात भाकियू नेता अंकुश प्रधान भी पहुंचे। आक्रोशित प्रधान सीधे रजवाहे में उतर गए और पानी के बीच खड़े होकर सिंचाई विभाग के खिलाफ नारेबाजी की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि रजवाहा पिछले कुछ दिनों में कई जगहों से टूट चुका है, लेकिन विभाग सिर्फ खाना-पूर्ति कर रहा है। अब हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। मंगलवार को खलील, नाज़िम, वाजिद, मेहताब, छोटन, शकील, रियासत, साबू, मोहम्मद अली, सलीम, बिट्टू, इमरान समेत दर्जनों ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। लोगों ने चेतावनी दी कि अगर टूटे हिस्से की मरम्मत तुरंत नहीं की गई, तो वे सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। सबसे हैरानी की बात यह है कि भारी हंगामे और लगातार शिकायतों के बावजूद चार दिन बाद भी विभाग की कोई टीम मौके पर नहीं पहुंची। ग्रामीणों का कहना है कि यह विभाग की घोर लापरवाही है और हर साल ऐसी स्थिति होती है, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला जाता। ग्रामीणों और भाकियू नेताओं ने मांग की कि टूटी पटरी को तुरंत मजबूत तरीके से दुरुस्त किया जाए। क्षेत्र में हर साल होने वाले जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान निक. ाला जाए। ग्रामीणों को हुए नुकसान की भरपाई सिंचाई विभाग करे। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा, अगर विभाग ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन पूरे क्षेत्र में फैल जाएगा।

# जीएसटी और पीआर रिव्यू पर किया सीए सेमिनार का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आईसीएआई की मुज़फ़्फ़रनगर शाखा द्वारा विष्णु विहार, जानसठ रोड स्थित शाखा कार्यालय में जीएसटीआर 9 एण्ड 9सी प्री रिव्यू पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

शाखा अध्यक्ष सीए सुरेंद्र कुमार ढींगरा ने मुख्य अतिथि सीए नितिन गुप्ता , वक्ता सीए ध्रुव गोयल एवं सीए मोहित गोलचा ,सत्र अध्यक्ष सीए पवन गोयल, शाखा समिति और उपस्थित सभी चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सेमिनार में स्वागत किया।सेमिनार का शुभारंभ द्वीप प्रजनन एवं सीए मोटो सॉन्ग के साथ किया गया। प्रथम सत्र में दिल्ली से पधारे सीए मोहित गोलचा ने सभी सीए सदस्यों को अपनी प्रैक्टिस में ळैज्त 9 – 9ब पर एक व्यावहारिक सत्र प्रदान किया, द्वितीय सत्र में सीए ध्रुव गोयल ने चम्म्त त्म्टप्म् पर एक व्यावहारिक सत्र प्रदान किया एवं उनका मार्गदर्शन किया और उनकी समस्याओं का समाधान किया।कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ सदस्यों के साथ-साथ नए सीए सदस्य भी उपस्थित रहे।



शाखा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ढींगरा, उपाध्यक्ष सीए सुनील कुमार, सचिव सीए अतुल कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए संजय बंसल,सीक. ासा अध्यक्ष अन्किता कौशल एवं कार्यकारी सदस्य सीए सागर मंगल भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में शहर के सम्मानित सीए अजय अग्रवाल, सीए अंकित मित्तल , सीए संजय जैन,सीए संजय तायल, सीए विपिन कुच्छल, सीए नितिन अग्रवाल, सीए विशाल शर्मा, सीए पवन गोयल, सीए राजीव सिंघल, सीए सुधीर, सीए विपिन संगल, सीए अक्षय वर्मा, सीए अरविंदर भाटिया सहित भारी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

अंत में, सचिव सीए अतुल कुमार अग्रवाल ने सभी वक्ताओं, मुख्य अतिथि और उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सेमिनार से सदस्यों को न केवल जानकारी प्राप्त हुई, बल्कि उन्हें अपने कौशल को और निखारने का अवसर भी मिला।

# ईश्वर का चिंतन मनन जीवन सफलता की कुंजी: गजेंद्र कामर्थी

मोरना। पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे स्थित हनुमंतधाम मे श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।कथा के शुभारम्भ अवसर पर तीर्थ के मुख्य मार्गो से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। तथा गंगा घाट पर मां गंगा की पूजा की गयी व कलश पूजन किया गया।जिसमें बड़ी संख्या मे महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने आस्था व उत्साह पूर्वक भाग लिया।

कथा के प्रथम दिन व्यास पूजा के उपरांत पंडित गजेन्द्र कामर्थी महाराज ने भक्ति चरित्र और गोकर्ण उपाख्यान की कथा कहते हुए बताया कि व्यक्ति को कैसी भी आपत्ति आ जाए उसे भगवान का चिंतन अवश्य करते रहना चाहिये कथा व्यास ने बताया कि संसार में कार्य करते रहते हुए भी ईश्वर का मनन हमेशा करते रहना चाहिए। ईश्वर के भजन के लिए बुढ़ापे की प्रतीक्षा नहीं करना चाहिए।भजन किशोर अवस्था से ही आरम्भ कर देना चाहिए। ईश्वर की भक्ति व भजन से जीवन संस्कारशील रहेगा। ईश्वर की पूजा के लिए वृद्ध होना आवश्यक नहीं है। पूरा जीवन ही ईश्वर को समर्पित होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति ईश्वर के द्वारा ही संसार मे भेजा गया है। ईश्वर का ध्यान और चिंतन अच्छे कार्यो के लिए प्रेरित करेगा।हमें सनातन धर्म की रक्षा के लिए सजग रहना है।सनातन सदमार्ग है।पौराणिक है और आदिकाल से है।श्री मदभागवत कथा के श्रवण से मन को शान्ति मिलती है।हृदय पवित्र और वैराग्य होता है।कथा का आयोजन मध्य प्रदेश के ग्वालियर से आये यज्ञमान सुरेश मुदगल तथा बालाजी मंडल द्वारा किया जा रहा है।



**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस ने मुठभेड़ में सवा लाख के इनामी मिथुन को किया ढेर

शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** एक लाख रूपए का इनामी कुख्यात बदमाश मिथुन सोमवार देर रात पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस द्वारा जुटाई गई जानकारी के अनुसार मिथुन लंबे समय से कई गंभीर मामलों में वांछित चल रहा था और विभिन्न राज्यों में अपराधों को अंजाम देकर फरार हो जाता था।

मिथुन के खिलाफ पहला बड़ा मामला गांव अलाउद्दीनपुर निवासी पूनम पत्नी इतवारी की तहरीर पर दर्ज हुआ था। पूनम ने आरोप लगाया था कि मिथुन ने उसके पति तथा देवर पर चाकुओं से हमला किया था। इस हमले में महिला के देवर भारत की मौत हो गई थी। घटना के बाद पुलिस ने मिथुन अलौदीनपुर और किशन उर्फ पेंटर निवासी खो. कसा के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था।







एक अन्य मामले में वह थाना आदर्श मंडी पुलिस के हत्थे चढ़ा था, जहां पूछताछ के दौरान उसने गांव के ही भारत की चाकू मारकर की गई हत्या को कबूल किया था। आरोप साबित होने पर उसे जेल भेज दिया गया था।

**परिवारिक घटनाक्रम और टूटते रिश्ते**

जानकारी के मुताबिक बड़े विवाद से पहले मिथुन की पत्नी कमलेश को एक घरेलू कार्यक्रम में गोली लग गई थी। इसी घटना के बाद घरेलू कलह बढ़ा और मिथुन के जेल जाने के बाद उसकी पत्नी तीन बच्चों को छोड़कर चली गई थी। दो बेटियां और एक बेटा वर्तमान में मिथुन की मां मैना के संरक्षण में रह रहे हैं। परिजनों ने बताया कि मिथुन इसी वर्ष अप्रैल में जेल से रिहा हुआ था। रिहाई के बाद उसने गांव की ही रामरति से शादी कर ली थी और दिल्ली में एक रेस्टोरेंट में वेटर की नौकरी करने लगा था। बताया जाता है कि पुराने विवादों में मुखबिरी के शक से उसके और गांव के लोगों के बीच तनाव बना रहता था।

**लगातार अपराधों का सिलसिला**

पुलिस के अनुसार मारा गया आरोपी मिथुन अत्यंत शातिर था और कई राज्यों में सक्रिय था। उस पर बाइक चोरी, हत्या का प्रयास, हत्या, गैंगस्टर एक्ट सहित 20 गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। इन मामलों में तमिलनाडु, दिल्ली में 3, बड़ौत 1, बागपत 1, झिंझाना थाना 6, थाना आदर्श मंडी में 2, शामली कोतवाली 1, आंध्र प्रदेश गुंटाकल में 5 मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। कुल मिलाकर मिथुन कई राज्यों में फैले अपराध नेटवर्क का हिस्सा था और पुलिस की नजर में लंबे समय से वांछित चल रहा था। सोमवार रात हुई मुठभेड़ में उसके मारे जाने के साथ ही सक्रिय एक खतरनाक अपराधी का खात्मा हो गया।

## मतदाता पुनरीक्षण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला मुख्यालय पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय हामिद हुसैन ने बताया कि अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर जारी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 4 नवंबर से आलेख्य प्रकाशन से अंतिम प्रकाशन तक के दौरान किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज कराने के लिए मतदाता कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते हैं। कंट्रोल रूम का टेलीफोन नंबर 01398-270203 तथा टोल-फी नंबर 1950 है। यह सेवा रात-दिन उपलब्ध रहेगी। हामिद हुसैन ने सभी मतदाताओं से अपील की कि निर्वाचक नामावली से संबंधित किसी भी समस्या पर वे तुरंत कंट्रोल रूम में संपर्क करें।

## पानीपत व उत्तराखंड पुलिस ने कैराना में डाली दबिश

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** पानीपत सीआईए-1 की टीम ने हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी की तलाश में कस्बे में दबिश दी। टीम ने नगर के कई इलाकों में जाकर संभावित ठिकानों की बारीकी से तलाशी ली और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर जानकारी जुटाई।

मंगलवार को पीएसआई -1की चार सदस्य टीम देवराज, एएसआई अनिल, एएसआई महेश, एएसआई युधिष्ठिर तथा कांस्टेबल विजय कैराना कोतवाली पहुंची। आमद दर्ज कराने के बाद स्थानीय पुलिस के साथ हत्यारे की तलाश में दबिश डाली और उसके होने के संभावित ठिकानों का सत्यापन कर उसके रिश्तेदारों और परिचितों से भी पूछताछ की,लेकिन टीम को कोई सफलता हाथ नही लगी, जिसके बाद टीम वापस लौट गई।

बताया जाता है कि हत्यारे के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज है।उधर उत्तराखण्ड के देहरादून पटेलनगर थाना की पुलिस एसआई मोहन सिंह के नेतृत्व मे टीम कैराना पहुंची,जहां आमद दर्ज कराने के बाद टीम ने मारपीट के मामले में वांछित चल रहे आरोपी की तलाश में कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा में दबिश डाली, लेकिन आरोपी हाथ नही लग सका। बाद में टीम वापस लौट गई।

## योगासन टेलेंट हंट कंपटीशन में छात्रों ने दिखाया दम

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** स्वामी विवेकानंद स्कूल, बड़ोंवाला (देहरादून) में 28 से 30 नवंबर तक आयोजित राष्ट्रीय स्तर की योगासन टेलेंट हंट 2025 प्रतियोगिता में थाना भवन के अर्पण पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। देशभर से आए प्रतिभागियों के बीच हुई इस प्रतियोगिता में स्कूल के 10 छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कुल छह राउंड संतुलन, तकनीक, शक्ति, लचीलापन और अनुशासन के आधार पर प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया। अर्पण बब्लिक स्कूल से अंडर.14 श्रेणी के प्रतिभागी कुश चौधरी, लक्ष्य पुंडीर, मंदीप सैनी, अनमोल सैनी, चिराग सैनी और दर्श सैनी रहे। अंडर.19 श्रेणी के प्रतिभागी आरव राणा, अविराज पुंडीर, अभिनंदन सैनी और अथर्व सिंह रहे। समूह योग प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र बना रहा।प्रतियोगिता के दौरान अभिनंदन सैनी, आरव राणा, लक्ष्य पुंडीर और मंदीप सैनी ने बेहतरीन समूह योग प्रदर्शन प्रस्तुत कर निर्णायकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। टीमवर्क, तालमेल और संत.ुलन से भरपूर इस प्रस्तुति को मंच पर विशेष सराहना मिली।सभी छह राउंड में असाधारण प्रदर्शन के आधार पर अभिनंदन सैनी और आरव राणा को प्रतिष्ठित ह्योगासन खेल रत्न अवॉर्डह्व से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि थाना भवन क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।योगाचार्य विशाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता बच्चों के लिए बेहद प्रेरणादायक रही। निरंतर अभ्यास और अनुशासन के कारण छात्रों ने उच्च स्तर का योग कौशल प्रदर्शित किया। समूह योग प्रदर्शन ने भी बच्चों की टीम भावना को नई पहचान दी।विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों, विजेताओं व अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




## एक नजर

### मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम व एंटी रोमियो टीम ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत सरकारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। मंगलवार को मिशन शक्ति टीम प्रभारी पींकी गोस्वामी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को वूमेन पावर लाइन, यूपी। 112, महिला हेल्पलाइन। 181, चाइल्ड हेल्पलाइन। 1098 व साइबर क्राइम हेल्पलाइन। 1930 सहित अन्य सेवाओं के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही साइबर अपराध व महिला सुरक्षा से जुड़े उपायों की जानकारी भी प्रदान की गई।कैराना कोतवाली की महिला बीट अधिकारी ने महिलाओं को सरकारी सहायता सेवाओं, सुरक्षा उपायों तथा मिशन शक्ति अभियान के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं को जाना और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

### रोजगार मेले का आयोजन दस से

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 10 से 17 दिसंबर तक विभिन्न स्थानों पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि 10 दिसंबर को मुरली मनो. हर इंटर कॉलेज, ईशोपुर टील, 11 दिसंबर को आरएसएस इंटर कॉलेज, झिंझाना, 12 दिसंबर को लाला इंद्र प्रकाश जनता इंटर कॉलेज, बाबरी, 15 दिसंबर को बाबू जवान सिंह इंटर कॉलेज, खन्द्रावली, 17 दिसंबर को वी।वी। इंटर कॉलेज, शामली में रोजगार मेले आयोजित होंगे। सभी मेले प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेंगे। रोजगार मेलों में आरआर मैनपावर मैनेजमेंट सर्विस (मदरसन सूमी वायर), ऑरबेल इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्रा. लि., एकेएस जॉब्स प्लेसमेंट प्रा.लि., भारतीय जीवन बीमा निगम, होली हर्ब्स प्रा. लि., पुखराज हेल्थकेयर सहित अन्य कंपनियां साक्षात्कार के माध्यम से 1250 पदों पर चयन करेंगी। इन पदों के लिए अलग-अलग शहरों अहमदाबाद के सानंद, शामली, खीरी, लखनऊ, पीलीभीत, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, आगरा, नोएडा, गाजियाबाद, कानपुर, वाराणसी, गुरुग्राम, सोनीपत, भिवाड़ी आदि के लिए भर्ती की जाएगी।

### बिना रॉयल्टी रेत ढोते पांच डंपरों पर लगा लाखों का जुर्माना



शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** मेरठ।करनाल हाईवे पर बिना रॉयल्टी के रेत ढो रहे पांच डंपरों को खनन विभाग की टीम ने मंगलवार शाम चेकिंग अभियान के दौरान पकड़कर भारी जुर्माना लगाया। कार्रवाई के बाद हाईवे पर चलने वाले अन्य डंपर चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। मंगलवार की शाम खनन अधिकारी शामली सुधाकर सिंह ने हाईवे पर लगातार मिल रही ओवरलोड और अवैध खनन की शिकायतों के आधार पर चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान खान से रेत भरकर आ रहे पांच डंपर बिना रॉयल्टी के पकड़े गए। खनन अधिकारी सुधाकर सिंह ने बताया कि सभी डंपरों पर लगभग एक लाख अस्सी हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन और बिना रॉयल्टी के माल ढोने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### जिला अस्पताल से मरीज की बाइक चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** कांधला क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी अंशुल पुत्र सुंदर मंगलवार को अपने दोस्त रितेश की मां को जिला अस्पताल में दवा दिलाने के लिए अपनी बाइक से लेकर आया था। बताया जाता है कि जब वह हॉस्पिटल में दवा लेने के बाद वापस लौटे तो हॉस्पिटल से बाइक गायब थी। अंशुल व उसके दोस्त रितेश ने बाइक की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नही लग सका। बाद में हॉस्पिटल परिसर में तैनात पुलिसकर्मियों को मामले की सूचना दी गई। पुलिस ने हॉस्पिटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो पता चला कि चोर बाइक चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। पुलिस ने पीडित की तहरीर के आधार पर आरोपी चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जिला अस्पताल में आए दिन बाइक चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है, लेकिन पुलिस चोरों को पकडने में नाकाम है।



## कैराना के राजमिस्त्री की पानीपत सड़क हादसे में मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** अपने पिता के साथ हरियाणा में राजमिस्त्री का कार्य कर रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद मृतक युवक का शव कैराना पहुंचा। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक को निकट स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए- खाक क्रंडिया गया है।

मोहल्ला दरबार खुर्द निवासी वासिल उर्फ लाला पुत्र शकील अपने पिता के साथ हरियाणा के कस्बा समालखा के गांव नराणां में राजमिस्त्री का कार्य करने के लिए गया था। वासिल अपनी बाइक लेकर कुछ सामान लेने के लिए निकला था, जैसे ही वह हाइवे पर स्थित गांव शिवागढ़ी के निकट पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रही बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों बाइकों पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कैराना निवासी वासिल की दर्दनाक मौत हो गई, वही दूसरी बाइक पर सवार बिहार निवासी युवक की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक युवक पांच भाइयों में चौथे नम्बर का था और विवाहित था।हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



## उत्कृष्ट निबंध लिखने पर विद्यार्थियों का सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुशील कुमार गर्ग, प्रबंधक राजीव संगल, शिक्षा समिति के अध्यक्ष एनके कंसल तथा प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्राएं शगुन पुत्री सतवीर, निधि शर्मा पुत्री विनय कुमार तथा वंशु बंसल पुत्री अरविन्द कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। कार्यक्रम में सतीश आत्रेय, घनश्याम सारस्वत, अनिल कुमार कश्यप, रामनाथ, शिव कुमार, संजीव गोयल, छवि शर्मा, लक्ष्मी गर्ग, नीतू अग्रवाल, कीर्ति गर्ग सहित समस्त कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।



## एक अभियुक्त को सुनाई सजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** वर्ष 2010 में अभियुक्त जसबीर सिंह उर्फ आशु पुत्र सतपाल निवासी ग्राम जसाला थाना कांधला जनपद शामली के विरुद्ध थाना कांधला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी करते हुए आज दिनांक 2.12.2025 को न्यायालय जेएम कैराना से अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि की सजा व 1,500/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया है। न्यायालय द्वारा अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

## जानलेवा हमला मामले का वांछित गिरफ्तार

**कैराना।** पुलिस ने ग्राम गंदराऊ में हुए जानलेवा हमले के मामले में नामजद वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद किया है। विदित रहे कि गत 14 नवंबर को ग्राम गंदराऊ निवासी बाबर पुत्र आलिम ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कुछ लोग उसके घर में घुस आए और गाली-गलौच करते हुए मारपीट की।

आरोपियों पर बाबर की हत्या करने की नीयत से धारदार हथियार से हमला करने का भी आरोप है। इसी क्रम में बुधवार को कैराना पुलिस ने ग्राम गंदराऊ से वांछित आरोपी उस्मान पुत्र वहीद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद किया है।पुलिस ने संबंधित धाराओं में उसे जेल भेज दिया है।

## एसआईआर में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, एसडीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** नगर में चल रहे एसआईआर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान की धीमी रफ्तार पर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज ने कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंगलवार दोपहर उन्होंने मोहल्ला आलकला स्थित टीचर्स कॉलोनी में अचानक पहुंचकर एसआईआर फॉर्म भरने व जमा कराने की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य में लापरवाही सामने आने पर एसडीएम ने संबंधित बीएलओ समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।एसडीएम ने मौके पर ही बीएलओ से फोन पर फॉर्मों की संख्या, लंबित फॉर्म और अब तक की प्रगति रिपोर्ट के बारे में विस्तृत जानकारी ली। सूत्रों के अनुसार, बीएलओ द्वारा अपेक्षित कार्य गति न मिलने पर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए स्पष्ट कहा कि यह कार्य शीर्ष प्राथमिकता में है, इसलिए किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी लंबित एसआईआर फॉर्म निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में जमा किए जाएं।एसडीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप मतदाता सूची के संशोधन कार्य को समय पर पूरा करना बेहद आवश्यक है, ताकि आगामी प्रक्रियाओं में कोई बाधा न आए। उन्होंने कहा कि यदि लापरवाही जारी रही तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। अचानक निरीक्षण से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों ने भी माना कि कई क्षेत्रों में एसआईआर प्रक्रिया धीमी गति से चल रही थी, ऐसे में एसडीएम का यह कदम आवश्यक था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोगों से बातचीत कर मतदाता सूची संशोधन के महत्व के बारे में भी जागरूक किया।एसडीएम भारद्वाज ने कहा कि सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर संपर्क कर फॉर्मों को समय से पूरा करें, अन्यथा जिम्मेदारी तय की जाएगी। प्रशासन द्वारा निरीक्षण के बाद एसआईआर अभियान में तेजी लाने की कवायद और भी तेज कर दी गई है।





## नहीं जागा विकास प्राधिकरण, अवैध प्लॉटिंग बेखौफ जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** कस्बे में अवैध प्लाटिंग का खेल धड़ल्ले से जारी है। लक्ष्मी की चमक और गहरे गठजोड़ के आगे मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। विभाग की अनदेखी का फायदा उठाकर कालोनाइजर खुलेआम कानून को ठेंगा दिखा रहे हैं और शासन।प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं।

कस्बे में प्राधिकरण और काला.नाइजरों के बीच गठजोड़ की जड़ें इतनी गहरी दिखाई देती हैं कि बिना मानचित्र स्वीकृति के कॉलोनियां खड़ी कर दी जाती हैं। हैरानी की बात यह है कि इन अवैध कॉलोनियों में कालोनाइजर बिजली, सड़क व अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा करते नहीं थकते।लोगों को बिजली विभाग से पोल प्राप्त करने के लिए कई-कई चक्कर लगाने पड़ते हैं, जबकि प्रॉपर्टी डीलरों को दर्जनों पोल तक आसानी से उपलब्ध करा दिए जाते हैं। उस समय विभाग यह जांचने की जरूरत भी नहीं समझता कि पोल कहां लगाए जाएंगे और क्या संबंधित स्थान का अनुमोदित एस्टीमेट मौजूद है या नहीं।कई कॉलोनियों के मुख्य द्वार इस तरह से तैयार किए जाते हैं कि पहली नजर में स्वीकृत कॉलोनी होने का भ्रम पैदा हो, जबकि हकीकत इसके बिल्कुल उलट होती है। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की स्थिति ऐसी है कि एक के बाद एक अवैध कॉलोनी बन रही है और विभाग नोटिस जारी कर खानापूर्ति कर देता है।सूत्रों के अनुसार, इस पूरे खेल में विभाग के कुछ जिम्मेदार कर्मियों की मिलीभगत से राज्य सरकार को करोड़ों रूपए के राजस्व की हानि हो रही है। ऐसे में बड़ा प्रश्न यह खड़ा होता है कि जब रखवाले ही व्यवस्था को खोखला करने में लगे हों, तो कार्रवाई कौन करेगा?

..............................

अवैध कालोनियों की जांच कराई जाएगी।जांच उपरांत अनियमितताएं पाए जाने पर कार्रवाई होगी।

**कविता मीना**
**उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण**
**मुजफ्फरनगर**

## कंपोजिट विद्यालय गंगेरू में मेरा गांव मेरा विद्यालय कार्यक्रम आयोजित

**कांधला।** पीएम कंपोजिट विद्यालय गंगेरू में मंगलवार को मेरा गांव मेरा विद्यालय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक वकील अहमद ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के स्थापना वर्ष, भवन निर्माण तथा प्रारंभिक दशकों की परिस्थितियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्ष 1950 में स्थापित यह विद्यालय क्षेत्र के 30-40 गांवों के बच्चों की शिक्षा का प्रमुख केंद्र था। उस समय विद्यालय दो शिफ्टों में चलता था तथा रात में भी कक्षाएं लगती थीं। यह जानकर छात्र-छात्राएं आश्चर्यचकित रह गए।बताया कि इस विद्यालय से पढ़कर कई छात्र आईएएस, आईपीएस सहित उच्च पदों पर पहुंचे हैं। साथ ही उन्होंने गांव गंगेरू के इतिहास और यहां के प्रमुख उद्योग कंबल निर्माण, जो विदेशों तक प्रसिद्ध है, की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी। कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं द्वारा गांव में रैली निकाली गई। विद्यालय में कुर्सी दौड़, वाद-विवाद, निबंध, तथा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान समस्त विद्यालय स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।




## संतरों से भरा ट्रक गायब होने में राजस्थान पुलिस ने आरोपी को दबोचा

**कांधला।** राजस्थान राज्य के थाना भिवानी मंडी, जिला झालावाड़ निवासी एक व्यापारी ने सोनू पुत्र खुर्शीद, निवासी कस्बा एलम, पर 720 पेटी संतरा से भरे ट्रक को गायब करने का गंभीर आरोप लगाया था। व्यापारी की तहरीर पर राजस्थान पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। गत सोमवार देर शाम थाना भिवानी मंडी के एसआई सुरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल दीपेंद्र सिंह और हेड कांस्टेबल तेजेंद्र सिंह थाने पर आमद दर्ज कराने पहुंचे। इसके बाद स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी के घर पर दबिश दी गई, जहां से सोनू को हिरासत में ले लिया गया कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि राजस्थान पुलिस ने थाने पर आमद कराई थी और एक आरोपी को हिरासत में लेकर अपने साथ राजस्थान रवाना हो गई है।

# जिला अस्पताल में अभी भी ठीक नहीं हुई एक्स रे मशीन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला अस्पताल में पिछले चार दिनों से खबरा एक्सरे मशीन मंगलवार को भी ठीक नही हो सकी। मशीन को ठीक करने के लिए देहरादून से पहुंच टैक्निशियन लगे है। वही जिला अस्पताल में एक्सरे मशीन खराब होने से शामली सीएचसी में एक्सरे कराने वाले मरीजों की भीड़ लगी रही।

गत शनिवार दोपहर करीब एक बजे जिला संयुक्त चिकित्सालय की एक्सरे मशीन अचानक खराब हो गई थी। मशीन के खराब होने के कारण मरीजों के बीच में ही बिना एक्सरे कराए लौटना पडा था। अब मरीजों को उम्मीद थी कि रविवार के अवकाश के बाद सोमवार को एक्सरे मशीन ठीक हो जाएगी और उनको राहत मिल सकेगी, लेकिन सोमवार को देहरादून से पहुंचे मशीन के टैक्निशियन ने जांच की तो पता चला कि मशीन का टड्ूब हैड खराब हो गया है। जिसको या तो देहरादून से मगवाया जाएगा फिर चंढीगढ से लाना होगा। मंगलवार को टड्ूब हैड मंगवाया गया और मशीन को ठीक करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया, लेकिन मशीन दोपहर तक भी ठीक नही हो सकी थी। जिला अस्पताल में एक्सरे मशीन खराब होने से शामली सीएचसी में एक्सरे कराने वाले मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ। सीएचसी में मरीजों की भीड लगी रही। वही जिला अस्पताल में सीएमएस डा। किशोर आहुजा ने बताया कि मशीन शाम तक ठीक हो जाएगी और उम्मीद है कि बुधवार को जिला अस्पताल में एक्सरे कराए जाएगे।





# बास्केटबॉल में कई जिलों की टीमों ने लिया हिस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके पीजी कालेज में मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर की प्रथम अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शामली, मुजफ्फरनगर व सहारनपुर की खिलाडियों ने उत्सापूर्वक भाग लिया। मंगलवार को शहर के आरके पीजी कालेज में मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर की प्रथम अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भूतपर्वू पूर्व एचओडी, उद्यान विभाग प्रो।आरपी सिंह एवं कॉलेज के प्राचार्य प्रो। लोकेश कुमार ने किया। मुख्य अतिथि को मेमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालयों जीएमवी कॉलेज रामपुर मनिहारन, राम कॉलेज मुजफ्फरनगर, जेवी जैन कॉलेज सहारनपुर, राष्ट्रीय किसान डिग्री कालेज शामली के पुरुष वर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग से डॉ. प्रवीण अहमद द्वारा किया गया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्रोफेसर आरपी सिंह ने विजई प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता को सफल बनाने में डॉ। एमके जैल्ली, डॉ. सौरभ कुमार पांडेय, डॉ. सुरेंद्रपाल, डॉ. प्रीतम सिंह, संजीव कुमार, सेठपाल, विजय उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अवेंजर्स फाइट क्लब के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में 1 व 2 दिसंबर को आयोजित ऑल इंडिया इंटर जोनल कराटे चौंपियनशिप में शामली के अवेंजर्स फाइट क्लब के तीन खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक हासिल किए। प्रतियोगिता में नॉर्थ जोन के चौंपियनों का चयन किया गया था। क्लब कोच शिवांश भार्गव ने बताया कि आरव चौधरी ने 11 वर्ष वर्ग में अंडर 35 किग्रा श्रेणी में रजत पदक, वीर वर्मा ने 10 वर्ष वर्ग में अंडर 35 किग्रा में रजत पदक, शौर्य वर्मा ने 10 वर्ष वर्ग में अंडर 30 किग्रा में कांस्य पदक जीता। कोच ने कहा कि यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है।

### दुर्घटना में सर्राफा व्यापारी की मौत, बाइक सवार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर तीन दिन पूर्व बाइक सवार सर्राफा व्यापारी की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अभियोग दर्ज करते हुए बाइक नंबरों के आधार पर बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी है। कैराना निवासी अमित वर्मा ने बताया कि विगत 30 नवंबर को उसका भाई विकास थाना क्षेत्र के एलम अपने परिचित से मिलने के लिए आया था। और देर रात अपना कार्य समाप्त कर वापस अपने घर जा रहा था। जैसे ही उसका भाई एलम बाईपास मार्ग पर पहुंचा तो पीछे से आए हरियाणा नंबर के अज्ञात बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी थी। आरोपी अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया था। घटना के निकट मौजूद कस्बा निवासी इरफान पुत्र शरीफ ने आरोपी बाइक सवार को भागते हुए देख लिया था। पुलिस की मदद से घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मंगलवार को पुलिस ने बाइक नंबरों के आधार पर आरोपी बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### वाहन की चपेट में आकर ग्रामीण घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर किया है। बागपत जनपद के गांव ककड़ीपुर निवासी रमेश चंद किसी कार्य से कस्बा एलम में आया हुआ था।और वापस पैदल अपने गांव जा रहा था। ग्रामीण जैसे ही हाईवे पर पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया जिस कारण ग्रामीण गंभीर रूप से घायलहो गया। घायल की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल व्यक्ति को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घायल ग्रामीण के परिजन घायल अवस्था में ग्रामीण को जिला अस्पताल लेकर चले गए।खबर लिखे जाने तक थाने पर तहरीर नहीं दी गई थी।

### झगड़ा कर रहे तीन लोगों का चालान

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव नाला में रूपए की लेनदेन को लेकर तीन लोगों के बीच मारपीट हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों लोगों को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया। मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी अमित व निखिल के बीच रूपए की लेनदेन को लेकर मारपीट हो गईमारपीट का बीच बचाव करने आए निखिल के भाई शिवकुमार के साथ भी मारपीट की गई। मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से तीनों लोगों को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पुलिस ने झगड़ा कर रहे तीनों लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए तीनों का चालान किया और भविष्य में झगड़ा ना करने की चेतावनी दी है।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, शव पोस्टमार्टम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव नानूपूरी निवासी 30 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ गई। अस्पताल ले जाते समय महिला की मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। परिवार जनों का रो-रोकर बुरा हाल है।थाना क्षेत्र के गांव नानू पुरी निवासी ओमबीर काम के सिलसिले में घर से बाहर गया हुआ है और घर पर उसकी पत्नी 30 वर्षीय रितु परिजनों सहित रहती है। मंगलवार को महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ गई। परिजन आनन,फानन में हालत बिगड़ने पर परिजन महिला को लेकर अस्पताल ले जाने लगे तो महिला ने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया। महिला की मौत से परिवार जनों में कोहराम मच गया। सूचना पर फॉरेंसिक टीम ने महिला के शव की जांच पड़ताल कर जांच नमूने लिए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चर्चा है कि महिला ने ग्रह कलेश के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन किया है। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार का कहना है कि, महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा। तहरीर आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीण ने की फर्नीचर मिस्त्री के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव डांगरौल निवासी ग्रामीण में गांव के फर्नीचर मिस्त्री पर दरवाजे व विंडो लगाने के नाम पर लिए गए रूपए वापस नहीं देने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव डांगरौल निवासी ग्रामीण सोनू जावला ने बताया की उसने गांव के ही फर्नीचर मिस्त्री से कई महा पूर्व अपने घर पर दरवाजे व विंडो लगाने के नाम पर दो लाख 27 हजार रूपए एडवांस दिए थे। कई माह बीत जाने के बाद भी आरोपी मिस्त्री ने रूपए लौटाए और ना उसके दरवाजे विंडो लगाए। जब पीड़ित ने अपने रूपयों की मांग की तो आरोपी के परिवार के लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए रूपए देने से मना कर दिया। पीड़ित ग्रामीण ने थाने पहुंच कर आरोपी फर्नीचर मिस्त्री के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# अध्यात्म का वास्तविक अर्थ आत्मा से जुड़ना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में आयोजित प्रवचन में आचार्य 108 नयन सागर मुनिराज ने बताया कि अध्यात्म का वास्तविक अर्थ आत्मा से जुड़ना है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के सभी कार्य आत्मा से जुड़े हों, तभी जीवन में परिवर्तन संभव है। केवल शारीरिक सुख हेतु किए गए कर्म बाहरी जगत तक सीमित रहते हैं और उनसे अंत:करण में कोई सुधार नहीं आता।

आचार्य ने कहा कि जगत दो प्रकार का होता हैं। आंतरिक और बाहरी। अधिकतर लोग बाहरी जगत में उलझे रहते हैं, इसी कारण आत्मिक उन्नति नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति आत्मार्थी होता है, वह लाभ या हानि से प्रभावित नहीं होता। यदि कोई क्रिया आत्मा से नहीं जुड़ी, तो वह असंतोष का कारण बनती है। सच्चा साधक लाभ मिलने पर भी संतुष्टि में नहीं रुकता, बल्कि वह कर्म के उदय को समझता है। उन्होंने कहा कि पूजा-पाठ और ध्यान भी अनेक बार सांसारिक इच्छाओं से प्रेरित होकर किए जाते हैं। जबकि कर्मों का लक्ष्य आत्मा तक पहुंचने का होना चाहिए, क्योंकि सांसारिक सुख क्षणिक हैं और आत्मिक सुख स्थाई। बिना उद्देश्य के किए गए कर्म व्यक्ति को थका देते हैं और फल नहीं देते। आचार्य ने कहा कि मनुष्य जीवन आत्म-ज्ञान प्राप्त करने का अनमोल अवसर है। दुनिया को जानने से पहले स्वयं को जानना आवश्यक है। जैसे किसी डायरी में सारी जानकारी होती है, पर लेखक का परिचय नहीं मिलता, वैसे ही मनुष्य बाहरी दुनिया को तो जानता है पर अपने भीतर के सत्य से अनभिज्ञ रहता है। उन्होंने कहा कि मंदिर, गुरु या वातावरण बदलने की अपेक्षा मनुष्य को स्वयं को बदलना चाहिए, क्योंकि आत्मिक गुण अपरिवर्तनीय होते हैं। मौके पर मनोज जैन, सिद्धार्थ जैन, महेश जैन, अलका जैन, भूषण लाल जैन, डॉ. अनीता जैन आदि मौजूद रहे।

# आदिदेवा कार्बन एलएलपी को नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** वन विभाग सहारनपुर परिक्षेत्र ने बिडौली।सकोती मार्ग स्थित आदिदेवा कार्बन एलएलपी को गंभीर वन अपराध में नोटिस जारी किया है। विभाग के अनुसार 24 अगस्त 2025 को एनजीटी में लंबित वाद संख्या के अनुपालन में बिडौली चौसाना मार्ग पर सकौती क्षेत्र में की गई जांच में कंपनी द्वारा प्रस्तुत बैनामा कागजात में दर्ज छह जामुन के वृक्ष मौके पर नहीं मिले। इसका तत्काल संज्ञान लेते हुए वन अपराध संख्या 8/20.2025-26 दर्ज किया गया है।

नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि कंपनी अपना पक्ष रखना चाहती है तो नोटिस प्राप्त होने के दो दिनों के भीतर क्षेत्रीय वनाधिकारी ऊन, झिंझाना कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि में अनुपस्थित रहने पर विभाग एक और मुकदमा दर्ज कर पूरा प्रकरण न्यायालय में भेज देगा।

## छह जामुन के पेड़ गायब

दस्तावेजों के अनुसार 13 नवंबर 2025 को विभाग ने रेंज केस संख्या 20 2025-26 के प्रतिकर के रूप में आदिदेवा कार्बन एलएलपी से 60,000 रुपये की राशि भी प्राप्त की है। विभाग का कहना है कि एनजीटी के आदेशों के अनुरूप सभी तथ्यों की जांच की जा रही है और पेड़ कटान व पर्यावरणीय नुकसान संबंधी मामलों में किसी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी। वन विभाग के सीओ कृष्णकांत ने बताया कि जांच के दौरान प्रस्तुत अभिलेख तथा बैनामा में दर्ज विवरण का स्थल निरीक्षण से मिलान किया गया, जिसमें संबंधित वृक्ष अनुपस्थित पाए गए। विभाग ने इसे स्पष्ट रूप से नियम विरुद्ध मानते हुए नोटिस जारी किया है।

## नप. नाले का निर्माण अधूरा छोड़ने का आरोप



**शामली।** शहर के मोहल्ला दयानंदनगर के कोशांबी विहार निवासी दर्जनों ग्रामीण मंगलवार को शामली कलक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होने डीएम अरविन्द कुमार चौहान को शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें उन्होने कहा कि वार्ड-16 में तीन वर्ष पूर्व नगर पालिका द्वारा सरस्वती स्कूल से नाले का निर्माण कराया गया, जो कोशांबी विहार में लाकर आधूरा छोड दिया गया। उक्त रास्ते से प्रतिदिन तीन हजार विद्यार्थी आते जाते है, लेकिन जलभराव और गंदगी होने से नागरिकों को परेशानियों का सामना कराना पड रहा है। गंदे पानी के कारण मोहल्लेवासी परेशान है। उन्होने डीएम से समस्या का समाधान कराने की मांग की है। इस अवसर पर ओमदत्त, जयकिशोर, रामशरण, मयंक मलिक, हर्ष, आकाश, सागर, अजय कुमार, विनय कुमार, मंजू देवी, नीरज देवी, सीमा शर्मा, कांता, अलका आदि मौजूद रहे।

# मिष्ठान की दो दुकानों पर छापे से दुकानदारों में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे में मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के लिए फूड सेफ्टी विभाग सक्रिय हो गया है। मंगलवार को विभाग की टीम ने कैराना बाजार में छापेमारी कर मिष्ठान की दो दुकानों से मिठाई व चीनी के सैंपल भरे। कार्रवाई की भनक लगते ही कई दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कुछ ने तो दुकानें बंद कर मौके से दूरी बना ली। फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर पी।के। जयंत के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न बाजारों में खाद्य सामग्री बेचने वाली दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई व्यवस्था, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्टॉक सहित अन्य मानकों की जांच की गई। दो दुकानों से संदिग्ध खाद्य सामग्री के सैंपल लिए गए, जिन्हें जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा। इंस्पेक्टर ने बताया कि खाद्य सामग्री में मिलावट रोकने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया है। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद दोषी दुकानदारों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी के दौरान कई दुकानें अचानक बंद मिलीं, जबकि कुछ दुकानदार फरार हो गए। वहीं स्थानीय लोगों ने विभाग की कार्रवाई को सराहनीय बताया और कहा कि बाजार में बिक रहे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान नियमित रूप से होने चाहिए।

# नाइनगला जाटान में तालाब ओवरफ्लो, खेतों में घुसा पानी, किसान परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के सकौती के मजरा नाइनगला जाटान में डेढ़ बिघा के तालाब की खुदाई लंबे समय से नहीं हुई है, जिससे ग्रामीण लगातार जलभराव की समस्या झेल रहे हैं। गांव की सभी गलियों का पानी इसी तालाब में जाता है, लेकिन गहरीकरण और सफाई न होने से यह जल्दी भर जाता है और ओवरफ्लो करके पास के किसानों के खेतों में पहुंच जाता है। इससे कच्ची फसलें खराब होने लगी हैं और खेतों में लगातार पानी भरा रहता है।

चौसाना क्षेत्र के नाइनगला जाटान के ग्रामीण किरणपाल, कृष्णपाल, देवीराम और सुनील कुमार ने बताया कि बारिश या रोजमर्रा के नाले का पानी आते ही तालाब भर जाता है। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर तहसील में कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब की क्षमता बहुत कम रह गई है, इसलिए थोड़ा सा पानी भी इसे ओवरफ्लो कर देता है और खेतों में फैला देता है।

किसानों का कहना है कि फसल बचाने के लिए उन्हें खुद तालाब में मोटर डालकर ओवरफ्लो पानी को दूसरी दिशा में निकालना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यदि वे पानी न निकालें तो फसलें खराब हो जाएंगी। अधिकारी समस्या देखने आए थे, लेकिन उसके बाद कोई कदम नहीं उठाया गया।

ग्राम प्रधान सकौती पारूल पति विक्की ने बताया कि तत्कालीन एसडीएम निकिता शर्मा ने पहले तालाब की खुदाई कराई थी। अगर अब फिर से तालाब ओवरफ्लो हो रहा है तो उसकी सफाई कराई जाएगी। ग्रामीणों की मांग है कि तालाब का गहरीकरण और सफाई जल्द कराई जाए, ताकि खेतों में दोबारा पानी न जाए और फसलें सुरक्षित रहें।

# गुरुद्वारा बाबा बुढ़ा साहिब में प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** थाना क्षेत्र के ग्राम बिडौली स्थित गुरुद्वारा बाबा बुढ़ा साहिब में मंगलवार को बाबा बुढ़ा साहिब का प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की तैयारियां कई दिन पहले से ही शुरू कर दी गई थीं। गुरुद्वारे के पूरे प्रांगण को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जहां सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी।

प्रकाश पर्व के उपलक्ष में शब्द-कीर्तन का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें रागी जत्थों ने मधुर कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को भाव-विभोर कर दिया। श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में माथा टेक कर परिवार की खुशहाली और देश-प्रदेश में शांति की कामना की।

गुरुद्वारे परिसर में एक बड़े मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। झूले, मनोरंजन साधन और विभिन्न स्टॉल मेले की खूबसूरती का केंद्र बने रहे। प्रसाद वितरण के लिए अलग से स्टॉल लगाए गए, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

आयोजन को सफल बनाने में बाबा अमर सिंह, दिलबाग सिंह, बाबा बिट्टू सिंह, कुलदीप सिंह, गुरजंट सिंह और साहब सिंह सहित अन्य सेवादारों ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया। गुरुद्वारे के प्रांगण में व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में सभी ने पूर्ण सहयोग किया।

मेले और धार्मिक कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिसकर्मी लगातार गश्त करते नजर आए।

# बिजली बकाएदारों व चोरी पकड़े उपभोक्ताओं पर कसी लगाम, विभाग ने 800 नोटिस थमाए

**चौसाना।** विधुत विभाग ने क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही करते हुए करीब 800 उपभोक्ताओं को बकाया व जुर्माना संबंधी नोटिस जारी किए हैं। विभागीय टीम ने मंगलवार को चौसाना, टोडा व खोडसमा बिजलीघर क्षेत्र में आने वाले जिजौला, लक्ष्मीपुरा, बल्ला माजरा, भडी, अलीपुरा, कमलापुर सहित अन्य गांवों में घर-घर जाकर नोटिस बांटे। बताया गया कि लंबे समय से बकाया बिल जमा न करने और बिजली चोरी में पकड़े गए उपभोक्ताओं पर विभाग सख्त रुख अपनाए हुए है। चौसाना क्षेत्र के तीन बिजलीघरों चौसाना ,खोडसमा,और टोडा के 420 ऐसे उपभोक्ता चिह्नित किए गए, जिनका बकाया बिल दस हजार रूपए से अधिक है। लगातार बिल न भरने के कारण इन उपभोक्ताओं को अंतिम चेतावनी के तौर पर नोटिस जारी किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया कि बकाया जमा न होने पर किसी भी समय विद्युत आपूर्ति काटी जा सकती है। वहीं 400 उपभोक्ताओं पर पहले ही बिजली चोरी के मामलों में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। इन पर जुर्माना लगने के बाद अब विभाग ने नोटिस भेजकर तय समय में भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। विभागीय टीम ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया कि सरकार समय से बिल भरने वाले उपभोक्ताओं को छूट और सरचार्ज माफी का लाभ भी दे रही है। उपभोक्ताओं से समय पर बिल जमा कर विद्युत आपूर्ति को सुचारू रखने की अपील की गई।

..................................

विद्युत विभाग के जेई आजम अकबर ने बताया कि लगभग 800 से ज्यादा उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। उपभोक्ताओं को समय पर बिल भरकर छूट का लाभ उठाने और अनियमितताओं से बचने के लिए कहा गया है।

## तमंचा दिखाकर सर्राफा व्यापारी से नकदी व जेवरात की लूट ,मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के घसौली मार्ग पर सर्राफा व्यापारी के साथ हुई लूट कांड के मामले में पुलिस ने बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव पंजोखरा निवासी सर्राफा व्यापारी ओमवीर वर्मा ने गांव इस्लामपुर घसौली में अपनी ज्वेलरी की दुकान का रखी है। पीड़ित व्यापारी के अनुसार वह सोमवार की देर शाम अपनी दुकान बंद कर अपने घर आ रहा था। पीड़ित के पास काला बैग था जिसमें सोने चांदी के जेवरात और बाइक के कागज सहित मोबाइल फोन था। पीड़ित व्यापारी जैसे ही घसौली,चढ़ाव मार्ग पर पहुंचा तो पीछे से बाइक पर सवार आए तीन बदमाशों ने तमंचा लगाकर व्यापारी से सोने चांदी के जेवरात और पांच सौ रूपए नगद सहित मोबाइल फोन और बाइक की चाबी लूट कर फरार हो गए। पीड़ित सर्राफा व्यापारी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। लूट कांड की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर तुरंत क्षेत्र अधिकारी हेमंत कुमार व थाना पुलिस पहुंची और व्यापारी से जानकारी कर बदमाशों की तलाश की मगर बदमाशों का कहीं भी सुराग नहीं लगा। मंगलवार को पुलिस ने पीड़ित व्यापारी की तहरीर पर अभियोग दर्ज करते हुए बदमाशों की क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे में फुटेज खंगाली। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया।

# पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से देवबंद नगर समेत नागल और तल्हेड़ी क्षेत्र की दुकानों से चोरी किया गया सामान बरामद किया है।

पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान थाना नागल के उमाही निवासी सरफराज, शाहरुख और रफीक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक बाइक, एक इंवर्टर, तीन बैटरे, एक सफेद धातु का सिक्का और मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक बरामद किया गया सामान नागल और तल्हेड़ी क्षेत्र की दुकानों से चोरी किया गया था, पूछताछ के बाद अन्य सामान की बरामदगी भी की जाएगी। तीनों के खिलाफ देवबंद और नागल थाना में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चोरों ने 30 जुलाई को सुहागनी गांव निवासी डॉ. दीपांशु के तल्हेड़ी बुजुर्ग में स्थित मेडिकल स्टोर, बेग.मपुर निवासी संजय के कृषि सेवा केंद्र, अंबोली निवासी श्याम कुमार के सेलर, धर्मपुर सरावगी निवासी अय्याज की दुकानों में चोरी की थी। जबकि नगर की मदीना कॉलोनी निवासी सोहन लाल की दुकान से 16 हजार रुपये की नकदी और 30 नवंबर को सूबरी ख्वाजा निवासी शाहरुख की इंटरलॉक टाइल्स प्लांट में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। रिपोर्ट दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया गया है।



### वांछित आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे धर्मपुर गुर्जर निवासी हर्षित को दिल्ली-देहरादून हाईवे से गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक हर्षित के खिलाफ धर्मपुर गांव के ही रवि ने हत्या के प्रयास में मामला पंजीकृत कराया था और वह तभी से फरार चल रहा था।

# कोहरे में न हों हादसे, पुलिस ने वाहनों पर लगाए रिफलेक्टर

**देवबन्द।** सर्दी के मौसम में कोहरे ने भी दस्तक देनी शुरु कर दी है, कोहरे के कारण सड़कों पर होने वाले हाद.सों से लोगों को बचाने के लिए पुलिस ने अभियान चलाया। इसके तहत ट्रैक्टर ट्रॉलियों समेत अन्य वाहनों पर रिफलेक्टर लगाए गए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के आदेश पर कोतवाली क्षेत्र के सभी चौकी क्षेत्रों में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्रॉलियों, ट्रक व अन्य वाहनों पर रिफलेक्टर लगाए, ताकि कम दृश्यता में वाहन दूर से दिखाई दे सके और कोहरे के कारण होने वाले हादसों को रोका जा सका। इस दौरान पुलिस ने किसानों को कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुघर्टनाओं के प्रति जागरुक किया और वाहनों पर रिफलेक्टर आदि लगाने का आह्वान किया।

# भजन कीर्तन कर गौमाता की महिमा का किया वर्णन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री गीता समिति सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान मे आयोजित सुमधुर श्रीमद भागवत कथा का वर्णन कर रहे कथा व्यास मनोज महाराज ने कहा की कलियुग मे हरिनाम ही सार है। इसलिए सभी को हरिनाम का सुमिरण करना चाहिए!

श्री गीता भवन में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा मे मनोज महाराज जी ने बताया की भगवान की भक्ति करने से मन शांत रहता है और सत्कर्म करने से यश बढता है। कहा कि सेवा करने से आशीर्वाद मिलते है, गौमाता और परमात्मा मे कोई अंतर नहीं है इसलिए गौसेवा परमधर्म है। कहा कि यदि गाय की रक्षा से ही ये संसार बचेगा। कथा व्यास ने कहा कि दयावान व्यक्ति के हृदय में परमात्मा निवास करता है। कहा कि ध्रुव भक्त ने नाम जाप के प्रभाव से भगवान को प्राप्त कर लिया था क्योंकि भक्त में अपार बल है। इस दौरान कथा व्यास मनोज महाराज ने भजन कीर्तन के माध्यम से गौमाता की महिमा का वर्णन किया। आर्चाय विनय प्रकाश त्रिवारी ने कथा पूजन विधि-विधान के साथ किया। संचालन सुधीर गर्ग ने किया। जबकि यजमान प्रीतम माहेश्वर और प्रसाद वितरण आलोक सिंघल, चिराग सिंघल द्वारा किया गया। इस दौरान सभासद सुधा अजय गाधी, बलराम माहेश्वर, महेश माहेश्वर, पंकज अग्रवाल, सुशील कर्णवाल, संजय मित्तल, सुनील बंसल, राजकुमार जाटव, सोनू गर्ग, विमला देवी, मधु शर्मा, मंजु शर्मा, कांता त्यागी, मीनू गर्ग और अनिता तायल आदि मौजूद रहे।



# जज राजीव भारती का गुरुद्वारा कमेटी ने किया अभिनंदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लखनऊ हाईकोर्ट न्यायाधीश का पद ग्रहण करने के बाद राजीव भारती अपने पैतृक नगर देवबंद पहुंचे और गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका। इस दौरान गुरूद्वारा कमेटी की ओर से उनका अभिनंदन किया गया।

गुरुद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम में न्यायाधीश राजीव भारती ने कहा कि वाहेगुरू जी की कृपा, उनकी पत्नी रेणू भारती की प्रेरणा और साथियों के मार्गदर्शन से ही उच्च पद तक पहुंचना संभव हुआ है। गुरूद्वारा कमेटी के प्रधान सेठ कुलद.ीप कुमार ने कहा कि देवबंद से पहली बार कोई व्यक्ति हाईकोर्ट का जज बना है जो न केवल पंजाबी समाज बल्कि पूरे नगर के लिए गर्व की बात है। पंजाबी समाज के अध्यक्ष सतीश गिरधर, गुरूद्वारा कमेटी के सचिव गुरजोत ने भी अपने विचार रखे। अंत में गुरूद्वारा कमेटी की ओर से न्यायाधीश राजीव भारती को सिरोपा, कृपाण व अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान एडीजे विनित वासवानी, एसीजेएम परविंदर सिंह, जज प्रिंस जिंदल, श्यामलाल भारती, सचिन छाबड़ा, हेमंत गिरधर, अवनीश भारती, राजेश अनेजा, योगेश कोहली, सुनील रेलिया, मोहित मल्होत्रा, दिनेश ऋषि, संजीव रसवंत, राजीव ढीगंड़ा, ज्ञानी गुरदयाल सिंह, अमनदीप सिंह, संदीप सिंह, मनीष भारती, विशाल गांधी, कुणाल गिरधर, मनोज सिंघल एड, प्रमोद गुप्ता, ब्रज कौशिक, मन्नी गिरधर आदि शामिल रहे।



# छात्र को ट्राफी व मेडल देकर किया सम्मानित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ब्रेन बूस्टेबल द्वारा आयोजित तृतीय जिला स्तरीय अबाकस चौंपियनशिप में दून हिल्स एकेडमी के छात्र आयुष ने दूसरा स्थान प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया है।

मुजफ्फरनगर रोड स्थित स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में होनहार छात्र को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर तनुराज वर्मा ने बताया कि ब्रेन बूस्टेबल द्वारा आयोजित इस चौंपियनशिप में सहारनपुर जनपद के 10 से अधिक विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया था।

कड़ी मेहनत के नतीजे उनके छात्र आयुष ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया है। चेयरमैन डॉ. प्रदीप वर्मा, प्रधानाचार्य डॉ. अंजली वर्मा व अरि.हंत जैन ने आयुष को ट्राफी, सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया। डॉ. प्रदीप वर्मा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों की मानसिक क्षमता और गति को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस दौरान स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# छात्र ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वाराणसी में हुई एथलेटिक्स प्रतियोगिता में लाला पूरणचंद साहनी मैमोरियल इंटर कालेज नूरपुर के 11वीं कक्षा के छात्र निखिल कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। निखिल ने तीन हजार मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।



स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर छात्र निखिल को सम्मानित किया गया। त्रिवेणी शुगर मिल के उपाध्यक्ष पुष्कर मिश्र व स्कूल प्रबंधक गिरीश कोहली ने छात्र को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य डा. सुनीता शाही व पीटीआई मनोज पुंडीर ने बताया कि वाराणसी में 13-14 नवंबर को प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक/बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। इसमें निखिल ने सफलता के झंडे गाड़े।

# विद्यार्थियों ने किया बाल कल्याण समिति का शैक्षिणक भम्रण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विधि विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के एक समूह ने विभागाध्यक्ष प्रदीप राठौर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट स्थित न्याय पीठ बाल कल्याण समिति बिजनौर का शैक्षणिक भ्रमण किया। महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान ने शैक्षिणक भ्रमण हेतू समूह को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने विद्यार्थियों को अवगत कराया की वर्तमान समय मे मोबाइल फोन का उपयोग सही एवं गलत दोनों प्रकार के कार्यो को करने मे किया जा सकता है। विद्यार्थियों को चाहिये की वे मोबाईल फोन का सदुपयोग करें न की दुरूप्रयोग। समिति की सदस्या डॉ. शालिनी सिंह ने विद्यार्थियों को समिति की कार्य प्रणाली से अवगत कराया एवं विस्तार पूर्वक पोक्सो अधिनियम एवं किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी प्रदान की।

समिति के सदस्य मौहम्मद मो.हसिन ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने आस पास एवं अपने छोटे भाई-बहनों जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है, तो उनको जागरूक करे और उन्हें विभिन्न प्रकार के व्यभिचारों एवं बुरी सगतों से बचाए। इस अवसर पर समिति की अन्य सदस्या श्रीमति सविता शर्मा व सुषमा शर्मा भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के समापन में विभागाध्यक्ष प्रदीप रठौर ने सभी सम्मानित सदस्यगण को धन्यवाद प्रेषित किया।

## शूरसेन जयंती पर कार्यक्रम एवं कैलेंडर विमोचन बीस को

**धामपुर।** राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन की बैठक में आगामी 20 दिसंबर को महाराजा शूरसेन जयंती कार्यक्रम एवं कैलेंडर विमोचन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सैनी समाज के लोगों से संपर्क स्थापित करने तथा अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता के लिए प्रेरित करने का संकल्प भी लिया। स्टेट बैंक कॉलोनी स्थित संस्था के कार्यालय पर आयोजित बैठक में संगठन के संरक्षक राजवीर सिंह सैनी ने सैनी समाज का आह्वान किया कि वह अपने पूर्वजो और महापुरुषों की स्मरणीयता बनाए रखने के लिए युवाओं को उनके गौरवशाली एवं स्वर्णिम इतिहास से परिर.चत कराएं तथा युवा शक्ति की अधिक से अधिक सहभागिता कार्यक्रमों में बनाने का संकल्प ले।


**सूचना**

मैंने अपना नाम नरेंद्र दीक्षित से बदलकर नरेंद्र कुमार दीक्षित रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

नरेंद्र कुमार दीक्षित पुत्र मंगू लाल शर्मा निवासी 350 डी ब्लॉक, टीचर्स कॉलोनी, देवबंद, सहारनपुर।


# शिक्षा के क्षेत्रा में बादशाहत रखने वाले सुभाष चंद कुलश्रेष्ठ को मिला बाबा-ए -शिक्षा अवॉर्ड

**देवबन्द।** सोमवार रात देवबंद में दारुल उलूम अशरफिया देवबंद के सालाना कार्यक्रम में मुजफ्फरनगर के मशहूर श्रीराम कॉलेज के फाउंडर मेंबर, चेयरमैन, डा. एस.सी. कुलश्रेष्ठ को बाबा-ए-शिक्षा अवॉर्ड से नवाज गया। देवबंद में आयोजित कार्यक्रम में 385 बच्चों को डिग्रियों से नवाजा गया, जिसमें उपस्थित अपार जनसमूह ने तालियां बजाकर और अपनी दुआओं से नवाज कर सभी डिग्री हासिल करने वालों का हौसला अफजाई किया। कार्यक्रम का आगाज तिलावत ए कुरान शरीफ से हुआ उसके बाद सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कर रहे देवबंद दारुल उलूम अशरफिया के प्रबन्धक मुफ्ती सालीम अशरफ कासमी ने आए हुए मेहमानों का स्वागत किया और उनके मदरसे से डिग्री हासिल करने वाले ऑनलाइन ऑफलाइन हिंदुस्तान के कौन कौन से आए हुए उनके परिवार वालों से सभी का परिचय कराया और उन्होंने कहा आज मैं बहुत खुश हूं जो ख्वाब हमारे बुजुर्गो ने देखा था वह आज पूरा हो रहा है डॉक्टर एस सी कुलश्रेष्ठ जी का प्रोग्राम मैं आना इसका सबूत है के इलम इंसान के बीच सारे भेदभाव मिटा देता है मैं डॉक्टर साहब से और उनकी सोच से बहुत प्रभावित हूं। डॉक्टर सुभाष चंद्र कुलश्रेष्ठ ने अपने संबोधन में कहा आज जो आपने डिग्री हासिल की हैं यह अभी शुरुआत है शिक्षा के क्षेत्र में अभी आप लोगों को बहुत आगे जाना है उन्होंने कहा समाज की और देश की तरक्की शिक्षा से ही संभव है उन्होंने ऐलान किया कोई भी गरीब बच्ची जो शिक्षा प्राप्त करना चाहती हो मगर उसके आगे पैसे की अगर कोई समस्या है, तो मुझे जाकर मिले मैं उस बच्ची को गोद ले लूंगा और उसका सारा खर्च यहां तक खाने पीने तक का खर्च स्वयं उठाऊंगा यह बात सुनकर वहां उपस्थित जनसमूह ने ताली बजाकर स्वागत किया। फिल्म डायरेक्टर प्रोड्यूसर सलीम गौर भी कार्यक्रम में उपस्थित हुए और उन्होंने भी सभी बच्चों को और प्रबंधक कमेटी को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी। व्यापारी नेता सुल.ेमान सिद्दीकी ने भी कार्यक्रम में डिग्री हासिल करने वाले सभी हाफिज, अलीम कारी, मौलवी, और स्टेज पर बैठे हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा हमारे मुजफ्फरनगर में राम कॉलेज में 2004 से लेकर आज तक शिक्षा क्षेत्र में बड़ी ऊंचाई हासिल की है जिसका श्रेय एस सी कुलश्रेष्ठ को जाता है। दारुल उलूम अशरफिया के प्रबन्धक मुफ्ती सलीम अशरफ कासमी, सैयद अंजर, मौलाना इस्लामुल हक, नजमुल हसन, एहसान मोहसिन, सलीम गौर, सुलेमान सिद्दीकी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।








**सार्वजनिक सूचना**

मैं बहलफ बयान करता हूं कि मेरी सम्पत्ति से सम्बधित एक मूल बैनामा जो मौ. हामिद खान ने हुमैरा खान के हक में किया था जिसकी रजिस्टरी बही नं. 1 जिल्द 12206 पेज 139 से 170 क्रमांक 8775 दिनांक 18.10.2019 दूसरा मूल बैनामा जो मौ. शाहनवाज आदि ने मौ. हामिद खान के हक में किया था जिसकी रजिस्टरी बही नं.-1 जिल्द 4185 पेज 87 से 104 क्रमांक 585 दिनांक 24.01.2002 तीसरा मूल बैनामा जो अरविन्द गुप्ता ने मौ. शाहनवाज आदि के हक में किया था जिसकी रजिस्टरी बही बही नं.-1 जिल्द 4121 पेज 781 से 796 क्रमांक 4514 दिनांक 05.12.2000 जो सब रजिस्टार सहारनपुर के यहां पंजीकृत थे। शपथकर्ता उक्त बैनामों के कागजात फोटो कापी कराने हेतु दिनांक 19.11. 25 नुमाइश कैम्प से देहरादून चौक की ओर जाते हुए रास्ते में कहीं गिर गए हैं। शपथकर्ता ने काफी तलाश किया परन्तु नहीं मिले। जिसके सम्बन्ध में थाना जनकपुरी को सूचना दी जा चुकी है।

**मौ० इरशाद पुत्र दिलशाद**
निवासी निकट मकबरा मस्जिद राशिद गार्डन जिला सहारनपुर।


# भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन (ए.राजनी.तिक) की मासिक बैठक संगठन के पदाधिकारियों और भारी संख्या में पहुंचे किसानों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह फौजी ने की। इस दौरान किसानों से जुड़े गंभीर मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई और समस्याओं के समाधान हेतु तहस.ीलदार धामपुर को 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।

संगठन ने ज्ञापन में कहा कि अंश निर्धारण में गड़बड़ियां लगातार सामने आ रही हैं, जिनका दुरुस्तीकरण कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है, जिससे किसानों को राजस्व संबंधित कार्यों में परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। इसी प्रकार मौजा रानी नांगल की बंद खतौनी अब तक नहीं खोली गई है, जिसके चलते ग्रामीणों को भू-लेख संबंधी कार्यों में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में यह भी बताया गया कि आवारा पशु किसानों की फसलों को चौपट कर रहे हैं और सड़कों पर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद इन्हें नियंत्रित करने के कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे। ग्रामीण किसानों का कहना है कि यदि स्थिति ऐसी ही रही तो रबी फसल भी पूरी तरह प्रभावित होगी। इसके अतिरिक्त गुलदार, जंगली हाथी एवं अन्य जंगली जानवरों द्वारा खेतों में नुकसान तेजी से बढ़ रहा है। किसानों ने मांग की कि वन विभाग जंगली जानवरों को जंगल की ओर मोड़ने के लिए उचित संसाधन और सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराए।

बिजली व्यवस्था को लेकर ब्लॉक स्योहारा के ग्राम जाट नगला में घरेलू उपभोक्ताओं को मात्र 10 किलोवाट के ट्रांसफार्मर से 20 कनेक्शन दिए गए हैं, जिससे ट्रांसफार्मर लगातार ओवरलोड रहता है। किसानों ने मांग की कि इसे तत्काल 10 केवीए ट्रांसफार्मर से बदला जाए तथा एलटी केबल लगाकर सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।




**न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन) सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।**

अपील संख्या-सी-202509000000334

धारा-24(4) उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 ग्राम भूमि स्थित ग्राम लाव्वदाऊदपुर परगना झिंझाना तहसील ऊन जिला शामली।

सुरेन्द्र सिंह **बनाम** श्रीमती संयोगिता देवी आदि।

**नोटिस बनाम**

1- संजय कुमार पुत्र संजयकुमार पुत्र इन्द्रपाल उर्फ इन्द्रसैन 2-सुशील पुत्र इन्द्रपाल उर्फ इन्द्र सैन प्रतिस्थानी मृतक श्रीमती मायादेवी पत्नी इन्द्रपाल उर्फ इन्द्रसैन 3-अरविन्द कुमार पुत्र बाबूराम, 4-पवन पुत्र जगवीर समस्त निवासीगण ग्राम लाव्वदाऊदपुर परगना झिझांना तहसील ऊन जिला शामली। प्रस्तुत सुरेन्द्र सिंह पुत्र जैन सिंह निवासी ग्राम मुण्डेट परगना झिंझाना तहसील ऊन जिला शामली ने न्यायालय उपजिलाधिकारी, तहसील ऊन जिला शामली द्वारा वाद संख्या टी202409720700585, धारा-24 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006, सुरेन्द्र सिंह बनाम संयोगिता देवी आदि के आदेश दिनांक 27.01.2025 के विरूद्ध अपील इस न्यायालय में योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है तथा इस अपील में दिनांक 11.12.2025 नियत है। अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 11.12.2025 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित अपील में पैरटी हेतु न्यायालय में उपस्थित हों। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे। दिनांक:-27.11.2025

**आज्ञा से**
**अपर आयुक्त (प्रशासन) सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।**



**सार्वजनिक सूचना**

मेरा परिवार व मेरे 5 सगे भाई साथ में रहते हैं। मेरे भाई फैजान ने अपनी मर्जी से विवाह कर लिया है। फैजान व उसकी पत्नि रुबी आये दिन लड़ाई झगड़ा करते हैं। जिससे परिवार वालों को मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। जिससे परेशान होकर शपथकर्ता व परिवार के सभी सदस्यों ने फैजान व उसकी पत्नि से हर प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिए हैं। आज के बाद इन दोनों के किसी भी क्रियाकलाप से कोई वास्ता नहीं होगा।

**मौ0 मुजाहिद पुत्र मौ0 मिंया**
निवासी: गली नं0 5/280/1 इशरत राईस मिल के पास आजाद कालोनी जिला सहारनपुर।



**न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन) द्वितीय सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।**

अपील संख्या-सी- 202209000000333

अन्तर्गत धारा-331(3) उ0प्र0ज0वि0भू0 व्य0 अधिनियम, 1950 ग्राम जुडडी व सरूरपुर तगा परगना सरसावा तहसील नकुड़ जिला सहारनपुर।

रविन्द्र कुमार आदि **बनाम** अशोक कुमार आदि

**नोटिस बनाम**

1-आशीष कुमार पुत्र हुकम सिंह 2/1- रोबिन पुत्र संजय कुमार 2/2 श्रीमती लता पत्नी संजय कुमार प्रतिस्थानीगण मृतक संजय कुमार पुत्र हुकम सिंह, 3/1-विराज पुत्र आशीष कुमार ना0बा0 संरक्षिका श्रीमती हिमाशी माता, 3/2 कु0 पीहू पुत्री आशीष कुमार ना0बा0 सर्रक्षिका श्रीमति हिमाशी माता, 3/3 श्रीमती हिमाशी विधवा आशिष कुमार मृतक प्रतिस्थानीगण आशीष कुमार पुत्र प्रदीप कुमार, 4-श्रीमती सुमन विधवा प्रदीप कुमार, 5-स्वाति पुत्री प्रदीप कुमार, 6-आरजू पुत्री प्रदीप कुमार, 7-संदीप कुमार पुत्र सुखबीर सिंह, 8-रिंकू पुत्र सुरेश कुमार, 9-अंकुश कुमार पुत्र सुरेश कुमार, 10-श्रीमती केलावती विधवा सुरेश कुमार, 11-राजबीर सिंह पुत्र सुरेन्द्र कुमार, 12-रवि कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार, 13-वैभव पुत्र नरेन्द्र कुमार नाबालिग बविलायत श्रीमती गजना देवी माता स्वयं, 14-श्रीमती गजना देवी विधवा नरेन्द्र कुमार, 15-लोकेन्द्र कुमार पुत्र नगीना सिंह 16/1-आर्यन पुत्र विकास ना0बा0 पुत्र विकास सरक्षिका श्रीमती प्रियंका माता स्वयं, 16/2-आयुष पुत्र विकास ना0बा0 पुत्र विकास सरक्षिका श्रीमती प्रियंका माता स्वयं, 16/3-कु0 शिवानी पुत्री विकास सरक्षिका श्रीमती प्रियंका माता स्वयं, 16/4-श्रीमती प्रियंका वेवा विकास प्रतिस्थानीगण विकास उर्फ छोटू पुत्र धूम सिंह, 17-राजकुमार उर्फ राजू पुत्र धूम सिंह, 18-श्रीमती शिमला विधवा धूम सिंह समस्त निवासीगण ग्राम जुडडी परगना सरसावा तहसील नकुड जिला सहारनपुर, 19-ग्राम सभा जुडडी परगना सरसावा तहसील नकुड जिला सहारनपुर द्वारा उसके प्रबन्धक, 20-ग्राम सभा ग्राम सरूरपुर तगा परगना सरसावा तहसील नकुड़ जिला सहारनपुर द्वारा उसके प्रधान, 21-सरकार उ0प्र0 द्वारा कलक्टर सहारनपुर। .......**विपक्षीगण**

प्रस्तुत अपील, अपीलर्थीगण 1-रविन्द्र कुमार पुत्र नेत्रपाल, 2-श्रीमती बालेश्वरी विधवा नेत्रपाल सिंह प्रत्येक निवासीगण ग्राम जुडडी परगना सरसावा तहसील नकुड जिला सहारनपुर ने न्यायालय उपजिलाधिकारी सहारनपुर के वाद संख्या-117/11-12, धारा-176ज0वि0 अधिनियम, अशोक कुमार आदि बनाम रविन्द्र कुमार आदि में पारित आदेश दिनांक 26.02.2018 के विरूद्ध अपील इस न्यायालय में योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है, तथा इस अपील में दिनांक 04.12.2025 नियत है। अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 04.12.2025 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित अपील में पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हों। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है, तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे। दिनांक:- 27.11.2025

**आज्ञा से**
**अपर आयुक्त (प्रशासन) द्वितीय सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।**

### संक्षिप्त खेल समाचार

## खेलो इंडिया पहल से किशोरों को जीवन का उद्देश्य मिला: टॉड

**जयपुर।** भारतीय टेनिस सर्किट में एक जाना-पहचाना नाम बन चुके ऑस्ट्रेलियाई कोच टॉड क्लार्क ने खेलो इंडिया पहल सराहना करते हुए कहा कि इससे किशोरों को जीवन का उद्देश्य मिलता है। 2008 में भारत आने के बाद से क्लार्क ने यहां रहकर देश की संस्कृति को करीब से अपनाया है। वर्तमान में वे ओडिशा स्थित कलिगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) में टेनिस निदेशक के रूप में काम कर रहे हैं और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में अपने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। क्लार्क का कहना है कि खेलो इंडिया गेम्स ने देशभर में किशोरों को सही दिशा और उद्देश्य दिया है। क्लार्क साई मीडिया से कहा कि उबाऊ किशोरावस्था से ज्यादा परेशान करने वाली कोई चीज नहीं होती। इन खेलों ने देशभर में युवाओं को खेल अपनाने, उसमें आगे बढ़ने और करियर बनाने का मौका दिया है।खेल चरित्र भी विकसित करते हैं।ु30 से अधिक वर्षों से कोचिंग कर रहे क्लार्क ने भारत सरकार की फिट इंडिया के प्रति प्रतिबद्धता की भी सराहना करते हुए कहा, ष्वर्तमान केंद्र सरकार फिट इंडिया के विचार को लेकर काफी गंभीर है।ये खेल युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाएंगे और खेल ढांचे को भी मजबूती मिलेगी। जयपुर में अब तक जो सुविधाएं देखी हैं, वे प्रभावशाली हैं।ु भारत आने के बाद क्लार्क पंजाब, गुजरात और हरियाणा में कोचिंग कर चुके हैं।

## बाराकास सेंट्रल को 2-0 से हराकर जिम्नासिया क्लॉसुरा सेमीफाइनल में

**ब्यूनस आयर्स।** मैनुअल पानारो और फ्रैंको टोरेस ने दोनों हाफ में किए गए गोलों की बदौलत जिम्नासिया ने बाराकास सेंट्रल को 2-0 से हराकर अर्जेंटीना के प्राइमेरा डिवीजन क्लॉसुरा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। पनारो ने सोमवार को क्वार्टरफाइनल मुक. बले के 22वें मिनट में जेरेमियास मेलों के दाएं फ्लैंक से क्रॉस पर पास से गोल करके मेहमान टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद मेलों की जगह दूसरे हॉफ में आए टोरेस ने 93वें मिनट में गोलकीपर मार्सेलो मिनो के पास से एक तेज टर्नओवर का फायदा उठाकर खाली नेट में गेंद डालकर बढ़त को दोगुना कर दी। अब सेमीफाइनल में जिमनेशिया का मुकाबला एस्टुडिएंट्स से होगा। क्लब डी जिम्नासिया वाई एस्ग्रीमा ला प्लाटा के मैनेजर फर्नांडो जानिराटो ने मैच के बाद कहा कि हमने एक मुश्किल टेस्ट पार कर लिया। हमारा एक और भी बड़ा मैच आने वाला है और हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। दिन के दूसरे क्वार्टरफाइनल में, रेसिंग ने टाइग्रे को पेनल्टी में 4-2 से हराकर बोका जूनियर्स के साथ सेमीफाइनल जगह बनाई।

# सीरीज में अजेय बढ़त के लिए उतरेगा भारत

## दक्षिण अफ्रीका के लिए तीन मैचों की सीरीज में बराबरी पर आने का अवसर होगा

**रायपुर।** पहले एकदिवसीय में जबरदस्त प्रदर्शन के बाद भारत बुधवार को शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में द. अफ्रीका के खिलाफ दूसरे मैच में जीत दर्ज कर सीरीज में अजेय बढ़ाने उतरेगा।

वहीं पिछले मैच में संघर्षपूर्ण प्रदर्शन करनी वाली दक्षिण अफ्रीका के लिए तीन मैचों की सीरीज में बराबरी का अवसर होगा। पहले मैच में विराट कोहली के 135 रन सिर्फ एक आंकड़े से कहीं अधिक थे। यह पारी को गति देने, हालात को समझने और साझेदारी संभालने का एक मास्टरक्लास था। रोहित शर्मा का लगातार योगदान और केएल राहुल की जरूरत पड़ने पर तेजी से रन बनाने की काबिलियत भारत की बल्लेबाजी लाइनअप की गहराई और अनुभव को दिखाती है। यशस्वी जायसवाल और रुतुराज गायकवाड़ जैसे युवा प्रतिभाशाली शीर्षक्रम और मध्यम क्रम में जोश भरते हैं। यह एक ऐसा फॉर्मूला है जिसे भारत दो. हराना चाहेगा। वहीं गेंदबाजी की बात करें, तो कुलदीप यादव और हर्षित राणा ने कंसिस्टेंसी और स्मार्ट वैरिएशन की अहमियत दिखाई। अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा शुरुआती मूवमेंट का फायदा उठाने के लिए जरूरी तेज गेंदबाजी आक्रमण देते हैं, जबकि लाइट्स में पिच धीमी होने पर स्पिनर्स भी मैच जिता सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका की बात करे तो उसने रांची के हाई- स्कोरिंग कंडीशंस में मजबूती दिखाई। क्विंटन डी कॉक शीर्षक्रम में खतरा बने हुए हैं, जिनमें पारी की रफ्तार तय करने में काबिल हैं। मैथ्यू ब्रीट्जके, मार्को यानसन और कॉर्बिन बॉश ने दिखाया कि निचले क्रम में साझेदारी कर मैच का पासा पलट सकती हैं, जिससे दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट की गहराई और अप्रत्याशित पर दबाव पड़ता है। नंद्रे बर्गर और ओटनील बार्टमैन की अगुवाई में गेंदबाजी आक्रमण विविधता और भेदने की क्षमता देता है, जिससे पता चलता है कि पहले मैच में पिछड़ने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका चुपचाप नहीं खेलेगा। पिच की अगर बात की जाए तो शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम की पिच तो यह तेज गेंदबाज शुरुआती मूवमेंट हासिल कर सकते हैं, बल्लेबाजों को अपनी पारी पर ध्यान से आगे बढ़ाना होगा, और जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ेगा, स्पिनर्स खेल में आएंगे। भारत की संभावित टीम: रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, कोहली, रुतुराज गायकवाड़, वाशिंगटन सुंदर, केएल राहुल (कप्तान, रवींद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा। द. अफ्रीका टीम: टेम्बा बावुमा (कप्तान), डी कॉक (विकेट कीपर), एडन मारक्रम, मैथ्यू ब्रीट्जके, टोनी डी जॉर्जी, डेवाल्ड ब्रेविस, मार्को जेनसेन, कॉर्बिन बॉश, प्रेनेलन सुब्रायन, केशव महाराज, नंद्रे बर्गर और ओटनील बार्टमैन।



# असम के खिलाफ आया सरफराज खान का तूफान

**मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलते हुएबल्लेबाज ने शानदार शतक जड़ा**

**लखनऊ।** युवा बल्लेबाज सरफराज खान ने मंगलवार को असम के खिलाफ धमाकेदार प्रदर्शन किया। मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलते हुए 28 वर्षीय बल्लेबाज ने शानदार शतक जड़ा और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

हालांकि, इस मुकाबले में भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव कुछ खास नहीं कर सके जबकि अजिंक्य रहाणे ने 33 गेंदों में 42 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज ने टी-20 प्रारूप में अपना पहला शतक असम के खिलाफ जड़ा। 47 गेंदों में आठ चौके और सात छक्के की मदद से 100 रन बनाकर वह नाबाद रहे। इस दौरान उन्होंने 212.76 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। उनकी इस पारी की बदौलत मुंबई ने आसाम के सामने 221 रनों का लक्ष्य रखा था। जवाब में रियान पराग की अगुआई वाली टीम 122 रन ही बना सकी और आलआउट हो गई। इस तरह मुंबई ने यह मुक. बला 98 रन से जीत लिया। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पिछले कुछ समय से खराब फार्म से जूझ रहे हैं। इससे पहले आस्ट्रेलिया दौरे पर खेले पांच मुकाबलों में उन्होंने 39', 1, 24 और 20 रन बनाए थे। प्रशंसकों को उम्मीद है 9 दिसम्बर से द. अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो जा रही पांच मैचों की टी-20 सीरीज से पहले कप्तान सूर्यकुमार लय हासिल कर लेंगे।

# वेस्टइंडीज का कहर न्यूजीलैंड 231/9

**क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड)।** केन विलियमसन (52) और माइकल ब्रेसवेल (47) की जुझारू पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन मंगलवार को दिन का खेल समाप्त होने के समय नौ विकेट पर 321 रन बना लिए है।

वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज दिन भर जूझते नजर आए। आज यहां वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज डेवन कॉन्वे (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए केन विलियमसन ने कप्तान टॉम लेथम के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी हुई। 30वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने टॉम लेथम 85 गें. दों में 24 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद न्यूजीलैंड ने महज 25 रन जोड़कर अपने दो और विकेट गंवा दिए। रचिन रविंद्र (तीन) और विल यंग 14 रन बनाकर आउट हुए। 49वें ओवर में जेडेन सील्स ने टॉम ब्लंडेल 29 को आउटकर न्यूजीलैंड को छठा झटका दिया। केन विलियमस ने न्यूजीलैंड के 102 गेंदों में छह चौकों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। ओजय शील्ड्स ने 73 गेंदों में छह चौकों की मदद से 47 रन बनाए। नेथन स्मिथ (23) और मैट हेनरी (आठ) रन बनाकर आउट हुए। खराब रोशनी के कारण न्यूजीलैंड ने 70 ओवरों में नौ विकेट पर 231 रन बना लिए है।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज

# हार्दिक पांड्या की वापसी तय, गिल पर संशय

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के अनुभवी आलराउंडर हार्दिक पांड्या दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज से वापसी कर सकते हैं, लेकिन टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल पर संशय बरकरार है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को भारतीय चयनकर्ता टीम के चयन के लिए बैठक करेंगे।

इसी दिन भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा वनडे मैच खेला जाना है। अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति जब रायपुर में टीम चयन के लिए बैठक करेगी, तो एजेंडा में शीर्ष पर गिल रहेंगे। अगर गिल टीम में जगह नहीं बना पाते हैं, तो अभिषेक शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन ओपनिंग का विकल्प होंगे। सैमसन आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में पांच में से दो ही मैच खेले थे, जबकि उन्हें एक ही बार बल्लेबाजी का मौका मिला था। सैमसन तीसरे स्थान पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। यशस्वी उस वक्त टीम का हिस्सा नहीं थे। गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट के दौरान पहली पारी में बल्लेबाजी करते वक्त चोट लगी थी। वह रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए थे और फिर मैच में हिस्सा नहीं ले पाए थे। गिल दूसरे टेस्ट में खेलने के लिए फिट नहीं हुए और वनडे सीरीज से भी उन्हें बाहर रखा गया। गिल सोमवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वबीसीसीआईद्ध के सेंटर आफ एक्सीलेंस पहुंचे जहां वह रिहैब शुरू करेंगे। चयनकर्ता रियान पराग को भी 15 सदस्यीय टीम में जगह दे सकते हैं। पराग ने भारत के लिए आखिरी बार बांग्लादेश के खिलाफ 2024 में टी-20 मैच खेला था। वह फिलहाल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में असम टीम की कमान संभाल रहे हैं। वहीं, चयनकर्ता और टीम प्रबंधन हार्दिक की वापसी से संतुष्ट है। हार्दिक ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ौदा के लिए खेलते हुए पंजाब के खिलाफ नाबाद 77 रन बनाए। यह उनका पिछले दो महीने से अधिक समय में पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। हार्दिक आस्ट्रेलिया दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं थे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज की शुरुआत नौ दिसम्बर को कटक में होने वाले पहले मैच से होगी। इसके बाद दोनों टीमें 11 दिसम्बर को न्यू चंडीगढ़, 14 दिसम्बर को धर्मशाला, 17 दिसम्बर को लखनऊ और 19 दिसम्बर को अहमदाबाद में सीरीज के शेष मुकाबले खेलेंगी। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम फिलहाल टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर है, जबकि दक्षिण अफ्रीका पांचवें स्थान पर है।




# पाक के लिए मोईन अली ने भी छोड़ा आईपीएल

## चार दिन पहले फाफ डु प्लेसिस ने पीसीएल में खेलने का किया था फैसला

**कराची।** फाफ डू प्लेसिस के बाद अब इंग्लैंड के पूर्व आलराउंडर मोईन अली ने भी आईपीएल 2026 से हटकर पीसीएल 2026 में खेलने का फैसला किया है। चार दिनों में ऐसा कदम उठाने वाले वे दूसरे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। 29 नवम्बर को आरसीबी के पूर्व कप्तान फाफ डू प्लेसिस ने आईपीएल से नाम वापस लेकर पाकिस्तान सुपर लीग खेलने की घोषणा की थी।

इसी बीच आईपीएल का मिनी आक्शन 16 दिसम्बर को अबू धाबी में होना है। हर टीम में वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी- मोईन मोईन अली ने सोशल मीडिया पर बताया कि वे पीसीएल के नए दौर का हिस्सा बनने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने लिखा कि यह लीग दुनिया की टाप टी-20 लीगों में से एक है और हर टीम में वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी खेलते हैं। उनके मुताबिक पाकिस्तान में खेलना हमेशा अच्छा अनुभव देता है। वहां क्रिकेट का स्तर ऊंचा है और दर्शकों का उत्साह खिलाड़ियों को पूरा दम लगाने पर मजबूर करता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सफर भी यादगार रहेगा।



आईपीएल 2025 के मेगा आक्शन में कोलक. ता नाइट राइडर्स ने मोईन को 2 करोड़ की बेस प्राइस पर खरीदा था। आईपीएल 2026 से पहले फ्रेंझ्स ने 9 खिलाड़ियों को रिलीज किया, जिनमें मोईन भी शामिल थे। 2025 सीजन में उनका प्रदर्शन साधारण रहा। उन्होंने 6 मैचों में सिर्फ 5 रन बनाए और 6 विकेट हासिल किए। 2018 से आईपीएल का हिस्सा मोईन अली 2018 से आईपीएल खेलते रहे हैं और आरस. बी, सीएसके तथा केकेआर जैसी टीमों का हिस्सा रहे। अब तक वे 73 आईपीएल मैच खेल चुके हैं, जिनमें 1167 रन बनाए और 41 विकेट लिए हैं। वेसीएसके के साथ 2021 और 2023 में दो बार आईपीएल चैंपियन भी बने। फाफ डू प्लेसिस ने भी आईपीएल छोड़ने की घोषणा की थी मोईन अली से पहले साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डू प्लेसिस ने 29 नवम्बर को घोषणा की थी कि वे आईपीएल 2026 के आक्शन में अपना नाम नहीं डालेंगे। फाफ ने 14 सीजन में 154 मैच खेले और 4,773 रन बनाए (औसत 35.10, स्ट्राइक रेट 135.79)। वे सीएसके, राइजिंग पुणे सुपरजायंट, आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेले हैं। 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए उनका प्रदर्शन चोट की वजह से प्रभावित रहा, जिसमें वे 9 मैचों में 202 रन ही बना पाए। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा-14 सीजन के बाद इस बार आक्शन में नाम नहीं डाल रहा। भारत हमेशा मेरे दिल में खास जगह रखेगा, यह अलविदा नहीं है।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ख्वाजा चोटिल, गाबा टेस्ट से हुए बाहर

**गाबा।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज पीठ की चोट के कारण गुरुवार को शुरू होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट से बाहर हो गए है। ख्वाजा की जगह अभी किसी अन्य बल्लेबाज का चयन नहीं किया गया है।

ऐसा माना जा रहा है कि जोश इंग्लिस और ब्यू वेबस्टर की ऑस्ट्रेलियाई एकादश में वापसी हो सकती है। ख्वाजा ने मंगलवार को थोड़ी देर अभ्यास किया और इस दौरान उन्हें तकलीफ हो रही थी। वह अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं। यह देखना बाकी है कि उनकी जगह कौन ओपनिंग करेगा। मार्नस लाब. ुशेन ने पर्थ टेस्ट की पहली पारी में ओपनिंग की थी, जबकि ट्रैविस हेड ने दूसरी पारी की शुरुआत की थी। पर्थ में चौथी पारी में शानदार प्रदर्शन के बाद, हेड ने संकेत दिया है कि उन्हें ओपनिंग करने में खुशी होगी। इंग्लिस ने पिछले हफ्ते इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शानदार शतक लगाया था ऐसे में अगर उनका चयन होता है, तो वह भी एक विकल्प हो सकते हैं। इंग्लिस को लाने से ऑस्ट्रेलिया को हेड को मिडिल-ऑर्डर में बनाए रखने में मदद मिलेगी। अगर वे इसके बजाय वेबस्टर के साथ जाते हैं, तो हेड के ऑर्डर में ऊपर जाने की संभावना है। वेबस्टर ने पिछले साल भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के लिए पदार्पण किया था। इस बीच, इंग्लैंड ने अपनी एकादश में एक बदलाव किया है और चोटिल मार्क वुड की जगह स्पिन-गें. दबाज ऑलराउंडर विल जैक्स को टीम में शामिल किया है। जैक्स, जिन्होंने दूसरे टेस्ट से पहले अभ्यास सत्र के दौरान लेंथ में गें. दबाजी की थी, उन्हें फ्रंटलाइन स्पिनर शोएब बशीर से आगे रखा गया है। इंग्लैंड एकादश: जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स और जोफ्रा आर्चर।



# ओलंपिक: मिश्रित मार्शल आर्ट्स शामिल करने की कवायद तेज हुई

**जिनेवा।** एशियन मिश्रित मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन (एएमएमए) ने ओलंपिक खेलों में शामिल होने के लिए एमेच्योर एमएमए के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय शासी निकाय बॉडी बनाने की घोषणा की है।

एएमएमए के अध्यक्ष गॉर्डन टैंग ने कहा कि एमएमए के दुनिया भर में करोड़ों प्रशंसक हैं। लेकिन वैश्विक ख्याति के बावजूद, एमएमए एक ऐसा खेल है जिसमें एक जैसा अंतर्राष्ट्रीय शासी निकाय नहीं है। मैंने स्वयं देखा है कि जब सभी एक जैसे विजन के पीछे मिलकर काम करते हैं तो क्या हासिल किया जा सकता है।ु टैंग और एएमएमए के दूसरे अगुवाकारों ने 27 नवम्बर को फेडरेशन ऑफ अंतर्राष्ट्रीय मिश्रित मार्शल आर्ट्स

**एमेच्योर एमएमए के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय शासी निकाय बॉडी बनाने की घोषणा**

(एफआईएमएमए) की स्थापना की पुष्टि के लिए एक ऑनलाइन बैठक की। टैंग ने कहा कि एफआईएमएमए उन कई कॉल्स का जवाब है जो हमें एथलीट्स और राष्ट्रीय और क्षेत्रीय फेडरेशन्स से मिली हैं, जो एक अंतर्राष्ट्रीय फेडरेशन की मांग कर रहे हैं। जो इस खेल को एक अंतर्राष्ट्रीय निकाय के तहत एकजुट करें। हम ऐसे किसी भी संस्था के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं जो एमएमए और उसके एथलीट्स के वैश्विक हितों की रक्षा और उन्हें बढ़ावा देने के हमारे वादे को साझा करती हैं। टैंग ने इस बात की भी पुष्टि कि संस्था ने अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी से बात की है और उसका मकसद ओलंपिक पहचान हासिल करना है। एएमएमए के महानिदेशक गैलास्टिन टैन ने कहा कि एफआईएमएमए का मकसद एथलीट्स को सबसे पहले रखना और वास्तव में वैश्विक समर्थन हासिल करना है। हम सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धा का मंच तैयार कर रहे हैं जो ऐसी स्पर्धाओं को आसान बनाए और श्रेष्ठ एथलीट्स को एक संस्था के तहत एक साथ लाते हैं। मिश्रित मार्शल आर्ट्स को 2025 एशियन यूथ गेम्स में शामिल किया गया था और यह 2026 एशियन गेम्स में एक पदक स्पर्धा के तौर पर पर्दापण करेगा।

# आईपीएल की नीलामी में शामिल नहीं होंगे मैक्सवेल

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और इंग्लैंड के बल्लेबाज मोईन अली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की नीलामी में भाग नहीं लेंगे।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मैक्सवेल ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये जानकारी साझा की है कि वह आईपीएल 2026 की नीलामी में हिस्सा नहीं लेंगे। हालांकि उन्होंने नीलामी से बाहर होने का कारण नहीं बताया है। मैक्सवेल ने कहा कि आईपीएल में कई अविस्मरणीय सीजन के बाद इस साल नीलामी में मैंने अपना नाम नहीं डालने का फैसला किया है। यह मेरे लिए एक बड़ा निर्णय है और इस लीग ने मुझे जो कुछ भी दिया, उसके लिए मैं बहुत आभार के साथ यह फैसला ले रहा हूं।उन्होंने कहा कि आईपीएल ने मुझे एक क्रिकेटर और इंसान के रूप में गढ़ने में मेरी मदद की है। मैं बेहद सौभाग्यशाली रहा हूं कि मुझे विश्वस्तरीय खिलाड़ियों के साथ खेलने और बड़ी फ्रेंचाइजियों का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। इसके साथ ही उन प्रशंसकों के सामने प्रदर्शन करने का मौका मिला है जिनका जुनून अद्वितीय है। भारत की चुनौती, यादें और ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रहेंगी। इन वर्षों में आपके समर्थन के लिए धन्यवाद। उम्मीद है जल्द आपसे मुलाकात होगी। आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने मैक्सवेल को रिलीज कर दिया था। आईपीएल में मैक्सवेल कुल चार टीमों के लिए खेल चुके हैं। इन टीमों में पंजाब किंग्स, दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स), मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शामिल हैं। आईपीएल 2024 के बाद आरस. बी ने मैक्सवेल को रिलीज कर दिया था, जिसके बाद बड़ी नीलामी में पीबीकेएस ने उन्हें खरीदा था। मैक्सवेल ने आईपीएल में कुल 141 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 135 पारियों में 23-88 की औसत और 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 2819 रन बनाए हैं। इस दौरान मैक्सवेल ने 18 अर्धशतक भी लगाए हैं। वहीं गेंद के साथ मैक्सवेल ने 8.29 की इकॉनमी से 41 विकेट झटके हैं।



## देवदत्त पड़िक्कल का शतक कर्नाटक ने तमिलनाडु को से हराया

**अहदाबाद।** देवदत्त पड़िक्कल (नाबाद 102) की शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत कर्नाटक ने मंगलवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में तमिलनाडु को 145 रनों से करारी शिकस्त दी। 246 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तमिलनाडु, कर्नाटक के गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने में विफल रही और पूरी टीम 14.2 ओवर में 100 रन के स्कोर पर सिमट गई। तमिलनाडु के लिए तुषार रहेजा ने सर्वाधिक 29 रनों की पारी खेली। नारायण जगदीशन (21), आर राजकुमार (16) और अमित सात्विक 15 रन बनाकर आउट हुए। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। प्रवीण दुबे और श्रएस गोपाल ने तीन-तीन विकेट लिए। विजयकुमार वैशक व शुभांग हेगड़े को दो-दो विकेट मिले।

# गरिमामयी वातावरण में मना विश्वविद्यालय स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय का चतुर्थ स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और गरिमामयी वातावरण में मनाया गया। विश्वविद्यालय परिसर प्रात:काल से ही मंगल ध्वनियों और स्वागत गीतों से गूंज उठा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विधि-विधान के साथ आयोजित हवन-यज्ञ द्वारा किया गया। इस पावन यज्ञ में कुलपति प्रो. विमला वाई मुख्य यजमान के रूप में सम्मिलित रहीं। उनके साथ कुलसचिव कमल कृष्ण, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार तथा उपकुलसचिव अनुप कुमार उपस्थित रहे। हवन के पश्चात विश्वविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन महापौर डॉ. अजय कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने युवाओं को अधिक संख्या में रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। रक्तदान शिविर में कुलसचिव कमल कृष्ण एवं उपकुलसचिव अनुप कुमार के साथ ही 35 लोगों ने रक्तदान किया।



रक्तदान शिविर के बाद विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महापौर डॉ. अजय कुमार एवं जिलाधिकारी मनीष बंसल ने संयुक्त रूप से पौधारोपण किया। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इनोवेशन मेले का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने विभिन्न स्टार्टअप मॉडलों, नवाचार परियोजनाओं तथा विद्यार्थियों द्वारा निर्मित वैज्ञानिक प्रदर्शनों का अवलोकन किया। मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने विकासशील भारत के बारे में चर्चा की।

मंच पर स्पर्श दिव्यांग विद्यालय तथा नेत्रहीन विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक, भावपूर्ण और प्रेरणादायी प्रस्तुतियों से सभी का हृदय जीत लिया। इस अवसर परसहायक कुलसचिव संजीव कुमार, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. राज कुमार, डॉ. आर.के. गुप्ता, डॉ. हर्ष सिंह, डॉ. अर्चस्वी त्यागी, डॉ. विजय प्रताप, डॉ. संदीप कुमार, इंजी. अभिनव पुंडीर, इंजी. विवेका पुंडीर, डॉ. मितिका चौहान, डॉ. ममता, डॉ. अपूर्वा, डॉ. कोमल त्यागी, मानव, डॉ. प्रतिभा चौहान सहित सभी शिक्षकगण एवं कर्मचारी सम्मिलित रहे। इस अवसर पर लगभग 600 लोग उपस्थित रहे।



■ मेयर डा.अजय व डीएम मनीषबंसल ने किया मेले का अवलोकन

# महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आज माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के चौथे स्थापना दिवस के अवसर पर सहारनपुर स्मार्ट सिटी एवं एम.एस.यू. एकेडमिक फाउंडेशन के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।



हस्ताक्षर के दौरान माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. विमला वाई, स्मार्ट सिटी के सीईओ शिपू गिरि कंपनी सचिव शंकर तायल तथा एमएसयू एकेडमिक फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिनव पुंडीर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी उपस्थित रहे। दोनों संस्थानों के बीच यह एमओयू साइन हो जाने से विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों एवं विभागों के छात्र अब सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड में प्रशिक्षण, इंटर्नशिप तथा प्रोजेक्ट वर्क कर सकेंगे। यह पहल छात्रों को वास्तविक परियोजनाओं, नगरीय योजना, डिजिटल गवर्नेंस, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर तथा नवाचार आधारित कार्यों का व्यवहारिक अनुभव प्रदान करेगी। स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित परियोजनाओं, जैसे शहरी परिवहन, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, आईटी एवं कमांड सेंटर, सांस्कृतिक एवं विरासत संरक्षण, जल प्रबंधन आदि में अब विश्वविद्यालय के छात्र प्रत्यक्ष सहभागिता करेंगे, जिससे उन्हें न सिर्फ कौशल विकास का अवसर मिलेगा, बल्कि शहर के विकास में युवाओं की ऊर्जा भी शामिल होगी। दोनों संस्थानों ने यह विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी शहर को स्मार्ट, आधुनिक और नवाचार केंद्रित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा युवाओं के लिए रोजगारपरक अवसरों के नए रास्ते खोलेगी।

# सपा प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने लिया एसआईआर फार्म भरने का जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा की प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने पापडी रसूलपुर प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर एसआईआर फार्म भरने के कार्य का जायजा लिया।



रूही अंजुम ने शिविर में पहुंचकर वहां लोगों से आ रही दिक्कतों को पूछा और उनका तत्काल समाधान कराते हुए फार्म भरवायें उन्होने बीएलओ से भी बातचीत कर सहयोग का भरोसा दिया। इस दौरान बीएलओ अताउर्रहमान, सुषमा देवी, कुसुम, सरिता, भाबरी सरोजबाला के अलावा जिन्दा हसन, मास्टर मोहसीन, मतलूब, उसमान, देव गोस्वामी, सोनी कुमार, खुर्रम, शजरे आलम आदि मौजूद रहे।

# विधायक आशु मलिक के प्रयासों से लगा कैन्सर जागरूकता शिविर

## 17 गांवों से स्वास्थ्य व पर्यावरण विभाग की संयुक्त टीम ने लिए पानी के सैम्पल, आज शिविर में किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की याचिका समिति में समाजवादी पार्टी से देहात विधायक आशु मलिक द्वारा ढमोला नदी और आसपास के क्षेत्रों में फैल रही गंभीर बीमारी के मामले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

गांव घानाखण्डी में आयोजित इस शिविर में 17 टेबल लगायी गयी जिसमें कैन्सर समेत अलग अलग गंभीर बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस शिविर में विधायक आशु मलिक भी पहुंचे और उन्होने यहां का निरीक्षण कर कैम्प में किये जा रहे कार्यों को देखा। विधायक आशु मलिक ने कहा कि आज के इस स्वास्थ्य शिविर कैंप का फायदा लगभग 17 गांव के लोगों को मिला और आगे भी ऐसे ही जनता की समस्याओं के लिए लगातार संघर्ष करते रहेंगे। यहां यह भी बता दे कि ढमोला नदी और आसपास के क्षेत्रों में फैल रही गंभीर बीमारी कैन्सर के कारणों की खोज के लिए स्वास्थ्य और पर्यावरण विभाग की संयुक्त टीम ने 17 गांवों में जाकर पानी के सैम्पल एकत्र किये थे। पानी के सैम्पलों के विश्लेषण के बाद कैन्सर व अन्य गंभीर बीमारियों के कारणों का पता चल सकेगा।



सपा के प्रदेश सचिव इसरार चौधरी, जिला पंचायत सदस्य जब्बार प्रधान, जिला पंचायत सदस्य नफीस मलिक, प्रधान दार अहमद, सपा महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी, प्रधानाचार्य राजकुमार, मुसतफा, अतीक मलिक, आदि मौजूद रहे।

# खाताखेड़ी पुलिस चौकी के नवीनीकरण का उद्घाटन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कानून व्यवस्था चुस्त दुरूस्त बनाये रखने के लिये एसएसपी आशीष तिवारी ने खाताखेडी पुलिस चौकी के नवीनीकरण कार्य का वर्चुअल उदघाटन किया।

पुलिस चौकी खाताखेडी में नगर पुलिस अधीक्षक व्योम बिंदल, सीओ प्रथम मुनीष चंद्र, प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी की वर्चुअल मौजूदगी में चौकी प्रभारी राहुल, पार्षद श्रीमती शबाना प्रवीन, रिटायर्ड प्रवक्ता सतीश कुमार सैनी, पार्षद प्रतिनिधि डा.अहतेशाम, श्रीमती शोबी अंसारी, सुश्री हिना राव, एंटी रोमियो उप निरीक्षक सुश्री प्रीति द्वारा सामूहिक रूप से रिबन काटकर किया गया।

# मेयर व नगर आयुक्त ने ढमोला किनारे किए पौधे रोपित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहर के ढमोला पुलों के निकट नदी किनारों के सौंदर्यीकरण की पहल करते हुए आज महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि सहित निगम के अनेक अधिकारियों एवं पार्शदों ने पौधा रोपण किया। चम्पा, ग्लोचिन, फाइकस व बोगनवेलिया के करीब एक हजार पौधों का रोपण किया गया। महापौर व नगरायुक्त ने लोगों से इस अभियान में जनसहयोग की अपील करते हुए कहा कि लोग नहरों में कूड़ा-कचरा न फेंके और निगम के कर्मचारियों या गाड़ियों में ही कूड़ा डालें।

ढमोला नदी में वर्शा ऋतु में आने वाली बाढ़ के दौरान तटीय क्षेत्रों को जलभराव से बचाने के लिए नगर निगम द्वारा अपने संसाधनों से सफाई कराकर जो मिट्टी और शिल्ट किनारों पर डाली गयी थी, महापौर के सुझाव और नगरायुक्त के निर्देश पर उस मिट्टी को पोकलेन व जेसीबी आदि मशीनों की मदद से ढमोला नदी किनारे फैलाकर सीढ़ीनुमा कच्चे घाट तैयार किये जा रहे हैं। किनारों को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए एक जाली भी मिट्टी में लगायी गयी है। विश्वकर्मा चौक के निकट ढमोला किनारे विकसित किये गए ऐसे घाटों पर आज महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने चम्पा, ग्लोचिन, फाइकस व बोगनवेलिया पौधों का रोपण किया।



महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि नगर निगम ढमोला पुल के दोनों ओर सौ-डेढ़ सौ मीटर लंबे बांध बना कर उनका सौंदर्यीकरण करा रहा हैं जिससे कि न केवल बारिश के मौसम में लोगों के नुकसान को रोका जा सके बल्कि इन स्थानों को सुंदर भी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम सीमा में वार्ड नंबर आठ में जहां से नदी प्रवेश करती है और वार्ड नंबर दो में जहां से बाहर निकलती है उस पूरे नदी क्षेत्र में जहां लोगो द्वारा अतिक्रमण करने से अवरोध के कारण उसका आकार छोटा हो गया है, उस अतिक्रमण को हटवाकर नदियों को बचाने का काम भी किया जायेगा। इससे न केवल वायु प्रदूशण की दृश्टि से शहर कार्बन न्यूट्रल बनेगा और पर्यावरण में सुधार आयेगा। उन्होंने जन सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि बिना जन सहयोग के कोई भी कार्य पूरा नहीं हो सकता।

नगरायुक्त शिपू गिरी ने कहा कि नदियों के किनारे पडेध् कूडेध्-कचरे से शहर की प्रतिकूल छवि बन रही थी। अपनी प्राचीन नदियों को संरक्षित करें और सुंदर बनायें यह हमारा दायित्व है, उसी सोच के साथ नदी के किनारों को सुंदर और संरक्षित करने का यह कार्य शुरु किया गया है और यह लगातार जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से अपनी भागेदारी करने का भी आह्वान किया। पौधारोपण कार्यक्रम में सहायक नगरायुक्त जे पी यादव, अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव व विजय बहादुर सिंह, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, जेडएसओ राजीव चौधरी के अलावा पार्शद अमित त्यागी, गौरव कपिल, कपिल धीमान व राजकुमार शर्मा तथा भाजपा नेता अजय वशिष्ठ, नवाब सिंह गुर्जर व अशोक गुप्ता आदि ने भी पौधारोपण किया।

# महादेव शिव मंदिर में किया जाएगा कथा का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** राधे-राधे संकीर्तन मंडल द्वारा भागवत कथा सप्ताह का आयोजन मोहल्ला कानूनगोयान स्थित महादेव शिव मंदिर में किया जाएगा।

कथा के पहले दिन मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। महादेव मंदिर से यात्रा आरंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कथा स्थल पर संपन्न होगी जहां व्यास गद्दी पर मंगल कलश स्थापित किए जाएंगे। एक सप्ताह तक चलने वाली कथा में रोजाना दस बजे पूजन किया जाएगा तथा सायं दो से पांच बजे तक कथा होगी। पं. सुधीर शर्मा द्वारा कथा पर प्रवचन होगा। दस दिसंबर को कथा का समान किया जाएगा जिसमें जन कल्याण यज्ञ के बाद भंडारा आयोजित किया जाएगा।

# बिजली बिल राहत योजना का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैलाशपुर।** क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। बिजली बिल राहत योजना 2025-26 का शुभारम्भ हो चुका है, जो 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक संचालित की जाएगी। इस बार पहली बार उपभोक्ताओं को 100% ब्याज माफी के साथ-साथ मूलधन पर भी बड़ी छूट प्रदान की जा रही है, जिससे लंबे समय से लंबित बिजली बिल जमा करने वालों को महत्वपूर्ण राहत मिलने की उम्मीद है।

बिजली विभाग की टीम घरख्रघर जाकर उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी दे रही है और उन्हें समय पर बिल जमा कर इस विशेष अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित कर रही है। विभाग के अनुसार, सरकार की यह पहल उन उपभोक्ताओं के लिए अत्यंत सहायक साबित होगी जो आर्थिक तंगी के कारण अपने बकाया बिलों का भुगतान नहीं कर पा रहे थे। कैलाशपुर बिजली घर की टीम में शामिल कर्मचारी परीक्षित सिंह (टीजी-2), विनीत कुमार, अजहर खान, शमीम खान, दिलीप कुमार और सतपाल (लाइनमैन) योजना के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

वहीं एसडीओ अंकित त्यागी और जेई पंकज मलिक ने बताया कि विभाग का लक्ष्य अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिलाना है ताकि क्षेत्र में बकाया बिलों का निपटान सुगमता से हो सके।

बिजली विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर बिल जमा कर इस राहत योजना का अधिकतम लाभ उठाएँ और किसी भी प्रकार की अतिरिक्त पेनल्टी से बचें।

# दो वारंटी जेल भेजे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने दो वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देश पर अपराध नियंत्रण एवं अपराधों में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना देहात कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सूबेसिंह व उपनिरीक्षक राजकुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर दो वारंटी आरोपियों विनोद कुमार पुत्र साधू व महेंद्र पुत्र चेतराम निवासीगण सलेमपुर भूकड़ी थाना देहात कोतवाली को ग्राम सलेमपुर भूकड़ी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दबोचे गए आरोपी धारा-305, 504, 506 व 353 भादवि में न्यायालय से वांछित चल रहे थे। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

# मां का आंचल, भाई का साथ व पापा का उठा साया

**( सोनू राणा )**

**छुटमलपुर।** मम्मी मैं स्कूल से आ गया आज फिर आपकी गोद में लिपटूँगा भाई अनिरुद्ध से झगडूँगा पापा से नया खिलौना माँगूँगा यह सोचते हुए जब 6 साल का मासूम अभिनंदन घर लौटा तो चौखट पर माँ का इंतजार नहीं था आँगन में भाई की आवाज नहीं गूँजी और पापा की गोद खाली थी चार दिन पहले सय्यद मजरा फ्लाईओवर के नीचे हुए भीषण सड़क हादसे ने एक झटके में उसका पूरा संसार उजाड़ दिया माँ पापा और बड़ा भाई अनिरुद्ध तीनों हमेशा के लिए चले गए।

जानकारी के मुताबिक घटना 27 नवंबर की रात की है थाना गागलहेड़ी क्षेत्र में फ्लाईओवर के नीचे तेज रफ्तार ट्रक ने परिवार की कार को टक्कर मार दी थी कार में सवार सात लोग मौके पर ही दम तोड़ गए थे इनमें अभिनंदन के पिता माँ और 11 साल का बड़ा भाई अनिरुद्ध भी शामिल थे अभिनंदन उस दिन दादी के पास गांव में ही था इसीलिए मौत की उस क्रूर चपेट से बच गया लेकिन बचकर भी वह बच नहीं पाया आज वह दुनिया की भीड़ में पूरी तरह अकेला है।



गाँव में जब शव पहुंचे तो कोहराम मच गया लोग आज भी सहमे हुए हैं अभिनंदन अभी कुछ समझ नहीं पा रहा कभी माँ को पुकारता है कभी भाई का नाम लेता है कभी पापा की तलाश में दरवाजे की ओर दौड़ता है दादी उसे गोद में लेकर रोते रोते चुप कराती हैं लेकिन खुद की आँखें पोंछना भूल जाती हैं परिवार के रिश्तेदार बता रहे हैं कि अभिनंदन की माँ उसे बेहद लाड़ करती थी रात में अगर वह बिस्तर गीला कर देता तो माँ खुद भीगकर उसे सूखी जगह सुला देती थी भाई अनिरुद्ध उसका सबसे अच्छा दोस्त था दोनों साथ खेलते साथ पढ़ते पापा हर शाम उसे कंधे पर बिठाकर गाँव की गलियों में घुमाते थे अब वह कंधा नहीं वह गोद नहीं वह आँचल नहीं।

आज अभिनंदन के सामने सवालों का अम्बार है मैंने क्या गलती की थी मम्मी आप सब मुझे छोड़कर कहाँ चले गए रात में डर लगे तो किसके पास जाऊँ भाई के बिना आँगन में क्रिकेट कौन खेलेगा इन सवालों का कोई जवाब नहीं सिर्फ सन्नाटा है और आँसुओं की नदी। आज पूरा गाँव अभिनंदन के साथ खड़ा है, लेकिन कोई उसकी माँ नहीं बन सकता, कोई उसके पापा और कोई उसका भाई नहीं सिर्फ छह बरस की उम्र में यह मासूम सर से बाप का साया, माँ का आँचल और भाई का दुलार सब कुछ खो चुका है।

# आठ में से दो समस्याओं का समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आज जनसुनवाई में साफ-सफाई, अतिक्रमण व आवारा कुत्तों को पकड़वाने आदि आठ समस्याएं आयी, जिनमें से सफाई सम्बंधी दो समस्याओं का समाधान तत्काल करा दिया गया। शेश समस्याओं के समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान वार्ड 47 मौहल्ला काहरान निवासी राजीव तोमर ने मौ. कहारान में नालियों की सफाई कराने तथा तथा वार्ड 58 के दिनेश जैन ने जैन मंदिर के निकट साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई मित्रों को भेजकर तत्काल सफाई कराते हुए समस्या का समाधान कराया। इसके अलावा वार्ड संख्या 41 चंदोबाई कॉलोनी निवासी गोपाल गोयल ने कॉलोनी में बंद पड़ी नाली खुलवाये जाने के लिए के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर सम्बंधित सफाई निरीक्षक को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



इसके अलावा वार्ड 19 न्यू गोपाल नगर निवासी संदीप ने विवाह समारोह आदि के दौरान सार्वजनिक रोड पर किये जाने वाले अतिक्रमण को हटवाने तथा वार्ड 58 मिश्रान स्ट्रीट खालापार के सचिन महेश्वरी ने मिश्रान से फूड प्रोसेसिंग यूनिट को हटवाये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिए जिस पर अपर नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। वार्ड 04 जे जे पुरम की प्रमिला देवी ने ग्रीन फिल्ड स्कूल के पास आवारा कुत्तों को पकड़वाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने को कहा गया। जनसुनवाई में मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद व सहायक नगरायुक्त जे पी यादव सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# नौ ई-रिक्शाओं से 36 बैटरे चोरी

**गंगोह।** नगर पालिका द्वारा कूडा निस्तारण के लिए खरीदे गये 9 ई-रिक्शाओं के बैटरे चोरी हो गये है। चोरों ने नगर पालिका के 9 ई-रिक्शाओं के 36 बैटरे चोरी हो जाने की सक्षम अधिकारी ईओ द्वारा रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

क्षेत्र मे आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही हैं । चोरों ने नगर पालिका को भी नही बख्शा। चोरों ने नगर पालिका के 9 ई रिक्शाओं के 36 बैटरे चोरी कर लिये हैं। बैटरों की कीमत तीन लाख से अधिक बताई जा रही है। ईओ लोकेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है और पुलिस जांच में जुट गई है। ईओ के अनुसार मौके पर दो सीसीटीवी कैमरों के कनैक्शन कटे हुए मिलें। बताया जाता है कि कई माह पूर्व आये उक्त ई-रिक्शाओं को कार्य में लगाने के बजाए एक गोदाम में सुरक्षित रखा गया था।

# गीतिका सिंघल के उत्पादों की सराहना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मां शकुंभरी देवी यूनिवर्सिटी के चतुर्थ स्थापना दिवस के उपलक्ष में गीतिका सिंघल ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। जिसको सभी ने बहुत सराहा।

जिलाधिकारी मनीष बंसल, नगर आयुक्त शिपू गिरी, मेयर डा.अजय सिंह ने भी उनके उत्पादों की बहुत प्रसंशा की एवं उनके बारे में विस्तार से जानकारी ली। आज गीतिका जी ने मां शकुम्भरी यूनिवर्सिटी एमएसयू फाउंडेशन के अंबिका इनक्यूबेटर के साथवेक एमओयू भी साइन किया।



भविष्य में सीडीओ सुमित महाजन ने उनको स्किल इंडिया के साथ जुड़ने का भी आमंत्रण दिया एवम अन्य महिलाओं को इस कला क्या प्रशिक्षण देने के लिए प्रोत्साहित किया।

बता दे कि गीतिका सिंघल का एक एमएसएमई स्टार्ट अपना कलरफुल ओरा के नाम से है। यह पूर्ण रूप से हैंडमैड एवम हैंडक्राफ्टेड हैंडीक्राफ्ट उत्पाद है। इनका निर्माण स्वयं गीतिका द्वारा स्वयं किया जाता है जो एक कुशल, प्रिताभाशाली एवम अनुभवी आर्टिस्ट हैं।

# सम्पादकीय

बुधवार , 3 दिसम्बर 2025

## आंकड़ों में चेतावनी

पिछले छह महीनों के आईआईपी आंकड़े भी ग्रामीण उपभोग में कमजोरी की ओर इंगित करते हैं। लिहाजा, सावधानी भरे आशावाद का समुचित कारण है। लेकिन सितम्बर-तिमाही का उछाल बेहतर-वेतन वाले औपचारिक क्षेत्रों में केंद्रित लगता है, जबकि निम्न-आय वाले, निर्यात-संबंधी व श्रम-प्रधान खंड जूझ रहे हैं। सितम्बर और अक्टूबर के व्यापारिक आंकड़े पहले ही चेतावनी के संकेत दे रहे हैं, जिसे देखते हुए यह निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी हो सकती है कि आर्थिक वृद्धि की यह गति बरकरार रखी जा सकती है। यह बात अलग है कि चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सितम्बर-तिमाही के जीडीपी आंकड़ों ने सभी अनुमानों को पीछे छोड़ दिया है। यह 8.2 फीसदी रहा, जो वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के 7.8 फीसदी से भी ज्यादा है और एक साल पहले की समान अवधि से काफी ऊपर है। अक्टूबर माह के व्यापार के आंकड़ों में 41.68 बिलियन अमेरिकी डॉलर का ऐतिहासिक घाटा सामने आया था, जिसका आंशिक कारण सर्राफा आयात तिगुना हो जाना था , जो कि आर्थिक अनिश्चितता का एक संकेत है। इसके चंद दिनों बाद ही, जीडीपी के आंकड़े ने नीति- निर्माताओं को कम -से-कम कुछ समय के लिए आश्वस्त किया है। आर्थिक वृद्धि का नेतृत्व मैन्यूफैक्चरिंग (9.1 फीसदी) और सेवाओं (9.2 फीसदी) ने किया, जिसे निजी उपभोग में सुधार से सहारा मिला। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के 6.4 फीसदी की तुलना में, वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में निजी अंतिम उपभोग व्यय 7.9 फीसदी बढ़ा, जबकि सरकारी खर्च से भी थोड़ा समर्थन मिला। कुल मिलाकर, ये वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद घरेलू गतिविधि में व्यापक आधार वाली वृद्धि का इशारा करते हैं। इसके बावजूद, बाहरी झटके के पूरे असर आगामी तिमाहियों में दिख सकते हैं। अगस्त में भारत पर दो चरणों में अमेरिकी टैरिफ मध्य-तिमाही में लागू हुए। इन टैरिफों के लागू होने से पहले निर्यात आर्डरों के कुछ पेशगी- भुगतान (फ्रंट लोडिंग) से भी दूसरी तिमाही का आउटपुट बढ़ा हो सकता है। एक दूसरे सांख्यिकीय प्रभाव की भी भूमिका है। अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति गिरकर 0.25 फीसदी पर आ गई, जो वर्तमान सीपीआई सीरीज में सबसे कम है और इसने जीडीपी अपस्फीतिकारक (डिफ्लेटर) को एक फीसदी से नीचे लाने में योगदान दिया। इतना कम डिफ्लेटर नाममात्र के (नामिनल) जीडीपी की बनिस्बत वास्तविक (रियल) जीडीपी को अपने आप बढ़ा देता है नामिनल जीडीपी (8.7 फीसदी) और रियल जीडीपी (8.2 फीसदी) में बहुत कम अंतर इसे रेखांकित करता है। अगर मुद्रास्फीति बढ़ती है या इनपुट लागत ऊपर जाती है, अगर तेल की कीमत चढ़ती है क्योंकि भारत रूसी कच्चे तेल से इतर विविधीकरण कर रहा है, तो समग्र जीडीपी की वृद्धि नरम पड़ सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की आगामी मौद्रिक नीति समिति की बैठकें अनिश्चितता बढ़ाएंगी, क्योंकि कोई भी नीतिगत दर मांग से जुड़े दबावों को आकार देगी। सकल मूल्य संवर्धन को बांटकर देखने से पता चलता है कि निर्माण (कंस्ट्रक्शन) में 7.2 फीसदी की वृद्धि हुई है, और सेवाओं के वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवा उपखंड में 10.2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है , जो इस बात की ओर इशारा करता है कि पूंजी- प्रधान, बुनियादी ढांचे से जुड़े सेक्टर इस रफ्तार के केंद्र में रहे हैं। मासिक औद्योगिक सूचक इस पैटर्न की पुष्टि करते हैं, सितम्बर में आईआईपी 4 फीसदी बढ़ा, जिसमें मुख्य पूंजी-प्रधान श्रेणियों जैसे इस्पात (14.1 फीसदी) और सीमेंट (5.3 फीसदी) ने मजबूत वृद्धि दिखायी। यह इस साल आरबीआई द्वारा तीन रेपो-रेट कटौतियों के असर के अनुरूप है। ये कटौतियां जून में नीतिगत दर को 5.5 फीसदी तक नीचे ले आईं और इससे निवेश गतिविधि को समर्थन मिला हो सकता है।

## सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव



प्रथम पीएम स्व. जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से यानी सरकारी पैसों अयोध्या में बाबरी मस्जिद का निर्माण कराना चाहते थे, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ने दिया, नेहरू ने सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन पटेल ने साफ मना कर दिया, नेहरू ने पटेल के निधन के बाद उनके स्मारक के लिए जनता द्वारा जुटाए गए धन को कुएं और सड़कों के निर्माण में खर्च करने का सुझाव दिया था, जो उनकी विरासत को दबाने की कोशिश थी, पटेल सच्चे अर्थों में उदार और निष्पक्ष नेता थे, जिन्होंने कभी भी तुष्टिकरण की राजनीति नहीं की।

**-राजनाथ सिंह , रक्षा मंत्री**

# अब गेहूं खुद अपना उर्वरक बना सकेगा!

आज गेंहूं दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण खाद्य फसलों में से एक है, जो विश्व की बड़ी आबादी के भोजन का आधार बनती है। बढ़ती जनसंख्या, सीमित कृषि भूमि, और जलवायु परिवर्तन के बीच यह आवश्यक हो गया है कि गेंहूं जैसी मुख्य फसलों की उपज और पोषण क्षमता में निरंतर सुधार किया जाए। पारंपरिक खेती में नाइट्रोजन उर्वरक का उपयोग गेंहूं की बढ़ोतरी और उत्पादन के लिए आवश्यक माना जाता है, लेकिन इन उर्वरकों का अत्यधिक इस्तेमाल मिट्टी को खराब करता है, पानी को प्रदूषित करता है और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। नाइट्रोजन उर्वरक बनाने की उद्योग दुनिया के कुल ऊर्जा उपयोग का बड़ा हिस्सा लेती है और भारी मात्रा में ग्रीनहाउस गैसें उत्पन्न करती है। इन समस्याओं का सबसे टिकाऊ समाधान यह है कि गेंहूं को इस तरह इंजीनियर किया जाए कि वह खुद अपना उर्वरक बना सके, ठीक उसी तरह जैसे कुछ पौधेकृजैसे दालेंकृअपनी जड़ों के माध्यम से नाइट्रोजन स्थिरीकरण करती हैं। इस विचार पर वैज्ञानिकों का शोध तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह कृषि जगत में क्रांति ला सकता है।

प्रकृति में कुछ बैक्टीरिया, विशेष रूप से राइजो. बियम परिवार के, हवा में मौजूद नाइट्रोजन को पौधों के उपयोग योग्य रूप में परिवर्तित करने की क्षमता रखते हैं। यही कारण है कि दालें बिना बाहरी नाइट्रोजन उर्वरकों के भी अच्छी वृद्धि कर लेती हैं। वैज्ञानिकों का उद्देश्य इन बैक्टीरिया या उनकी क्षमता को गेंहूं में लागू करना है ताकि गेंहूं खुद अपनी खाद बना सके। यह लक्ष्य सरल नहीं है, क्योंकि गेंहूं और दालों की जड़ संरचना, आंतरिक जैविक प्रक्रियाएं और रोग प्रतिरोधक प्रणाली अलग होती हैं। लेकिन जीन इंजीनियरिंग और माइक्रोबियल सिंबायोसिस टेक्नोलॉजी में नए विकास ने इसे संभव बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस विचार को लागू करने के तीन प्रमुख वैज्ञानिक मार्गों पर शोध हो रहा है। पहला तरीका यह है कि गेहूं और कुछ लाभकारी बैक्टीरिया के बीच साझेदारी बनाई जाए, यानी गेंहूं की जड़ें उन बैक्टीरिया को पहचानें और उनकी मदद लें जो हवा से नाइट्रोजन को उपयोगी रूप में बदल सकते हों। इसके लिए वैज्ञानिक ऐसे बैक्टीरिया खोज रहे हैं जो प्राकृतिक रूप से गेंहूं की जड़ों में टिककर नाइट्रोजन स्थिरीकरण कर सकें। कुछ प्रयोगों में यह देखा गया है कि यदि बैक्टीरिया को जेनेटिक रूप से संशोधित किया जाए, तो वे गेंहूं की जड़ों में भी नोड्यूल जैसी संरचनाएं बना सकते हैं, जिससे पौधे को नाइट्रोजन लगातार मिलती रहती है। दूसरा तरीका गेहूं के जीनोम में प्रत्यक्ष बदलाव करना है। वैज्ञानिक यह प्रयास कर रहे हैं कि दालों में पाए जाने वाले वे जीन जो नाइट्रोजन स्थिरीकरण बैक्टीरिया को अपनी जड़ों में आकर्षित और नियंत्रित करते हैं, उन्हें गेंहूं में डाला जाए। प्रारंभिक परीक्षणों में कुछ ऐसे जीन क्लस्टर पहचाने गए हैं जो जड़ कोशिकाओं को इस उद्देश्य के लिए तैयार कर सकते हैं। यदि यह तरीका सफल होता है तो गेंहूं धीरे-धीरे बाहरी उर्वरकों पर निर्भर होने के बजाय एक आत्मनिर्भर पौधे में बदल सकता है। तीसरा तरीका अधिक उन्नत सिंथेटिक बायोलॉजी का है जिसमें लक्ष्य नाइट्रोजन स्थिरीकरण की पूरी प्रक्रिया को सीधे गेहूं के अंदर सक्रिय करना है। इसका मतलब है कि गेंहूं स्वयं उन एंजाइमों और प्रोटीनों का निर्माण करे जिनकी मदद से वह वायुमंडलीय नाइट्रोजन को अमोनिया में परिवर्तित कर सके। यह सबसे चुनौतीपूर्ण तरीका है क्योंकि यह प्रक्रिया बहुत ऊर्जा-खपत वाली होती है और पौधे की बाकी जैविक प्रक्रियाओं पर भी असर डाल सकती है। फिर भी वैज्ञानिकों के मॉडल संकेत देते हैं कि सही जीन अनुक्रम और ऊर्जा प्रबंधन तंत्र के संयोजन से यह दीर्घकाल में संभव है। यदि इन में से कोई भी तरीका सफलतापूर्वक बड़े पैमाने पर अपनाया जाता है तो कृषि क्षेत्र में बेहद बड़ा परिवर्तन आएगा। किसानों को महंगे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे उनकी लागत कम होगी और जल प्रदूषण तथा मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार आएगा। गेंहूं का ऐसा रूप पर्यावरण के लिए भी बहुत फायदेमंद होगा क्योंकि नाइट्रोजन उर्वरकों के निर्माण और उपयोग से होने वाला कार्बन उत्सर्जन कम हो जाएगा। इसके अलावा मिट्टी में जैविक सक्रियता बढ़ेगी, जिससे सूक्ष्मजीव संतुलन और मिट्टी की उर्वरता दीर्घकाल के लिए सुरक्षित रहेगी। मौसम की अनिश्चितताओं और जलवायु परिवर्तन की वजह से जो किसान आर्थिक जोखिम झेलते हैं, उनके लिए यह तकनीक एक स्थाई समाधान बन सकती है। भारत जैसे देशों में जहां गेंहूं बड़ी आबादी के भोजन और किसानों की आय दोनों का आधार है, यह शोध विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। भारतीय किसान अक्सर उर्वरकों पर भारी खर्च करते हैं और कई बार समय पर उपलब्ध न होने या नकली उर्वरक मिलने की वजह से नुकसान भी झेलते हैं। यदि भविष्य में गेंहूं के बीज ऐसे उपलब्ध होते हैं जो खुद अपना नाइट्रोजन उर्वरक बना सकें तो छोटे और सीमांत किसानों को सीधा लाभ होगा। इससे कृषि उपज में वृद्धि, आय में स्थिरता, और खेती को सतत एवं सस्ती बनाने में मदद मिलेगी। हालांकि इस



तकनीक के सामने कुछ चुनौतियां भी हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि जेनेटिक इंजीनियरिंग से उत्पादित बीजों को लेकर लोगों में संदेह और भय रहता है। खाद्य सुरक्षा, जैव विविधता, और लंबे समय तक स्वास्थ्य पर प्रभावों को समझने के लिए पर्याप्त परीक्षण और समय की आवश्यकता होती है। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करना होगा कि यह तकनीक बड़ी कंपनियों के नियंत्रण में न जाकर किसानों के लिए सुलभ रहे। यदि बीजों के अधिकार या पेटेंट कुछ चुनिंदा कंपनियों के पास होंगे तो किसान फिर से निर्भरता की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि ऐसी तकनीकें खुले लाइसेंस, सरकारी संस्थानों, और वैश्विक वैज्ञानिक सहयोग के तहत विकसित की जाएं ताकि इनका लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंच सके। एक और चुनौती कृषि जैव विविधता की है। यदि एक ही प्रकार के इंजीनियर गेहूं के बीजों का अत्यधिक उपयोग किया गया तो रोगों, कीटों या जलवायु आपदाओं का जोखिम बढ़ सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि पारंपरिक किस्मों और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप प्रजातियों को बनाए रखा जाए और इंजीनियर बीजों का उपयोग विविधता के साथ किया जाए। वैज्ञानिक इस दिशा में भी काम कर रहे हैं कि नाइट्रोजन स्थिरीकरण क्षमता को विभिन्न गेंहूं प्रजातियों में अनुकूल रूप से जोड़कर अनेक विकल्प उपलब्ध कराए जाएं। इस तकनीक की सफलता हमारे कृषि और पर्यावरण के भविष्य के लिए बहुत मायने रखती है। आधुनिक विज्ञान ने यह साबित किया है कि कृषि को केवल उत्पादन बढ़ाने के लिए नहीं बल्कि ग्रह और लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए भी विकसित किया जाना चाहिए। यदि गेंहूं जैसा प्रमुख खाद्य पौधा स्वयं अपना उर्वरक बनाने में सक्षम हो जाता है तो यह केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का भी प्रतीक होगा। यह भविष्य की ऐसी तस्वीर है जिसमें किसान, पर्यावरण और उपभोक्ता तीनों लाभान्वित होंगे। अंत में यह कहा जा सकता है कि गेंहूं को इस तरह इंजीनियर करने का लक्ष्य कि वह स्वयं अपना उर्वरक बना सके, मानव इतिहास की सबसे परिवर्तनकारी कृषि उपलब्धियों में से एक बन सकता है। यह विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण और खाद्य सुरक्षा के बीच समन्वय का उदाहरण है। हालांकि यह तकनीक अभी विकास के चरण में है, लेकिन तेजी से हो रहे शोध, वैश्विक वैज्ञानिक सहयोग और टिकाऊ कृषि की बढ़ती आवश्यकता इसे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रही है।

आज हो रहा यह काम भविष्य की पीढ़ियों को एक ऐसे कृषि मॉडल की ओर ले जा सकता है जिसमें फसलें पृथ्वी पर बोझ नहीं बल्कि धरती की जीवनदायिनी प्रणाली के साथ सामंजस्य में काम करें। विज्ञान के जरिए जब प्रकृति के सिद्धांतों को समझकर उनसे प्रेरणा ली जाती है तो संभावनाओं का दायरा व्यापक हो जाता है, और गेंहूं को उर्वरक आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हो रहे प्रयास इसी सच का प्रमाण हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं में तत्काल सुधार की जरूरत

**भारतीय संदर्भ में, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 2018 में रोगियों के अधिकारों और जिम्मेदारियों की एक सूची तैयार की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2019 में इस चार्टर का संक्षिप्त रूप और फिर 2021 में एक समग्र चार्टर सभी राज्य सरकारों को भेजा था जिसमें रोगियों के 20 अधिकारों को शामिल किया गया था। अलबत्ता, अब तक इन अधिकारों पर आधिका. रिक स्तर पर कम ही ध्यान दिया गया है। संपूर्ण रोगी अधिकार चार्टर (कुछ अस्पतालों में अपनाया गया कमजोर संस्करण नहीं ) को देश की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए। इससे रोगियों और उनकी देखभाल करने वालों को अनुकूल वातावरण में स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल सकेगा। ऐसा सुरक्षित माहौल बनाने से रोगियों और प्रदाताओं के बीच आवश्यक विश्वास को फिर से स्थापित करने में मदद मिलेगी।**

कोविड-19 महामारी के दौरान इलाज के लिए भटकते लाखों भारतीयों को दर्दनाक अनुभवों का सामना करना पड़ा था। इसने हमारे स्वास्थ्य सेवा तंत्र में दो परस्पर संबंधित परिवर्तनों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया है। एक तो सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और दूसरा निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का नियमन। चूंकि भारत में स्वास्थ्य सेवा का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा निजी क्षेत्र के नियंत्रण में है, इसलिए स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की कोई भी पहल निजी स्वास्थ्य सेवा को शामिल किए बिना पूरी नहीं हो सकती। गौरतलब है कि फोर्ब्स द्वारा 2024 में जारी अरबपतियों की सूची में 200 भारतीय शामिल हैं। विनिर्माण (मैन्यूफेक्चरिंग) के बाद, भारत में अरबपतियों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या (36) स्वास्थ्य सेवा (फार्मास्यूटिकल्स सहित) उद्योग से है और यह संख्या हर साल बढ़ रही है, खासकर कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद। भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा उद्योग भरपूर मुनाफा कमाता है क्योंकि इसका समुचित नियमन नहीं होता है, और अक्सर मरीजों से अनाप-शनाप शुल्क वसूला जाता है।

यह परिदृश्य जन स्वास्थ्य अभियान द्वारा प्रकाशित 18 सूत्री जन स्वास्थ्य घोषणापत्र में शामिल नीतिगत सिफारिशों की प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा, निजी स्वास्थ्य सेवा, औषधि नीति और सबके लिए स्वास्थ्य सेवा के अधिकार सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है और परस्पर-सम्बंधित नीतिगत सिफारिशें प्रस्तुत की गई हैं। इस लेख में भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा से सम्बंधित कुछ प्रमुख उपायों की संक्षिप्त रूपरेखा दी गई है। पारदर्शिता और सेवा दरों का मानकीकरण भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता सभी व्यावसायिक सेवाओं में सबसे अनोखे हैं।

अनोखापन यह है कि इनकी दरें आम तौर पर सार्वजनिक डोमेन में पारदर्शी रूप से उपलब्ध नहीं होती हैं। ये दरें एक ही प्रक्रिया या उपचार के लिए बहुत अलग-अलग होती हैं-न केवल एक ही क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों में बल्कि एक ही अस्पताल के अंदर विभिन्न रोगियों के लिए भी अलग-अलग हो सकती हैं। चिकित्सा प्रतिष्ठान (केंद्र सरकार) नियम, 2012 के अनुसार सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को अपनी दरें प्रदर्शित करना अनिवार्य है और समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित मानक दरों पर शुल्क लेना भी अनिवार्य है, लेकिन यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन कानूनी प्रावधानों के अधिनियमित होने के 12 साल बाद भी इन्हें अभी तक लागू नहीं किया गया है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से स्वास्थ्य सेवा दरों को कानून के अनुसार मानकीकृत करने का आदेश दिया है। अब समय आ गया है कि स्वास्थ्य सेवा दरों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और दरों के मानकीकरण को उचित तरीके से लागू किया जाए।

यह तकनीकी रूप से संभव भी है। चूंकि हजारों निजी अस्पताल केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसे बड़े सरकारी कार्यक्रमों के तहत सभी सामान्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए मानक दरों पर भुगतान स्वीकार करते हैं, इसलिए इन उपायों को कानूनी रूप से लागू करना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह चिकित्सा प्रतिष्ठान अधिनियम या राज्य सरकारों द्वारा अपनाए जाने वाले अधिक बेहतर अधिनियमों को लागू करते हुए सुनिश्चित किया जा सकता है। बेतुके स्वास्थ्य हस्तक्षेपों को रोकने के लिए भी मानक प्रोटोकॉल लागू करना अनिवार्य है। वर्तमान में व्यापारिक उद्देश्यों से ऐसे बेतुके हस्तक्षेपों को व्यापक पैमाने पर प्रचारित किया जाता है। उदाहरण के लिए, भारत में सिजेरियन डिलीवरी का अनुपात निजी अस्पतालों (48 प्रतिशत) में सरकारी अस्पतालों (14 प्रतिशत) की तुलना में तीन गुना अधिक है। चिकित्सकीय रूप से सीजेरियन प्रक्रिया की दर कुल प्रसवों का 10-15 प्रतिशत अनुशंसित है जबकि निजी अस्पतालों में यह कहीं अधिक होते हैं। उपचार पद्धतियों को तर्कसंगत बनाने और जरूरत से ज्यादा चिकित्सीय प्रक्रियाओं पर अंकुश लगाने से न केवल निजी अस्पतालों द्वारा वसूले जाने वाले भारी-भरकम बिलों में कमी आएगी, बल्कि रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवा परिणामों में भी महत्वपूर्ण सुधार होगा।

**रोगियों के अधिकार**

रोगियों और अस्पतालों के बीच जानकारी और शक्ति की भारी असमानता होती है। इसे देखते हुए रोगियों की सुरक्षा के लिए कुछ अधिकारों को सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया है। इनमें शामिल हैं-प्रत्येक रोगी को अपने स्वास्थ्य की स्थिति और उपचार की बुनियादी जानकारी प्राप्त करने का अधिकारय चिकित्सा की अपेक्षित लागत तथा उसका मदवार बिल प्राप्त करने का अधिकारय दूसरी राय लेने का अधिकारय पूरी जानकारी के आधार पर सहमति देने का अधिकारय गोपनीयता और औषधियां व नैदानिक परीक्षण के लिए प्रदाता चुनने का अधिकारय और यह सुनिश्चित करना कि कोई भी अस्पताल किसी भी बहाने से रोगी के शव को रोके न रखे।

# गुणों की खान अश्वगंधा सर्दियों में देता है खास लाभ

इन दिनों वैद्य और सेलिब्रिटीज अश्वगंधा का काफी गुणगान कर रहे हैं। यह औषधीय पौधा हजारों वर्षों से पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद में उपयोग किया जाता रहा है और कुछ वैज्ञानिक अध्ययनों ने भी दर्शाया है कि तनाव, चिंता, अनिद्रा तथा समग्र स्वास्थ्य प्रबंधन में अश्वगंधा उपयोगी है। इन सबके चलते अश्वगंधा में जिज्ञासा स्वाभाविक है। कहना न होगा कि अश्वगंधा सभी समस्याओं का कोई रामबाण इलाज नहीं है। इस बारे में न्यूयॉर्क स्थित प्रेस्बिटेरियन हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिति पारिख के अनुसार इसकी प्रभाविता व्यक्ति के लक्षण, शरीर की संरचना और चिकित्सा इतिहास के आधार पर अलग-अलग हो सकती है। इसके अलावा इसके गलत उपयोग से प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ सकते हैं। अश्वगंधा जिसे इंडियन जिनसेंग या इंडियन विंटर चेरी के रूप में भी जाना जाता है, एक सदाबहार झाड़ी है जिसका उपयोग सदियों से विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए किया जाता रहा है। पारिख इसे एक संतुलनकारी बताती हैं।

संतुलनकारी या एडाप्टोजेन ऐसे पदार्थ होते हैं जो शरीर को तनाव के अनुकूल होने और संतुलन बहाल करने में मदद करते हैं और साथ ही सूजन (शोथ) को कम करने, ऊर्जा बढ़ाने, चिंता को कम करने और नींद में सुधार करने में उपयोगी होते हैं। ऐसा माना जाता है कि यह पौधा अपने सक्रिय घटकों (जैसे एल्केलॉइड, लैक्टोन और स्टेरॉइडल यौगिकों) के माध्यम से शरीर में तनाव प्रतिक्रिया को नियमित करने और शोथ को कम करने का काम करता है। नैसर्गिक रूप से पाए जाने वाले स्टेरॉइड यौगिक विदानोलाइड्स को एंटीऑक्सीडेंट और शोथ-रोधी प्रभावों का धनी माना जाता है।

कई अध्ययनों से यह साबित हुआ है कि विदानोलाइड्स के सांद्र अर्क सबसे प्रभावी होते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के ओशर सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव हेल्थ की मेलिंडा रिंग के अनुसार यह जैव-सक्रिय घटक कोशिका क्रियाओं को निर्देशित करने वाले संकेतक मार्गों को प्रभावित कर सकते हैं लेकिन इनकी सटीक क्रियाविधि को समझने के लिए अभी भी शोध चल रहे हैं। कई छोटे पैमाने के शोध अश्वगंधा के लाभों का समर्थन करते हैं। भारत में 2021 के दौरान 491 वयस्कों पर किए गए सात अध्ययनों की समीक्षा में पाया गया कि जिन प्रतिभागियों ने अश्वगंधा का सेवन किया उनमें प्लेसिबो (औषधि जैसे दिखने वाले गैर-औषधि पदार्थ) लेने वालों की तुलना में तनाव और चिंता का स्तर काफी कम रहा। भारत में ही 372 वयस्कों पर किए गए पांच अध्ययनों की समीक्षा में नींद की अवधि और गुणवत्ता में मामूली लेकिन उल्लेखनीय सुधार देखा गया। यह खासकर अनिद्रा से पीड़ित लोगों के लिए काफी उपयोगी सिद्ध हुआ।

इसके अलावा अश्वगंधा की पत्तियों में पाया जाने वाला ट्रायएथिलीन ग्लायकॉल संभावित रूप से GABA रिसेप्टर्स को प्रभावित कर नींद को बढ़ावा देता है, जो तनाव या भय से जुड़ी तंत्रिका कोशिका गतिविधि को अवरुद्ध करके मस्तिष्क में एक शांत प्रभाव पैदा करता है। रिंग यह भी बताती हैं कि अश्वगंधा अर्क नींद से जागने पर बिना किसी गंभीर दुष्प्रभाव के मानसिक सतर्कता में सुधार करता है। कुछ अध्ययन गठिया, यौन स्वास्थ्य, पुरुषों में बांझपन, मधुमेह और एकाग्रता अवधि और स्मृति सुधार में अश्वगंधा को प्रभावी बताते हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश मामलों में और अधिक डैटा की आवश्यकता है।

सुरक्षितता के मामले में यू.एस. नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ की विशेषज्ञ बारबरा सी. सॉर्किन का सुझाव है कि अधिकांश लोगों के लिए लगभग तीन महीने तक अश्वगंधा का सेवन सुरक्षित है, लेकिन गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिलाओं, प्रोस्टेट कैंसर पीड़ितों और थायराइड हारमोन की दवाओं का सेवन करने वालों को सावधानी बरतनी चाहिए। अश्वगंधा संभवतः यकृत की समस्याएं पैदा कर सकता है, थायरॉइड ग्रंथि के कार्य को प्रभावित कर सकता है तथा थायरॉइड औषधियों व अन्य दवाओं के साथ अंतर्क्रिया भी कर सकता है। यकृत स्वास्थ्य और हारमोन के स्तर पर इसके प्रभाव को देखते हुए डेनमार्क में तो अश्वगंधा पर प्रतिबंध भी लगा दिया गया है, लेकिन भारत में इसका काफी अधिक उपयोग किया जा रहा है।

चूंकि यूएस में अश्वगंधा जैसे आहार अनुपूरक का नियमन दवाओं की तरह नहीं किया जाता है, इसलिए अनुपूरकों के वास्तविक घटक और गुणवत्ता पता करना मुश्किल होता है। लेकिन कंज्यूमरलैब जैसी स्वतंत्र प्रयोगशाला संस्थाएं उपभोक्ताओं को गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरने वाले ब्रांड पहचानने में मदद कर सकती हैं। बहरहाल, विशेषज्ञ अश्वगंधा के सेवन से पहले डॉक्टर से परामर्श लेने की सलाह देते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह आपकी स्वास्थ्य स्थितियों और दवाओं के साथ उपयुक्त है या नहीं।

(स्रोत फीचर्स)



## संक्षिप्त समाचार

### 15 देशों का चीन पर मानवाधिकार हनन का आरोप

**न्यूयॉर्क।** 15 देशों के गठबंधन ने 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा की तीसरी समिति के दौरान चीन पर गंभीर और व्यवस्थित मानवाधिकार हनन का आरोप लगाया है। अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और आस्ट्रेलिया जैसे राष्ट्रों ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मानवाधिकार रिकार्ड पर गहरी चिंता जताई। फयूल की एक रिपोर्ट के अनुसार इन्होंने अपने बयान में चीन सरकार पर मनमानी हिरासत, जबरन श्रम, अवैध सामूहिक निगरानी, और धार्मिक/सांस्कृतिक स्वतंत्रता पर महत्वपूर्ण अंकुश लगाने की निंदा की।

### पोलैंड को अमेरिका से अब्राम्स टैंकों की नई खेप हुई प्राप्त

**वारसॉ।** पोलैंड के उप रक्षा मंत्री पावेल बेजदा ने बताया कि सेना को अमेरिका के 32 एम1ए2 अब्राम्स टैंक की खेप मिलने से रक्षा क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। बेजदा ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि यह नवीनतम अब्राम्स टैंकों की चौथी खेप है। वर्तमान में, 32 एम1ए2 टैंक पोलिश बंदरगाह पर उतारे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये टैंक पोलिश सशस्त्र समूह के संयंत्र में संशोधित किए जाने के बाद सेवा में शामिल किए जाएंगे।

### ताकाइची से ताइवान संबंधी टिप्पणी वापस लेने का आग्रह

**टोक्यो।** जापान के कई विपक्षी दलों के नेताओं ने ताइवान पर प्रधानमंत्री साने ताकाइची की हालिया अनुचित टिप्पणियों की तीखी आलोचना की है और उनसे जापान-चीन संबंधों को और नुकसान से बचाने के लिए अपनी टिप्पणी वापस लेने का आग्रह किया है। जापान की संवैधानिक डेमोक्रेटिक पार्टी के नीति प्रमुख, सातोशी होंजो ने एक टीवी कार्यक्रम में कहा कि सुताकाइची के बयानों से जापानी कानून के तहत 'अस्तित्व के लिए खतरा' वाली स्थिति की अपर्याप्त समझ का पता चलता है।

### होंडुरास में राष्ट्रपति की दौड़ में कांटे का टक्कर

**टेगुसिंगल्पा।** होंडुरस में राष्ट्रपति पद के लिए मतों की गिनती बराबरी पर बनी हुई है। मतदाताओं ने सोमवार को राष्ट्रपति, राष्ट्रीय कांग्रेस के 128 सदस्यों और संसद के 20 प्रतिनिधियों को चुनने के लिए वोट डाले। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को 57.03 प्रतिशत वोटों की गिनती होने तक, नेशनल पार्टी के उम्मीदवार नसरी असफुरा को 749022 मत मिले, जो वैध मतपत्रों का 39.91 प्रतिशत है। उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी लिबरल पार्टी ऑफ होंडुरास के सल्वाडोर नसरल्ला को 748507 मत मिले और वह असफुरा के पीछे हैं। यह अंतर केवल 515 मतों का है।

# भारत ने इंसानियत के नाते पाक के लिए एयरस्पेस खोला

## मदद लेकर श्रीलंका जाएगा विमान, पहलगाम हमले के समय बंद किया था



पाकिस्तान ने सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे भारतीय एयरस्पेस के ऊपर से उड़ान भरने की रिक्वेस्ट की थी

**नई दिल्ली।** भारत ने तूफान दितवाह से प्रभावित श्रीलंका के लिए राहत सामग्री ले जा रही पाकिस्तान की ओवरफ्लाइट को अपने एयरस्पेस से गुजरने की मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी सिर्फ 4 घंटों के अंदर दी गई। ओवरफ्लाइट यानी, जब कोई विदेशी विमान किसी देश की सीमा के ऊपर से गुजरता है, लेकिन वहां लैंड नहीं करता, तो उसे ओवरफ्लाइट कहते हैं।

सरकार की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया कि पाकिस्तान ने सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे भारतीय एयरस्पेस के ऊपर से उड़ान भरने की रिक्वेस्ट की थी। पाकिस्तान ने 1 दिसम्बर को ही ओवरफ्लाइट इजाजत मांगी थी। इसका मकसद श्रीलंका को मानवीय मदद देना बताया गया। इसे देखते हुए भारत ने बहुत तेजी से रिक्वेस्ट प्रोसेस की। इस दौरान सोमवार को 5.30 बजे आधिकारिक चैनलों के जरिए पाकिस्तानी विमान को भारतीय हवाई क्षेत्र से गुजरने की परमिशन दी गई। इसकी जानकारी पाकिस्तान सरकार को दे दी गई। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान में तनाव बढ़ गया था। इसके कारण पहले पाकिस्तान ने फिर भारत ने अपना एयरस्पेस एक-दूसरे के विमानों के लिए बंद कर दिया। अधिकारियों का यह बयान तब आया जब पाकिस्तानी मीडिया ने कहा कि नई दिल्ली ने ओवरफ्लाइट के लिए अपने एयरस्पेस का इस्तेमाल करने की इजाजत देने से मना कर दिया है। अधिकारियों ने इन आरोपों को बेबुनियाद और गुमराह करने वाला बताया। भारतीय अधिकारियों ने कहा कि यह मंजूरी पूरी तरह से मानवीय कदम था। पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइनों के लिए अपना एयरस्पेस बंद रखा है इसके बावजूद भारत ने विमान गुजरने की मंजूरी दी। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों में तनाव बढ़ गया था। भारत ने 30 अप्रैल 2025 से पाकिस्तान में रजिस्टर्ड और आपरेट होने वाले विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद करने का निर्देश जारी किया। यह कदम तब उठाया गया, जब दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने 24 अप्रैल 2025 को खुद भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान एयरस्पेस बंद करने से पहले, रोजाना 100/150 भारतीय विमान पाकिस्तानी एयरस्पेस से गुजरते थे। साइक्लोन दितवाह की वजह से श्रीलंका में भारी बाढ़ आई है। श्रीलंका में कम से कम 334 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 370 लोग लापता हैं। देश में 11 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। लगभग 2 लाख लोग घर छोड़कर शेल्टर होम में रह रहे हैं। भारत ने साइक्लोन दितवाह से निपटने के लिए ऑपरेशन सागर बंधु के तहत श्रीलंका को 53 टन राहत सामग्री भेजी है। कोलंबो में इंडियन नेवी के दो जहाज से 9.5 टन इमरजेंसी राशन भेजा गया है। इनमें टेंट, तिरपाल, कंबल, हाइजीन किट, रेडी-टू-ईट खाने की चीजें, दवाइयां और सर्जिकल इक्विपमेंट समेत 31.5 टन और राहत सामग्री एयरलिफ्ट करने के लिए इंडियन एयर फोर्स के तीन एयरक्राफ्ट तैनात हैं। साथ ही पांच लोगों की मेडिकल टीम, एनडीआरएफ की 80 लोगों की स्पेशल टीम भी भेजी हैं। इसके अलावा, नई दिल्ली ने इंडियन नेवी के जहाज सुकन्या (त्रिंकोमाली में) पर 12 टन और राहत सामग्री भेजी है, जिससे कुल सामग्री 53 टन हो गई है।



चेन्नई। चक्रवात दित्वा के बाद जलमग्न सड़क पर सब्जी बेचता एक व्यक्ति।

### मलेशिया में तीन जापानी नागरिक गांजे की तस्करी में शामिल

**कुआलालंपुर।** मलेशियाई सीमा शुल्क अधिकारियों ने जापान के तीन लोगों पर 40 किलो से अधिक गांजे की तस्करी के प्रयास के आरोप सोमवार को आरोप लगाए। अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों में हिरोशिमा प्रांत के वतारू मात्सुकी (42) और ओसाका प्रांत के रयोता युआसा (32) तथा एक 19 वर्षीय व्यक्ति शामिल हैं। कुआलालंपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क जांच के दौरान तीनों के सूटकेस से गांजे की बरामदगी की गई। इसका कुल मूल्य 16 करोड़ जापानी एन आंका गया था। इन तीनों को गत 18 नवम्बर को बैंकॉक से कुआलालंपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के तुरंत बाद हिरासत में ले लिया गया था।

# मुश्किल समय में श्रीलंका का सहारा बना भारत

एनडीआरएफ ने नौ महीने की गर्भवती महिला को दिया नया जीवन

**कोलंबो।** श्रीलंका इन दिनों चक्रवात 'दित्वाह' से हुई भारी तबाही से जूझ रहा है। देश में लगातार हो रही बारिश, बाढ़ और भूस्खलन ने कई इलाकों को पूरी तरह काट दिया है। ऐसी भयावह स्थिति में श्रीलंका के लिए भारत का राहत अभियान सबसे बड़ी उम्मीद बनकर उभरा है।

बाढ़ और भूस्खलन से जूझते कई इलाकों में हालात बेहद गंभीर हैं, वहीं भारतीय एनडीआरएफ टीम ने पुत्तलम जिले में मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए नौ महीने की गर्भवती महिला को सुरक्षित बचाकर तत्काल चिकित्सा सहायता पहुंचाई। बता दें कि 'चक्रवात दित्वाह' के चलते श्रीलंका में लगातार हो रही बारिश, बाढ़ और भूस्खलन ने कई इलाकों को पूरी तरह काट दिया है। कई स्थानों पर सड़कें टूट गई हैं और राहत पहुंचाना मुश्किल हो गया है। स्थिति इतनी खराब हो गई है कि 16 नवंबर से अब तक 390 लोगों की मौत हो चुकी है और 352 लोग लापता हैं। ऐसे में भारत ने एक अच्छे पड़ोसी होने का परिचय देते हुए मदद का हाथ आगे बढ़ाया और श्रीलंका की मदद के लिए बड़ा राहत अभियान चलाया है, जिसे आपरेशन 'सागर बंधु' नाम दिया गया है।

# पाक ने श्रीलंका को एक्सपायर्ड राहत सामग्री भेजी

बाढ़ राहत के लिए भेजे गए फूड पैकेट की तस्वीर वायरल, इस पर एक्सपायरी डेट अक्टूबर 2024 लिखा हुआ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने श्रीलंका को एक्सपायर्ड राहत सामग्री भेज दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रीलंका में आए साइक्लोन दितवाह से निपटने के लिए पाकिस्तान ने मदद भेजी थी, लेकिन उन फूड पैकेट पर एक्सपायरी डेट अक्टूबर 2024 थी।

पाकिस्तान ने पानी, दूध पाउडर और आटे सहित कई पैकेट भेजे थे। पाकिस्तान हाई कमीशन श्रीलंका ने 30 नवम्बर को सोशल मीडिया एक्स पर इससे जुड़ा एक पोस्ट किया था। इसमें राहत सामग्री की तस्वीर भी जारी की गई, जिसमें एक्सपायरी डेट लिखी नजर आ रही है। ये पोस्ट वायरल हो रहा है, कई यूजर्स पाकिस्तान की आलोचना कर रहे हैं। हालांकि अब तक पाकिस्तान का रिएक्शन सामने नहीं आया है। श्रीलंका साइक्लोन दितवाह की वजह से भारी बाढ़ का सामना कर रहा है। इससे 390 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 370 लोग लापता हैं। देश में 11 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। वहीं, लगभग 2 लाख लोग घर छोड़कर शेल्टर होम में रह रहे हैं। बाढ़ के कारण 2 लाख से ज्यादा लोग घर छोड़कर शेल्टर होम में रहने को मजबूर हो गए हैं। बाढ़ के चलते श्रीलंका बिजली कटौती का सामना कर रहा है, जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले भी पाकिस्तान रिलीफ मटेरियल को लेकर विवादों में रह चुका है। साल 2022 में तुर्किये में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था। इस दौरान पाकिस्तान ने तुर्की को उसी का भेजा रिलीफ मटेरियल वापस पैक करके भेज दिया था। दरअसल, साल 2021 में पाकिस्तान में बाढ़ के बाद तुर्की ने मदद भेजी थी। तुर्की ने इस हरकत के लिए पाकिस्तान को फटकार भी लगाई थी। तुर्की और सीरिया में भूकंप से 47 हजार लोगों की मौत हुई थी। भारत ने तूफान दितवाह से प्रभावित श्रीलंका के लिए राहत सामग्री ले जा रही पाकिस्तान की फ्लाइट को अपने एयरस्पेस से गुजरने की मंजूरी दी। यह मंजूरी सिर्फ 4 घंटों के अंदर दी गई।

# खालिदा जिया का स्वास्थ्य अभी भी नाजुक

## चीन से बांग्लादेश पहुंची डॉक्टरों की विशेष टीम, अस्पताल के बाहर सुरक्षा भी बढ़ाई गई



80 वर्षीय खालिदा जिया को 23 नवम्बर को दिल और फेफड़ों में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था

**ढाका।** बांग्लादेश की तीन बार की प्रधानमंत्री और राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया का स्वास्थ्य अभी भी नाजुक स्थिति में है। उन्हें इलाज के लिए ढाका के एवरकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ऐसे में और बिगड़ते हालात को देखते हुए चीन की पांच सदस्यीय विशेषज्ञ टीम सोमवार को ढाका पहुंची और रात में अस्पताल में इलाज की प्रक्रिया में शामिल हो गई। इस टीम ने अस्पताल के चिकित्सा बोर्ड से बैठक की, जिसमें उनके स्वास्थ्य के बारे में चर्चा हुई। अस्पताल के हृदय विशेषज्ञ और बोर्ड के प्रमुख डा शाहाबुद्दिन तालुकदार ने बताया कि खालिदा जिया की हालत स्थिर नहीं है और वह फिलहाल विदेश में इलाज के लिए यात्रा करने योग्य नहीं हैं। बता दें कि 80 वर्षीय खालिदा जिया को 23 नवम्बर को दिल और फेफड़ों में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था। उनके स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आने के बाद उन्हें चार दिन बाद कोरोनरी केयर यूनिट में शिफ्ट किया गया। रविवार रात से उन्हें वेंटिलेशन पर रखा गया है। दूसरी ओर बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया की गंभीर स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए अस्पताल के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने अस्पताल के मुख्य गेट पर बैरिकेड लगाकर मरीजों की आवाजाही और सुरक्षा को नियंत्रित किया है। खालिदा जिया के चारों ओर सभी आसपास के कमरे खाली करवा दिए गए हैं। उनकी सुरक्षा के लिए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने उन्हें बहुत महत्वपूर्ण व्यक्ति घोषित किया है। इसके बाद स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स (एसएसएफ) के जवान अस्पताल में तैनात किए गए। खालिदा जिया के स्वास्थ्य को लेकर बीएनपी उपाध्यक्ष एडवोकेट अहमद आजम खान ने बताया कि खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक है। उन्होंने कहा कि अब कुछ करने के लिए ज्यादा कुछ नहीं बचा है, बस पूरे देश से दुआ की अपील है।

# पूर्वव्यापी हमले वाले बयान पर भड़का रूस

पश्चिमी देशों को दी चेतावनी, तनाव बढ़ने की आशंका, यूक्रेन संकट समाधान की कोशिशों को नुकसान

**मास्को।** रूस ने नाटो के एक शीर्ष सैन्य अधिकारी द्वारा मास्को पर संभावित पूर्वव्यापी हमले की अनुमति संबंधी टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मास्को ने इसे बेहद गैर-जिम्मेदाराना बयान बताया है और कहा है कि ऐसे वक्तव्य सीधे तौर पर यूरोप और पश्चिमी देशों की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं।

रूस के विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि ऐसी भाषा न केवल तनाव बढ़ाती है बल्कि यूक्रेन संकट को सुलझाने की मौजूदा कोशिशों को भी कमजोर करती है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने यह प्रतिक्रिया नाटो मिलिट्री कमेटी के चेयर और इटली के एडमिरल ग्यूसेप्पे कैवो ड्रागोने के उस इंटरव्यू पर दी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कुछ परिस्थितियों में रूस पर पूर्वव्यापी हमले को डिफेंसिव एक्शन माना जा सकता है। यह इंटरव्यू लंदन की फाइनेंशियल टाइम्स को दिया गया था। जखारोवा ने कहा कि ड्रागोने का बयान पूरी तरह उकसाने वाला है और इसे नाटो की रूस के खिलाफ आक्रामक नीति के संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए।

# पाक सरकार ने इमरान समर्थकों के सामने टेके घुटने

## पाकिसतान के पूर्व पीएम की बहन उजमा खातून को जेल में मुलाकात की इजाजत मिली



73 साल के पूर्व क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान अगस्त 2023 से कई मामलों में जेल में हैं

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान सरकार ने मंगलवार को इमरान खान की बहन को जेल में उनसे मिलने की इजाजत दे दी है। सरकार की ओर से यह फैसला तब लिया गया है जब उनकी सेहत को लेकर लगाई जा रही अटकलों के बाद रावलपिंडी की अदियाला जेल के बाहर बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक जमा हो गए थे। 73 साल के पूर्व क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान अगस्त 2023 से कई मामलों में जेल में हैं।


पिछले एक महीने से उनसे किसी को मिलने की इजाजत नहीं दी गई है। लंबे समय से इमरान खान से उनके परिजनों को पाकिस्तान सरकार मिलने नहीं दे रही थी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख से उनके परिवारवालों के लगातार मिलने से मना करने के कारण सोशल मीडिया पर यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि वह जिंदा हैं या मर गए। हालांकि अदियाला जेल अधिकारियों ने दावा किया कि उनकी सेहत अच्छी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान खान को लगभग एक महीने बाद उनकी बहन डा. उजमा खान से मिलने की इजाजत दी गई है। बताया जा रहा है कि जेल प्रशासन ने डा. उजमा को जेल परिसर के अंदर बुलाया है। जहां वह इमरान खान से मुलाकात करेंगी। अदियाला जेल के बाहर इमरान खान के समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद हैं। बहन से मुलाकात के बाद इमरान खान की सेहत की जानकारी सामने आएगी। वहीं दूसरी ओर पीटीआई ने एक बयान में कहा कि इमरान खान की एक बहन डा. उजमा खान को उनसे मिलने की इजाजत दी गई, लेकिन देखते हैं कि सरकार अपना वादा पूरा करती है या नहीं। इस बीच, पंजाब सरकार ने पीटीआई के विरोध को रोकने के लिए अदियाला रोड पर पूरी रावलपिंडी पुलिस फोर्स तैनात कर दी। सरकार ने पहले ही रावलपिंडी और इस्लामाबाद में धारा 144 लगा दी है। रावलपिंडी के आठ पुलिस स्टेशनों के स्टेशन हाउस आफिसर और सीनियर अधिकारी अदियाला जेल के बाहर मौजूद हैं। पंजाब सरकार के एक अधिकारी ने बताया, आठ किलोमीटर का इलाका पूरी तरह से सील कर दिया गया है।

### भारत से आयात बढ़ाने पर काम कर रहा रूसः पेस्कोव

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से पहले उनके प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को कहा कि भारत के साथ व्यापार असंतुलन के बारे में रूस अवगत है और उनका देश भारत से आयात बढ़ाने पर काम कर रहा है। पेस्कोव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रूस की सरकारी समाचार एजेंसी स्पूतनिक द्वारा यहां आयोजित एक प्रेस वार्ता में यह भी कहा कि पुतिन सरकार डॉलर से इतर व्यापार के विकल्प के समर्थन में है। उन्होंने रूसी तेल की बिक्री पर अमेरिकी प्रतिबंध को अवैध बताया। उन्होंने कहा कि इस समय दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 63 अरब डॉलर का है जिसे साल 2030 तक बढ़ाकर 100 अरब डॉलर का करने का लक्ष्य है।

# वेनेजुएला पीएम मादुरो को ट्रम्प की चेतावनी

## अमेरिका के राष्ट्रपति ने फोन करके कहाः देश छोड़ दें, अमेरिका-वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ा



अमेरिका ने मादुरो उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस और उनके बेटे को सुरक्षित रास्ता देने का प्रस्ताव रखा था

**वाशिंगटन।** अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव एक बार फिर खतरे की रेखा पार करता दिख रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो से फोन पर बात की और उन्हें तीखा अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि वह तुरंत देश नहीं छोड़ते, तो हालात और गंभीर हो जाएंगे।

ट्रम्प की यह चेतावनी ऐसे समय आई है जब कैरेबियन क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी बढ़ चुकी है और दोनों देशों के रिश्ते पहले से ही बेहद तनावपूर्ण हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, फोन काल के दौरान ट्रम्प ने मादुरो से साफ कहा कि आप खुद को और अपने करीबियों को बचा सकते हैं, लेकिन आपको अभी देश छोड़ना होगा। अमेरिका ने मादुरो, उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस और उनके बेटे को सुरक्षित रास्ता देने का प्रस्ताव रखा था। यह प्रस्ताव मादुरो के कई शीर्ष सहयोगियों तक भी बढ़ाया गया था। लेकिन मादुरो ने इसे ठुकरा दिया। वेनेजुएला की तरफ से दो मुख्य मांगें रखी गईं। पहली, मादुरो और उनके करीबी सर्कल के लिए वैश्विक माफी और दूसरी, वेनेजुएला की सेना पर पूरा नियंत्रण बनाए रखने का अधिकार। अमेरिका ने इन दोनों मांगों को मंजूर करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद बातचीत पूरी तरह टूट गई। ट्रम्प ने रविवार को स्वीकार किया कि उन्होंने हाल ही में मादुरो से बात की है, लेकिन उन्होंने बातचीत की प्रकृति पर कोई जानकारी देने से मना कर दिया। इसके कुछ ही घंटे बाद उन्होंने दुनिया को चेतावनी दी कि वेनेजुएला का एयरस्पेस पूरी तरह बंद माना जाए। उनकी इस घोषणा के तुरंत बाद अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों ने वेनेजुएला के ऊपर से उड़ान भरना बंद कर दिया। फ्लाइटराडार 24 के मुताबिक, देश के ऊपर एक भी विदेशी विमान नहीं देखा गया। कुछ एयरलाइंस ने वैकल्पिक रास्ते अपनाए, जबकि कई ने सेवाएं रोक दीं। रिपोर्ट के अनुसार, काल 16 नवम्बर को हुई थी। इसमें मादुरो ने दो बड़े आश्वासन मांगे पहला, कि उन्हें और उनकी टीम को किसी भी मौजूदा आरोपों से वैश्विक स्तर पर पूरी तरह माफी मिले। दूसरा, वेनेजुएला की सेना पर उनका नियंत्रण बना रहे, भले ही भविष्य में देश में स्वतंत्र चुनाव हों। अमेरिका ने इन दोनों शर्तों को सख्ती से खारिज कर दिया और कहा कि मादुरो को पद तुरंत छोड़ना होगा। बताया गया कि मादुरो सरकार ने अमेरिकी प्रशासन से दोबारा बातचीत की कोशिश की लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति मादुरो और उनकी शासन व्यवस्था पर अब तक का सबसे बड़ा दबाव बना रही है।



